राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 193
लखनऊ, मंगलवार 17 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पूर्व विधायक के रोजा इफ्तार कार्यक्रम में उमड़ा सैलाब 09
सीएचसी में अव्यवस्थाओं पर भड़के डिप्टी सीएम 03

# 90,000 परिवारों का अपने पक्के घर का सपना साकार

**सीएम योगी ने भेजी सिंगल क्लिक के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में अनुदान राशि की प्रथम किस्त**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत प्रदेश के 90,000 लाभार्थियों को डिजिटल माध्यम से सिंगल क्लिक कर लाभार्थियों के खातों में अनुदान की प्रथम किस्त की धनराशि का सफलतापूर्वक हस्तांतरण किया और उन्हें आवास प्रारंभ किए जाने के लिए बड़ी सौगात दी।

इस अवसर पर सीएम ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश योजना के अंतर्गत 21 लाख 35 हजार आवास स्वीकृत कराकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

कार्यक्रम में सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार का लक्ष्य हर पात्र परिवार को पक्की छत उपलब्ध कराना है। उन्होंने लाभार्थियों को बधाई देते हुए अपील की कि वे इस धनराशि का उपयोग समयबद्ध तरीके से अपने आवास निर्माण में करें ताकि योजना के अगले चरणों का लाभ भी उन्हें शीघ्र मिल सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण को लागू करने और लाभार्थियों को लाभ पहुँचाने में अग्रणी राज्यों की सूची में न सिर्फ अपनी स्थिति और मजबूत कर चुका है बल्कि देश में प्रथम स्थान पर भी है। यह आवासीय योजना महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय भी लिख रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से मिलने वाले आवासों का मालिकाना हक महिलाओं को मिलने से उनकी समाजिक व आर्थित स्थिति पहले से मजबूत हुई है। सीएम ने कहा कि योजना के लाभार्थियों के पक्के आवास सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाओं से युक्त होंगे। इतना ही नहीं जनपद स्तर इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि पात्रों को आवास निर्माण की सामग्री सस्ते दामों पर मिल सके।



### गरीबों को उनके सपनों का मिला घर

कार्यक्रम में उप मुख्यंत्री ब्रजेश पाठक ने उपस्थित जनसमूह से सीधा संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ देने का काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से शहरी गरीबों को उनके सपनों का घर मिल रहा है। सालों तक इन लोगों के लिए अपने घर का सपना सिर्फ सपना ही था, भाजपा सरकार से पहले किसी ने भी इनके विषय में नहीं सोचा था।

### स्मार्टफोन बच्चों के लिए खतरनाक, मातृशक्ति रहे सावधान

**जालोर।** सीएम योगी ने कहा कि छोटी उम्र के बच्चों को रोने या नाराज होने देना बेहतर है, लेकिन उन्हें स्मार्टफोन देना उचित नहीं है। स्मार्टफोन का अत्यधिक प्रयोग समय की बर्बादी के साथ-साथ आंखों को नुकसान पहुंचाने के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर डालता है और यह डिप्रेशन जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है। मुख्यमंत्री सोमवार को जालौर में स्थित श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर (सिरे मंदिर) के 375 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय महायज्ञ एवं विशाल धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन के कई गेम बच्चों और युवाओं को नकारात्मक दिशा की ओर ले जा रहे हैं। यदि बच्चे इसी समय को अच्छी पुस्तकों के अध्ययन, योग और व्यायाम में लगाएं तो उनका जीवन अधिक व्यवस्थित और सकारात्मक बन सकता है। योगी ने युवा पीढ़ी को सलाह दी कि स्मार्टफोन का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करें और परिवार के लिए समय अवश्य निकालें।

### समस्त जनपदों में सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से कराया जा चुका है मुक्त

सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के समस्त जनपदों में सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराया जा चुका है। फिर भी यदि किसी सरकारी भूमि पर कब्जा है तो उसे हटाकर वहां पर भी गरीबों के लिए आवास बनाए जाएं, जिससे ऐसे लोग जिनके पास अपनी जमीन नहीं है उनका भी अपना घर बनाने का सपना पूरा हो सके। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने लखनऊ की सीमा देवी, रूबी गुप्ता, आराधना श्रीवास्तव, अंजू देवी, सीतापुर की रेनू वर्मा, रूचि वर्मा, संजीवनी सिंह, बाराबंकी की सरिता देवी, शबाना रिजवी, सोनी, उन्नाव निवासी पिंकी वर्मा, मोनिका गौतम, अर्चना देवी, रायबरेली की चांदनी भट्ट, रेनू देवी, हरदोई सोनी, दीप्ति कुमार, रेनू मिश्रा व रायबरेली निवासी सुनील कुमार को आवास स्वीकृत के प्रमाण पत्र भी दिए।

## ओडिशा के एससीबी मेडिकल कॉलेज में आग लगने से 10 मरीजों की मौत

**25 लाख रुपये अनुग्रह राशि की घोषणा**

**एजेंसी, भुवनेश्वर।**

ओडिशा में कटक जिले के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के ट्रॉमा केयर आईसीयू में सोमवार को आग लगने की एक दुखद घटना में 10 मरीजों की मौत हो गई जबकि 13 अन्य मरीज घालय हो गए जिनका वर्तमान में आईसीयू में इलाज चल रहा है।

घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग के साथ अस्पताल पहुंचे। मुख्यमंत्री ने आग लगने के कारणों की न्यायिक जांच के आदेश दिए और मृतकों के परिजनों के लिए 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। श्री मांझी के अनुसार, आग लगने का कारण अस्पताल की पहली मंजिल पर स्थित ट्रॉमा केयर आईसीयू में शॉर्ट सर्किट होना माना जा रहा है। यह अस्पताल ओडिशा के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में से एक है। जानकारी के अनुसार आग बगल के आईसीयू और वार्ड में भी फैल गई।



घटना के समय, ट्रॉमा केयर आईसीयू में 23 मरीजों का इलाज चल रहा था। इनमें से 10 मरीजों की अस्पताल के अन्य आईसीयू यूनिटों में स्थानांतरित करते समय मौत हो गई जबकि शेष 13 मरीजों को बचा लिया गया और उनका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही दमकलकर्मी तुरंत अस्पताल पहुंचे और आग पर काबू प्राप्त किया। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,57,570/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,44,450/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,18,220/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,70,000/किग्रा |



# होर्मुज से एलपीजी लेकर गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंचा भारतीय जहाज शिवालिक

**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।**

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत के लिए राहत देने वाली खबर सामने आई है। खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर भारतीय ध्वज वाला शिवालिक जहाज 45,000 मीट्रिक टन लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर गुजरात के मुंद्रा पोर्ट बंदरगाह पहुंच गया है। दूसरा जहाज नंदा के भी जल्द आने के बाद देश में रसोई गैस की किल्लत कम होने के आसार हैं।

इजराइल और अमेरिका के ईरान पर संयुक्त हमले के चलते हॉर्मुज जलडमरूमध्य में फंसा भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर शिवालिक शिवालिक 45,000 टन एलपीजी लेकर सोमवार को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर सुरक्षित पहुंच गया है। युद्ध क्षेत्र से सुरक्षित निकले इस जहाज से देशभर में चल रहा एलपीजी संकट दूर होने की उम्मीद है। इससे पहले जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया था कि भारतीय ध्वज वाला एलपीजी वाहक शिवालिक शाम 5 बजे पहुंच जाएगा। कुमार ने कहा कि इसके आगमन से पहले मुद्रा बंदरगाह पर दस्तावेजीकरण, प्राथमिकता बर्थिंग और सब कुछ व्यवस्थित कर दिया गया है, ताकि माल के निर्वहन में कोई देरी न हो। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में कोई घटना सामने नहीं आई है और हम स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। हम प्रत्येक जहाज और उसके चालक दल के संपर्क में हैं। कुमार ने कहा कि 611 भारतीय नाविकों के साथ 22 भारतीय ध्वज वाले जहाज फारस की खाड़ी में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पश्चिम में बने हुए हैं। होर्मुज जलमार्ग बंद होने के कारण एलपीजी से भरे जहाज वहां फंसे हुए थे। भारत सरकार के सफल कूटनीतिक प्रयासों से भारत के विदेश मंत्रालय और ईरानी विदेश मंत्रालय ने इस मामले को लेकर बातचीत की थी।



### सरकार ने फिर दोहराया देश में कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं

केन्द्र सरकार पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच देश में ऊर्जा सुरक्षा, व्यापारिक जहाजों के सुरक्षित निकासी और भारतीयों की स्वदेश वापसी के प्रयास कर रही है। सरकार ने फिर दोहराया कि देश में कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं है और वितरण एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को सप्लाई लगातार मिल रही है और डिस्ट्रीब्यूटर-लेवल पर कहीं भी स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि अब लगभग 90 प्रतिशत एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन ही की जाती हैं और 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' का इस्तेमाल बढ़कर 72 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

## रसोई गैस : सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच नोक-झोंक

**नड्डा बोले, विपत्ति के समय भी लोगों को भड़का रही कांग्रेस**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने पश्चिम एशिया संकट के कारण देश में रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित होने का मुद्दा सोमवार को सदन में उठाया जिस पर नेता सदन जगत प्रकाश नड्डा ने यह कहते हुए विरोध किया कि कांग्रेस विपत्ति के समय भी राजनीति कर लोगों को भड़का रही है।

खड़गे ने शून्य काल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि देश में रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण हाहाकार मचा है और इससे विशेष रूप से गरीब, मध्यम वर्ग तथा छोटे रेस्तरां प्रभावित हुए हैं।

उन्होंने कहा कि भारत अपनी जरूरत की 60 प्रतिशत रसोई गैस आयात करता है और इसमें से भी 90 प्रतिशत होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आती है। खड़गे ने कहा कि आपूर्ति प्रभावित होने से सामुदायिक किचन बंद करने पड़ रहे हैं और सिलेंडर की कीमत भी बढ़ गई है।



उन्होंने कहा कि सरकार यह दावा कर रही है कि देश में गैस सिलेंडर की कमी नहीं है और लोग अफवाहों पर ध्यान न दें तो फिर यह लाइन क्यों लग रही है।

उन्होंने कहा कि पश्चिमी एशिया संकट के मध्य नजर जब सरकार वहां रह रहे भारतीयों के लिए परामर्श जारी कर रही थी तो आपूर्ति के लिए भी वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई और आपूर्ति क्यों नहीं बढ़ाई गई। सदन के नेता नड्डा ने कहा कि यह शून्य काल है और इसमें हर सदस्य को तीन मिनट का समय अपनी बात कहने के लिए दिया जाता है लेकिन खरगे नेता विपक्ष होने के बावजूद नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

सभापति द्वारा खरगे को अतिरिक्त समय दिए जाने के बावजूद उनके बोलते रहने पर नड्डा ने कहा कि यह वैश्विक विपत्ति का समय है और इसमें भारत की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस विपत्ति के समय भी राजनीति करने से बाज नहीं आ रही है।

उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सदन में पूरी स्थिति की जानकारी दी है लेकिन कांग्रेस के सदस्यों ने उसे समय उनकी बातों को नहीं सुना। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश में शांतिपूर्ण स्थिति को भड़काकर अराजकता लाने का प्रयास कर रही है यह बहुत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एक नेता सिलेंडर की जमाखोरी के मामले में भी पकड़ा गया है। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सदस्य जोर-जोर से एक दूसरे का प्रतिवाद करते रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ममता कालिया को साहित्य अकादमी पुरस्कार का ऐलान

**नई दिल्ली।** हिंदी की वरिष्ठ कथाकार ममता कालिया को साल 2025 का साहित्य अकादमी पुरस्कार देने की घोषणा हुई है। ममता कालिया को यह पुरस्कार उनके संस्मरण 'जीते जी इलाहाबाद' के लिए दिया गया है। साहित्य अकादमी की तरफसे जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक अकादमी द्वारा मान्यता प्राप्त 24 भारतीय भाषाओं में वार्षिक साहित्य अकादमी पुरस्कार दिए जाएंगे। इन पुरस्कारों में आठ कविता संग्रह, चार उपन्यास, छह कहानी संग्रह, दो निबंध, एक साहित्यिक आलोचना, एक आत्मकथा और दो संस्मरण पुस्तकें शामिल हैं। साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 की प्रक्रिया जनवरी 2025 में शुरू हुई और 30 जनवरी 2025 को एक विज्ञापन जारी किया गया। साहित्य अकादमी पुरस्कार की घोषणा के बाद लेखिका ममता कालिया ने फेसबुक पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि दोस्तो धन्यवाद,शुक्रिया।

### श्री हेमकुंड साहिब के कपाट 23 मई को खुलेंगे

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य में स्थित पवित्र तीर्थ श्री हेमकुंड साहिब के कपाट इस वर्ष 23 मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।यह जानकारी श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने सोमवार को सचिवालय में मुख्य सचिव आनंद बर्धन से शिष्टाचार भेंट के दौरान दी है। मुख्य सचिव से भेंट के दौरान श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने आगामी यात्रा व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी लेते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यात्रा के सुचारु संचालन के लिए स्थानीय प्रशासन को भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### अभिनेत्री जैकलिन ने अपनी मां की अस्थियों को गंगा में किया विसर्जित

**वाराणसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडीज ने सोमवार को यहां गंगा नदी में अपनी मां की अस्थियों का विधि-विधान से विसर्जन किया। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडीज ने कहा कि मन से धार्मिक हूँ और यही कारण है कि मां की अस्थियों को गंगा की बीच धारा में विसर्जित किया है। वाराणसी में धार्मिक माहौल है और यहां मोक्ष मिलता है।

## राज्यसभा चुनाव : बिहार की सभी 5 सीट पर राजग गठबंधन का कब्जा

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए हुए चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने सभी सीटों पर कब्जा कर लिया है। इस जीत के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, शिवेश राम, रामनाथ ठाकुर और उपेंद्र कुशवाहा विजयी रहे। बिहार में पांच सीटों के लिए संपन्न हुए राज्यसभा चुनावों में राजग ने सभी पांचों सीटों पर जीत हासिल की।

दूसरी ओर असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम और बसपा के समर्थन के बावजूद महागठबंधन ज़रूरी 41 का आंकड़ा नहीं जुटा पाया। इस जीत पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने ऐलान किया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन राज्यसभा पहुंच गए हैं।

जानकारी के अनुसार, चुनाव में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन को 44-44 मत मिले। वहीं रामनाथ ठाकुर और उपेंद्र कुशवाहा को 42-42 वोट मिले हैं। पांटवीं सीट के लिए पहली वरीयता में भाजपा उम्मीदवार शिवेश राम को 30 वोट मिले थे। हालांकि दूसरी वरीयता में शिवेश राम ने राजद के एडी सिंह को हरा दिया । एडी सिंह को 37 वोट मिले हैं। हालांकि राजद विधायक सर्वजीत ने दावा किया है कि उन्हें 38 वोट मिले हैं।

### ईरान युद्ध का स्थायी अंत चाहता है, देश जल्द ही जीत का जश्न मनाएगा : अराघची



**एर्जेसी, तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान अपनी भूमि पर अमेरिका और इजरायल के साथ जारी युद्ध का स्थायी अंत चाहता है और उम्मीद है कि देश जल्द ही विजय का जश्न मनाएगा। श्री अराघची ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ईरान ने अपने विरोधियों को कोई संदेश नहीं भेजा है और न ही संघर्षविराम की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष इस तरह समाप्त होना चाहिए कि भविष्य में दुश्मन दोबारा इस प्रकार की आक्रामक कार्रवाई करने का साहस न कर सकें। उन्होंने कहा कि ईरान युद्ध का इच्छुक नहीं है, लेकिन वह चाहता है कि मौजूदा संघर्ष का अंत इस तरह हो जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति की संभावना ही समाप्त हो जाए।

## केवी व नवोदय में 13 हजार शिक्षकों के पद खाली

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

देशभर के केंद्रीय विद्यालयों (केवी) और जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) में 13,701 शिक्षकों के पद खाली हैं।

शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने एक लिखित प्रश्न के उत्तर में बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) और नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, केवीएस में 8,618 और एनवीएस में 5,083 शिक्षकों के पद रिक्त हैं। उन्होंने बताया कि नए केंद्रीय और नवोदय विद्यालयों के खुलने, कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने, इस्तीफे, पदोन्नति, तबादले और अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति पर जाने और स्कूलों के अपग्रेड होने की वजह से समय-समय पर रिक्तियां उत्पन्न होती रहती हैं। खाली पदों को भरना एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है और केवीएस और एनवीएस के संबंधित भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार इन पदों को भरने की कोशिश की जाती है। मंत्री ने बताया कि केवीएस और एनवीएस द्वारा कुछ समय के लिए अनुबंध के आधार पर भी टीचर रखे जाते हैं, ताकि पढ़ाई-लिखाई की प्रक्रिया में कोई रुकावट न आए। रेगुलर टीचरों की भर्ती जल्द से जल्द करने की कोशिश की जाती है, ताकि छात्रों के हितों को कोई नुकसान न पहुंचे। पिछले कुछ सालों में केवी और एनवी द्वारा लगातार हासिल किए गए ऊंचे रिज़ल्ट साफ़ तौर पर दिखाते हैं कि पढ़ाई के स्तर और छात्रों के प्रदर्शन को ठीक से बनाए रखा गया है और उनके साथ कोई समझौता नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि नवंबर 2025 में प्रत्यक्ष भर्ती के लिए केवीएस ने 8,714 और एनवीएस ने 5,045 शिक्षकों के पदों के लिए अधिसूचना जारी की थी।



### डाक विभाग आज से शुरू करेगा '24 स्पीड पोस्ट' सेवा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया डाक विभाग की '24 स्पीड पोस्ट' सेवा का मंगलवार, 17 मार्च को शुभारंभ करेंगे। इसके तहत जरूरी पार्सल अगले दिन पहुंचाने का वादा किया गया है। प्रथम चरण में यह सेवा देश के छह बड़े शहरों में शुरू की जाएगी। केंद्रीय संचार मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि '24 स्पीड पोस्ट' सेवा के तहत अत्यावश्यक और समयबद्ध पार्सल की अगले दिन गारंटीकृत डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी। सरकार के मुताबिक यह सेवा पहले चरण में दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में शुरू की जाएगी। साथ ही '24' और '48 स्पीड पोस्ट' सेवाएं क्रमशः डी+1 (डिस्पैच के अलगे दिन डिलेवरी) और डी+2 (डिस्पैच के दो दिन में डिलिवरी) डिलीवरी टाइमलाइन सुनिश्चित करेंगी।

## इच्छामृत्यु की अनुमति के बाद चिकित्सीय परामर्श के साथ आध्यात्म का भी सहारा ले रहा हरीश का परिवार

**गाजियाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उच्चतम न्यायालय द्वारा इच्छामृत्यु की अनुमति दिए जाने के बाद 31 वर्षीय हरीश राणा के परिवार ने उन्हें अंतिम विदायी देने के लिए चिकित्सा परामर्श के साथ-साथ आध्यात्मिक मार्गदर्शन का भी सहारा लिया है।

राणा 12 साल से अधिक समय से कोमा में हैं। राणा को गाजियाबाद स्थित उनके घर से दिल्ली के एक अस्पताल ले जाया जाएगा, जहां वह अंतिम सांस लेंगे। राणा भारत में निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति हैं। पिछले सप्ताह अपने ऐतिहासिक फैसले में उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को यह भी निर्देश दिया कि जीवन रक्षक प्रणाली को एक सुनियोजित तरीके से हटाया जाए ताकि व्यक्ति की गरिमा का ध्यान रखा जा सके। हालांकि यह प्रक्रिया कब और कैसे आगे बढ़ेगी, इसके सटीक विवरण अभी स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन राणा का परिवार उन्हें अंतिम विदाई देने की तैयारी कर रहा है। राणा 2013 में चौथी मंजिल की बालकनी से गिर गये थे और उन्हें सिर में गंभीर चोटें आई थीं।



तब से वह कोमा में हैं। सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित एक वीडियो में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की एक सदस्य राणा के गाजियाबाद स्थित घर पर उनके माथे पर तिलक लगाते हुए और यह कहते हुए दिखायी दे रही हैं कि सबको माफकरते हुए, सबसे माफी मांगते हुए, सो जाओ...ठीक है...। हृदय विदारक इस वीडियो में रिश्तेदार प्रार्थना करते हुए दिखाई दे रहे हैं। माउंट आबू स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मीडिया शाखा के ब्रह्म कुमार (बीके) कोमल ने सोमवार को फोन पर बताया कि परिवार आध्यात्मिक रूप से काफी झुकाव वाला रहा है, जिसने उन्हें हरीश की इस स्थिति में देखभाल करने के कठिन 13 वर्षों के दौरान काफी हिम्मत दी है। उन्होंने कहा कि हालांकि दंपति का एक और बेटा है, लेकिन बढ़ती उम्र ने उनमें इस बात की चिंता पैदा कर दी थी कि उनके न रहने पर हरीश की देखभाल कौन करेगा।

**तैयारी** | एआई की रेस में यूपी को आगे बढ़ाएंगे डेटा सेंटर पार्क

# आठ शहरों में विकसित होंगे डेटा सेंटर पार्क

**2 लाख करोड़ के निवेश के प्रस्ताव, बड़ी कंपनियां दिखा रहीं रुचि**

**900 मेगावाट बिजली आपूर्ति और नई नीति से डेटा सेंटर उद्योग को मिलेगा बल**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** योगी सरकार प्रदेश को देश का प्रमुख डिजिटल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई हब बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। इसी रणनीति के अंतर्गत प्रदेश में 8 डेटा सेंटर पार्क विकसित किए जाने की योजना तैयार की गई है। इन परियोजनाओं के माध्यम से बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रोद्योगिकी विशेषज्ञों का कहना है कि डेटा सेंटर पार्कों के विकास से उत्तर प्रदेश देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही आने वाले समय में एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग और डिजिटल सेवाओं से जुड़ी कंपनियों के लिए यह एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा।सरकार की योजना के अनुसार इन डेटा सेंटर पार्कों को नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और आगरा जैसे प्रमुख शहरों में विकसित किया जाएगा। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र में जमीन की पहचान और आवंटन की प्रक्रिया काफी आगे बढ़ चुकी है।

कुछ कंपनियों को जमीन आवंटित भी की जा चुकी है, जबकि अन्य स्थानों पर भूमि चिन्हांकन और मास्टर प्लान तैयार करने का काम जारी है।डेटा सेंटर क्षेत्र में निवेश के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने रुचि दिखाई है। एचसीएल, अडानी ग्रुप, एनटीटी डेटा, योट्टा इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टर्लाइट टेक्नोलॉजीज और सिफी टेक्नोलॉजीज जैसी कंपनियां प्रदेश में निवेश की दिशा में आगे आईं हैं। इन कंपनियों की ओर से करीब 2 लाख करोड़ रुपये तक के निवेश प्रस्ताव सामने आए हैं। कई परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन भी हस्ताक्षरित किए जा चुके हैं और कुछ परियोजनाएं निर्माण की दिशा में अग्रसर हो रहीं हैं। डेटा सेंटर के संचालन के लिए बड़े पैमाने पर बिजली की आवश्यकता होती है। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार ने लगभग 900 मेगावाट बिजली की मांग को पूरा करने की योजना बनाई है। इसके लिए नए सब स्टेशन स्थापित किए जाएंगे, ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा और डेटा सेंटर पार्कों को समर्पित बिजली आपूर्ति की जाएगी। योगी आदित्यनाथ सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए डेटा सेंटर नीति के अंतर्गत कई प्रोत्साहन भी तय किए हैं। इसमें पूंजीगत सब्सिडी, बिजली शुल्क में रियायत, स्टांप ड्यूटी में छूट और बुनियादी ढांचे के विकास में सरकारी सहयोग शामिल है। 8 डेटा सेंटर पार्कों के विकसित होने से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़ी संख्या में रोजगार सृजित होंगे। लगभग 50 हजार प्रत्यक्ष रोजगार और बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है।

## पति से बात करने के बाद पत्नी ने लगाई फांसी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** तरब गंज थाना क्षेत्र में एक पत्नी ने पति से बात करने के बाद फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। तरब गंज थाना क्षेत्र के भिखारी पुर ग्राम के निवासी शिव कुमार की पुत्री 20 वर्षीय रीमा ने घर पर फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। मृतका के पिता शिव कुमार ने बताया कि उस ने अपने पुत्री की शादी कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के दुफोड़िया निवासी शशि प्रकाश से नवंबर 2025 में किया था। होली की त्योहार में मायके चली आई थी।तभी से यही मायके पर ही रह थी। मृतका के पिता शिव कुमार ने बताया कि उस की पुत्री रीमा अपने पति से रविवार के दिन बात किया था।

# माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद में महिलाओं की समस्याओं पर आयुक्त सख्त

- महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध : मंडलायुक्त
- सार्वजनिक रास्ते पर कब्जे की शिकायत पर एसडीएम सदर को जांच के निर्देश
- जालसाजी कर संपत्ति हड़पने के प्रयास की शिकायत पर पुलिस को कार्रवाई का आदेश



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में सोमवार को मंडल मुख्यालय स्थित आयुक्त कार्यालय में माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं की विशेष जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आई चार महिलाओं ने अपनी समस्याएं मंडलायुक्त के समक्ष रखीं। मंडलायुक्त ने सभी प्रार्थनाओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा कहा कि महिलाओं की समस्याओं का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम सुरती पुरवा, मौजा रामनगर तरतर, थाना कोतवाली देहात निवासी सूर्यकला देवी पत्नी भवानी भीख ने मंडलायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके घर तक जाने वाला रास्ता गांव का सार्वजनिक मार्ग है, जो गांव से बाहर निकलता है। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों द्वारा उक्त सार्वजनिक रास्ते पर अवैध रूप से टीन शेड रखकर कब्जा कर लिया गया है, जिससे उनके परिवार को आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रार्थिनी ने बताया कि जब भी वह या उनका परिवार उस रास्ते से गुजरने का प्रयास करता है तो विपक्षीगण उन्हें लाठी लेकर मारने की धमकी देते हैं और रास्ते से गुजरने से मना करते हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उनके पति द्वारा पूर्व में भी प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी जा चुकी है, किंतु अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मंडलायुक्त ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि प्रकरण की जांच कर एक सप्ताह के भीतर विस्तृत आख्या मंडलायुक्त कार्यालय को प्रेषित करें तथा यदि सार्वजनिक मार्ग पर अवैध कब्जा पाया जाए तो उसे तत्काल हटवाकर पीड़िता को न्याय दिलाया जाए। इसी प्रकार जनसुनवाई में बहराइच के पयागपुर के पचदेवरा निवासिनी फुलझरा ने जालसाजी कर संपत्ति हड़पने के प्रयास की शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई। प्रार्थिनी ने बताया कि उसकी माता की मृत्यु के उपरांत जमीन का बैनामा उसके नाम किया गया था, लेकिन विपक्षीगणों द्वारा कथित रूप से फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र तैयार कराकर संपत्ति पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। महिला का आरोप है कि शिकायत करने के बावजूद अभी तक पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मंडलायुक्त ने पुलिस अधीक्षक गोंडा को निर्देशित किया कि प्रकरण की गहन जांच कराई जाए तथा यदि जालसाजी और अवैध कब्जे का मामला सही पाया जाए तो दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने एक सप्ताह के भीतर जांच आख्या उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, ताकि पीड़ित महिलाओं को समयबद्ध और प्रभावी न्याय मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

कार्यक्रम के दौरान अपर आयुक्त मीनू राणा सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अन्तर्जनपदीय गैंग के 4 अभियुक्त गिरफ्तार

- कब्जे से 5 अदद ट्रैक्टर बरामद



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** दिनांक 30.06.2025 को वादी अनीश कुमार पुत्र हंशराज निवासी ग्राम तुलसीपुर माझा थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि उनका ट्रैक्टर स्वराज 735 (पंजीकरण संख्या UP43BJ5168) दिनांक 23.10.2024 को ग्राम पूरे बसावल पुर्वा थाना सदर जनपद प्रतापगढ़ के निवासी दुर्गेश सिंह, अनूप सिंह, शक्ति सिंह पुत्रगण बेचन तथा कुलदीप सिंह पुत्र अखिलेश सिंह रेलवे में कार्य कराने के नाम पर ?25,000 प्रतिमाह किराये पर ले गये तथा ट्रैक्टर के समस्त कागजात भी अपने साथ ले गये। प्रारम्भ में 03 माह का अग्रिम किराया 75,000 दिया गया, किन्तु बाद में किराया देना बंद कर दिया गया तथा ट्रैक्टर वापस नहीं किया गया । इसी प्रकार अभियुक्तगण द्वारा अन्य व्यक्तियों के ट्रैक्टर भी रेलवे कार्य में लगाने के बहाने किराये पर लेकर हड़प लिये गये, जिनका विवरण निम्न है–छोटू यादव निवासी तुलसीपुर माझा, गोण्डा का ट्रैक्टर (मॉडल 2024), हृदयराम निवासी तुलसीपुर माझा, गोण्डा का ट्रैक्टर स्वराज 735, श्रीमती प्रभावती निवासी ग्राम बरगदी नसीराबाद थाना सदर जनपद अमेठी का ट्रैक्टर दिनांक 03.01.2025 को रेलवे में कार्य कराने के नाम पर 25,000 प्रतिमाह किराये पर लेकर 03 माह का अग्रिम किराया दिया गया, किन्तु बाद में किराया देना बंद कर दिया गया तथा ट्रैक्टर वापस नहीं किया गया । जिसके बाद दिनांक 06.06.2025 को जब पीड़ितगण किराया एवं अपने-अपने ट्रैक्टर वापस लेने हेतु अभियुक्त दुर्गेश सिंह के घर स्कूटर इंडिया चौराहा, लखनऊ पहुँचे, तो अभियुक्तगण द्वारा गाली-गलौज करते हुए धमकी दी गई कि न तो किराया मिलेगा और न ही ट्रैक्टर वापस किया जाएगा। इसके बाद पीड़ितों द्वारा अपने-अपने ट्रैक्टरों की काफी खोजबीन की गई, किन्तु कोई पता नहीं चल सका, जिससे प्रतीत होता है कि अभियुक्तगण द्वारा ट्रैक्टरों को हड़प कर अन्यत्र बेच दिया गया है । उक्त आवेदकों श्री अनीश कुमार, श्री छोटू कुमार, श्री हृदयराम व श्रीमती प्रभावती द्वारा नवाबगंज पर विभिन्न तिथियों में प्राप्त तहरीरों के आधार पर सुसंगत धाराओं में क्रमशः मु0अ0सं0- 223/2025, मु0अ0सं0- 224/2025, मु0अ0सं0- 226/2025 तथा मु0अ0सं0- 314/2025 पंजीकृत किए गए थे। पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा उक्त घटनाओं का संज्ञान लेते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन करते हुए थाना नवाबगंज पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । इसी क्रम में थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियोगों की विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्त कुलदीप सिंह को उसके घर पुरेवसावन थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ से गिरफ्तार किया गया, तथा कुलदीप की निशानदेही पर अभियुक्त सुभाष चन्द यादव, राम जी शर्मा व संदीप यादव को बख्शी का तालाब जनपद लखनऊ से गिरफ्तार कर उनके कब्जे/निशानदेही पर 05 ट्रैक्टर बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## आज पूर्वान्ह 11:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक बाधित रहेगी विद्युत व्यवस्था

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** 220/33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, जेल रोड, गोण्डा के अंतर्गत समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.03.2026 दिन-मंगलवार को अनुरक्षण माह के अन्तर्गत स्विचयार्ड में उपकरणों के अनुरक्षण एवं मरम्मत का कार्य किया जाना है, जिसके अंतर्गत 220/33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, जेल रोड, गोण्डा की विद्युत आपूर्ति दिनांक 17.03.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक बाधित रहेगी। उक्त के सम्बन्ध में समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को उक्तानुसार सूचित करते हुए अनुरोध किया जाता है कि उपरोक्त के दृष्टिगत यथावश्यकता वैकल्पिक व्यवस्था करने का कष्ट करें।

## ऑल इण्डिया सेन्ट्रल कांउसिल ऑफ ट्रेड यूनियन (एक्टू) जनपद गोण्डा ने सौंपा दो सूत्रीय ज्ञापन



- भर्ती प्रक्रिया में हो कड़ाई से जांच, दोषियों को मिले सजा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के भर्ती प्रक्रिया चल रही है जिसमें एक आडियो वायरल होने पर एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर मुकदमा लिखा गया है इससे एक बात तो साफ हो गयी है कि भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी चल रही है और खुलने पर लीपापोती शुरू हो गयी है एक्टू का यह कहना है कि यह एक बड़ा घोटाला है तथा इसमें बड़े-बड़े अधिकारियों की संलिप्तता हो सकती है।

अतः एक्टू आपसे इस मांग पत्र के माध्यम से निम्न मांग करती है:-1. पूरी भर्ती प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगायी जाये। 2. छपिया के प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करायी जाये।

## खबरें एक नजर में

### भगहर नाले में पैर फिसलने से किशोर डूबा

**तलाश में जुटे ग्रामीण और पुलिस**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** चौकी बैवाही क्षेत्र के रायगंज गांव में सोमवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव के पास स्थित भगहर नाले के किनारे खड़े एक किशोर का अचानक पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगंज गांव निवासी अनुज (15) पुत्र राम सहारे सोमवार दोपहर करीब दो बजे गांव के पास स्थित भगहर नाले के किनारे खड़ा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह संतुलन खोकर सीधे गहरे पानी में जा गिरा। देखते ही देखते किशोर पानी में डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और किशोर को खोजने का प्रयास शुरू कर दिया। ग्रामीणों द्वारा काफी देर तक नाले में तलाश की गई, लेकिन देर शाम तक किशोर का कोई पता नहीं चल सका। घटना की सूचना पुलिस को भी दे दी गई है। सूचना मिलते ही चौकी बैवाही पुलिस मौके के लिए रवाना हो गई। चौकी इंचार्ज बैवाही महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि किशोर के डूबने की सूचना मिली है। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से तलाश कर रही है। इस हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में मातम जैसा माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि नाले में पानी गहरा होने के कारण ऐसे हादसे का खतरा बना रहता है।

### गैस की किल्लत को लेकर बार एसोसिएशन उतरौला में रोष

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** नगर में गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। इस संबंध में बार एसोसिएशन उतरौला की एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता बार एसोसिएशन अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने की। बैठक में अधिवक्ताओं ने गैस की अनियमित आपूर्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि नगर क्षेत्र में गैस सिलेंडर की कमी के कारण आम नागरिकों के साथ-साथ अधिवक्ता वर्ग को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गैस जैसी आवश्यक सुविधा की कमी से लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है, जिससे अधिवक्ताओं में आक्रोश है। अखिलेश सिंह ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं को समय से गैस उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही गैस की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो अधिवक्ता विरोध स्वरूप आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार गैस की किल्लत के विरोध में अधिवक्ताओं ने एक दिन के लिए न्यायिक कार्य में सहयोग न करने का निर्णय लिया। इसके तहत अधिवक्ताओं ने न्यायालय के कार्य से स्वयं को विरत रखते हुए अपनी नाराजगी प्रकट की। अधिवक्ताओं ने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही गैस आपूर्ति व्यवस्था को सामान्य करेगा, जिससे अधिवक्ताओं सहित नगर के सभी नागरिकों को राहत मिल सके।

### ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर में दो घायल

**उतरौला (बलरामपुर)।** मनकापुर मार्ग पर सोमवार को हुए सड़क हादसे में ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा नगर क्षेत्र के लालगंज के पास उस समय हुआ जब दोनों वाहन विपरीत दिशा से आ रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घायलों की पहचान भैरमपुर निवासी अजय कुमार (20) तथा पुरैनिया जाट निवासी राम अजोरे यादव (48) के रूप में हुई है। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को संभाला और एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला पहुंचाया। सीएचसी उतरौला में डॉक्टरों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बलरामपुर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि दोनों को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मनकापुर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही काफी रहती है और तेज रफ्तार के कारण अक्सर दुर्घटनाएं हो जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर यातायात नियमों का पालन न होने के कारण हादसों की संभावना बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## कान्य कुंज वैश्य भोजवाल सभा का होली मिलन समारोह संपन्न



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** सोमवार 16 मार्च 2026 को माता खैरा भवानी के प्रांगण में होली मिलन का कार्यक्रम समारोह पूर्वक संपन्न हुआ सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत आरती वंदना इत्यादि से प्रारंभ हुई इस कार्यक्रम में बाहर से आए मुख्य अतिथियों में अरुण भोजवाल ,विनय भोजवाल एवं शिवनाथ भोजवाल का गोंडा नगर कान्य कुब्ज समाज के द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया गया भोजवाल समाज नगर गोंडा के अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने बताया की विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह में समस्त सजातीय बँधुवों को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। सभी लोग पूरे परिवार से होली मिलन समारोह में आए और समारोह को रंगारंग बनाया। लोगों के सपरिवार बच्चों सहित आने से होली मिलन समारोह कार्यक्रम ऐतिहासिक बन गया।

**फर्जी अस्पतालों पर प्रशासन का कहर**

## मिहींपुरवा में छापा पड़ते ही मची भगदड़, 3 अस्पताल सीज, कई संचालक शटर गिराकर फरार

- बिना रजिस्ट्रेशन और नियमों को ताक पर रखकर अस्पताल चलाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा : डॉ संजय कुमार




**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मिहींपुरवा नगर पंचायत में अवैध तरीके से चल रहे अस्पतालों और क्लीनिकों पर सोमवार को प्रशासन ने ऐसा करारा प्रहार किया कि पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लंबे समय से कुकुरमुत्तों की तरह उग आए इन कथित अस्पतालों पर जब जिले की टीम ने अचानक धावा बोला, तो कई संचालकों के होश उड़ गए। कार्रवाई की खबर मिलते ही कई अस्पताल मालिक अपने-अपने क्लीनिकों के शटर गिराकर मौके से रफूचक्कर हो गए। ताबड़तोड़ छापेमारी के दौरान प्रशासन ने कृष्णा हॉस्पिटल, नवभारत हॉस्पिटल, टीडीबीडी हॉस्पिटल, न्यू इंडिया हॉस्पिटल, सेवा सिटी हॉस्पिटल और मां बिंदा हॉस्पिटल पर कड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अस्पतालों को तत्काल सीज कर दिया, जबकि तीन अन्य पर नोटिस चस्पा कर सख्त चेतावनी दे दी गई। इस बड़ी कार्रवाई के बाद पूरे मिहींपुरवा इलाके में खलबली मच गई और अवैध रूप से अस्पताल चला रहे लोगों में दहशत फैल गई। सीएमओ बहराइच संजय कुमार ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन और नियमों को ताक पर रखकर अस्पताल चलाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। अगर फिर भी ऐसे अस्पताल संचालित होते पाए गए तो उनके खिलाफ सीधी एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस छापेमारी अभियान में नोडल अधिकारी डॉ. थानेदार, उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा, नायब तहसीलदार मिहींपुरवा और थाना मोतीपुर प्रभारी आनंद चौरसिया सहित प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम मौजूद रही।

# मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को संजीवनी

- वीएचएसएनडी सत्रों के लिए आशाओं को मिलीं 17 प्रकार की सामग्रियां
- 1.12 लाख से अधिक लाभार्थी होंगे हर माह लाभान्वित



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाले वीएचएसएनडी (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्रों को अब और अधिक प्रभावी व सुदृढ़ बनाया जा रहा है। सत्रों में संसाधनों की कमी को दूर करने के लिए सीएमओ की विशेष पहल पर ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएसएनसी) फंड का उपयोग किया गया है। इसके तहत जिले की आशा कार्यकर्ताओं को 17 प्रकार की आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सीधा सुधार देखने को मिलेगा।

**हर माह 1.12 लाख लाभार्थियों तक पहुंचती है सेवाएं**

डीसीपीएम मो. राशिद ने बताया कि जिले के सभी राजस्व ग्रामों में प्रत्येक माह के बुधवार और शनिवार को 4500 सार्वजनिक स्थानों पर वीएचएसएनडी सत्र आयोजित किए जाते हैं। इनके माध्यम से करीब 1.12 लाख से अधिक लाभार्थियों, जिनमें गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं और बच्चे शामिल हैं, उन्हें टीकाकरण, पोषण परामर्श और स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं दी जाती हैं। पहले कई स्थानों पर आवश्यक संसाधनों की कमी से सत्रों के संचालन में दिक्कतें आती थीं, जिसे अब दूर कर लिया गया है।

**फंड का हुआ सदुपयोग**

डीसीपीएम ने बताया कि वीएचएसएनसी फंड का संचालन ग्राम प्रधान और आशा के संयुक्त हस्ताक्षर से होता है। सरकार इसमें हर साल 10 हजार रुपये देती है। इस वर्ष इस फंड से सत्रों को बेहतर बनाने के लिए जरूरी उपकरण खरीदे गए हैं।

**इन 17 सामग्रियों की हुई खरीद**

डीसीपीएम ने बताया कि इस फंड से आशाओं के लिए 17 प्रकार की जरूरी वस्तुएं खरीदी गई हैं। इनमें कुर्सी, मेज, हैंगिंग स्केल, एमयूएसी टेप, चटाई, टॉर्च, बैग, टीकाकरण ट्रैकिंग रजिस्टर, बाल्टी, मग, कूड़ेदान, जग-गिलास सेट, वैक्सीन रखने की ट्रे, पेन पैकेट, थर्मामीटर, बेबी ब्लैंकेट और हैंडवॉश शामिल हैं। नई सामग्रियां पाकर आशा कार्यकर्ताओं में भी खासा उत्साह है।

## आरोपों में घिरे डॉक्टर को फिर मिला अधिकार



- मिहींपुरवा प्रकरण ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर खड़े किए तीखे सवाल

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मिहींपुरवा क्षेत्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर विवादों के भंवर में है। महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार और वित्तीय अनियमितताओं जैसे गंभीर आरोपों में घिरे एक डॉक्टर को दोबारा अहम जिम्मेदारी दिए जाने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालों की बौछार होने लगी है। सूत्रों के मुताबिक, मिहींपुरवा सीएचसी में तैनात रहे डॉ थानेदार पर आरोप लगा था कि क्षेत्र के कई कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसरों (सीएचओ) के खातों में सरकारी योजनाओं के तहत आए धन को पहले एक अन्य खाते में ट्रांसफर कराया गया और बाद में वह राशि अपने खाते में मंगवा ली गई। इसके अलावा महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार की शिकायतें भी सामने आई थीं, जिससे मामला और गंभीर हो गया था।मामले के तूल पकड़ने के बाद जिला प्रशासन ने जांच के लिए तीन सदस्यीय पैनल गठित किया और डॉक्टर को सीएचसी से हटाकर जिला स्तर पर अटैच कर दिया गया। इसी प्रकरण में दो अन्य डॉक्टरों पर भी आरोप लगने के बाद उन्हें मोतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल स्थानांतरित किया गया था।लेकिन हैरानी तब हुई जब हाल ही में अवैध अस्पतालों के खिलाफ हुई छापेमारी में सीएमओ संजय कुमार शर्मा ने उसी डॉक्टर को नोडल अधिकारी बनाकर कार्रवाई की कमान सौंप दी। स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार, इस तरह की प्रशासनिक और वित्तीय जिम्मेदारियां आमतौर पर वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों को दी जाती हैं। ऐसे में आरोपों से घिरे अधिकारी को दोबारा अहम जिम्मेदारी सौंपे जाने से विभागीय पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचारियों के बीच भी इस फैसले को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

लोगों का कहना है कि जब किसी अधिकारी पर पहले से गंभीर आरोप लग चुके हों और जांच तक हो चुकी हो, तब उन्हें दोबारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देना कई सवालों को जन्म देता है।

## पुलिस ने दो वाहन चोर पकड़े, चार चोरी की बाइकें बरामद

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की चार बाइकें बरामद की हैं। नगर कोतवाल प्रदीप सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी कि वाहन चोरी और छिनैती की वारदातों में शामिल दो युवक रामलीला ग्राउंड के पास बाइक पर मौजूद हैं। सूचना के आधार पर उप निरीक्षक संजय गौतम, अमित प्रताप सिंह, रविशंकर, आरक्षी श्रीनाथ शुक्ला, अकरम अंसारी, अतुल पांडे, अनिल यादव और शाहरुख खान की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को हिरासत में लिया।

# गैस सिलेंडर की अवैध रिफिलिंग पर कार्रवाई

- दुकानदार पर मुकदमा, 11 छोटे-बड़े सिलेंडर जब्त



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** गैस सिलेंडर की अवैध रिफिलिंग और कालाबाजारी के मामले में जिला पूर्ति विभाग ने एक दुकानदार के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। विभाग ने छापेमारी कर मौके से 11 छोटे-बड़े सिलेंडर जब्त किए थे। यह कार्रवाई नगर के पानी टंकी चौराहे के पास हुई। पूर्ति अधिकारी नरेंद्र कुमार को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बड़े सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में अवैध रूप से गैस रिफिल कर रहा है। छापेमारी के दौरान 11 सिलेंडर जब्त किए गए। इसके बाद, नगर के सप्लाई इंस्पेक्टर ने दुकानदार मुजम्मिल के खिलाफ नगर कोतवाली में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत तहरीर दी।

जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी ने बताया कि विभाग की टीम अवैध रूप से सिलेंडरों की बिक्री और रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SHAGUFTA KHATOON W/O MOHAMMAD AKMAL था जो दिनांक 01.03.2026 को मैंने अपना नाम बदलकर SHGUFTA KHATOON W/O MOHMMAD AKMAL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**निवासी ग्राम बारा पत्थर छावनी सरकार थाना कोतवाली देहात बहराइच, यूपी।**

# सीएचसी में अव्यवस्थाओं पर भड़के डिप्टी सीएम

**▸ मरीजों के साथ लाइन में लगे, पूछा हालचाल**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ के सरकारी अस्पताल में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मरीजों के साथ खड़े होकर पर्ची कटवाई। इस दौरान उन्हें कोई पहचान नहीं सका। वह पर्ची लेकर सीधे ओपीडी में डॉक्टर के पास पहुंचे। डॉक्टर से कोई बीमारी बताने की बजाय अस्पताल की व्यवस्था के बारे में पूछने लगे। इसपर डॉक्टर ने उन्हें तुरंत पहचान लिया। इसके बाद डिप्टी सीएम बाहर निकल आए और अस्पताल की दूसरी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने लगे। अपने 54 मिनट के विजिट में उन्होंने मरीजों से उनका हालचाल जाना और स्वास्थ्यकर्मियों से पूछताछ की।

यह निरीक्षण उन्होंने चिनहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया। बता दें कि ब्रजेश पाठक प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री भी हैं। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था, वार्डों की बदहाली और लापरवाही पर डिप्टी सीएम भड़क उठे। जनरल वार्ड में कई बेड पर चादर नहीं मिली और अस्पताल परिसर में गंदगी देख उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त नहीं होगी, तब तक जिम्मेदार अधिकारी घर नहीं जाएंगे। डिप्टी सीएम ने जिम्मेदारों को नोटिस जारी करने और सफाई एजेंसी का एक सप्ताह का भुगतान काटने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि अगर व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद वह पैथोलॉजी विभाग पहुंचे। यहां मरीजों की लंबी कतार लगी थी। उन्होंने टेक्नीशियन से पूछा कि एक मरीज का ब्लड सैंपल लेने में कितना समय लगता है? जवाब मिलने के बाद उन्होंने जांच प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। ताकि मरीजों को ज्यादा देर तक इंतजार न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान एक्स-रे कक्ष के आसपास धूल-मिट्टी दिखाई दी। इस पर उन्होंने तुरंत सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां रखी अलमारी खोलकर स्टॉक भी जांचा। इसके बाद वह ओपीडी कक्ष नंबर 5 में पहुंचे और डॉक्टर से अस्पताल की व्यवस्थाओं और मरीजों की संख्या के बारे में जानकारी ली।

### मरीजों की देखभाल में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

डिप्टी सीएम जब जनरल वार्ड नंबर 28 पहुंचे तो वहां की स्थिति देखकर नाराज हो गए। वार्ड में कई बेड पर चादर नहीं बिछी थी। साफ-सफाई भी संतोषजनक नहीं थी। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि मरीजों की देखभाल में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शौचालयों की स्थिति भी देखी, जो संतोषजनक नहीं मिली। इस पर उन्होंने अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। हालांकि फायर एस्टिंग्यूसर सिलेंडर की एक्सपायरी डेट जांचने पर वह सही पाई गई।

### आशा कार्यकर्ताओं का बकाया भुगतान तत्काल कराने के दिये निर्देश

केंद्र के सभागार में उस समय आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। आशाओं ने डिप्टी सीएम को बताया कि उनके मोबाइल फोन खराब हैं। जिससे काम में दिक्कत हो रही है। इस पर डिप्टी सीएम ने तुरंत सीएमओ डॉ. एनबी सिंह को फोन लगाकर मोबाइल ठीक कराने या बदलने के निर्देश दिए। साथ ही आशा कार्यकर्ताओं का बकाया भुगतान भी तत्काल कराने को कहा। सीएमओ को तत्काल सीएचसी पहुंचकर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पीने के पानी की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली। पानी की पाइप को जाली से बांधकर रखा गया था और आसपास गंदगी थी। इस पर डिप्टी सीएम ने सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

# सीएम योगी ने बारिश से फसलों को हुए नुकसान के आकलन का दिया निर्देश

**▸ फसलों को होने वाली क्षति का आकलन कर समय से मुआवजे के वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिये निर्देश**



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित अधिकारियों को रविवार सुबह पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हुई वर्षा से फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने का निर्देश दिया है।

राज्य सरकार द्वारा यहां जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने वर्षा से प्रभावित जिलों में जिलाधिकारी समेत सभी अधिकारियों को क्षेत्र में रहकर किसानों से संवाद करने और उनकी फसलों के नुकसान का आकलन करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि राहत आयुक्त क्षेत्र में मौजूद अधिकारियों से सीधा समन्वय रखें और फसलों को होने वाली क्षति का आकलन प्राप्त कर समय से मुआवजे के वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस बीच, मौसम विभाग ने राज्य के अनेक पश्चिमी जिलों और कुछ पूर्वी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अगले 24 घंटे के दौरान राज्य के गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर जिलों के कुछ हिस्सों और आसपास के इलाकों में बिजली कड़कने के साथ आंधी-तूफान और हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

### डेयरी उत्पादों के निर्यात में 10 फीसदी की अभूतपूर्व वृद्धि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पशुपालन और डेयरी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए योगी सरकार के कदमों का असर निर्यात में वृद्धि के रूप में सामने आ रहा है। उत्तर प्रदेश के डेयरी और संबंधित पशु-आधारित उत्पादों के निर्यात में विगत एक से डेढ़ वर्ष में उल्लेखनीय उछाल दर्ज किया गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार डेयरी उत्पाद, अंडे, प्राकृतिक शहद और खाद्य उत्पाद श्रेणी के अंतर्गत आने वाले उत्पादों का निर्यात अप्रैल 2023 से नवंबर 2024 के दौरान 444.10 करोड़ रुपये था, जो अप्रैल 2024 से नवंबर 2025 के बीच बढ़कर 489.24 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इस श्रेणी में 10.16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो करीब 45 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी को दर्शाती है। यह श्रेणी केवल डेयरी उत्पादों तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें अंडे, प्राकृतिक शहद और अन्य खाद्य पशु-आधारित उत्पाद भी शामिल हैं। इन उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती मांग ने उत्तर प्रदेश के निर्यात को नई गति दी है। अधिकारियों के मुताबिक दूध, घी, पनीर, मक्खन, मिल्क पाउडर के साथ-साथ शहद और अंडों की गुणवत्ता में सुधार तथा प्रोसेसिंग सुविधाओं के विस्तार से प्रदेश की वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता मजबूत हुई है।

## खबरें एक नजर में

### ट्रेन में चढ़ते समय फिसला महिला का पैर, दो हिस्सों में बंटा शरीर, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर स्टेशन पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 45 वर्षीय महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि महिला का शरीर दो हिस्सों में बंट गया। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान कुसुम चौहान (45) पत्नी सुरेश कुमार के रूप में हुई है। परिवार के अनुसार कुसुम अपने बीमार रिश्तेदार को देखने के लिए बलरामपुर से लखनऊ आई थी। बताया जा रहा है कि कुसुम की बेटी महक की सास लारी हॉस्पिटल में भर्ती थीं। जिन्हें देखने के लिए वो लखनऊ आई थी। परिजनों के मुताबिक सोमवार को उन्हें वापस लौटना था। इसके लिए उन्हें गोमती नगर स्टेशन से उनको ट्रेन पकड़नी थी। कुसुम के भाई प्रमोद कुमार ने बताया कि ट्रेन में चढ़ने के दौरान अचानक कुसुम का पैर फिसल गया और वो सीधे ट्रेन की चपेट में आ गईं। इस दर्दनाक हादसे में उनकी मौत हो गई। कुसुम के पति सुरेश कुमार बलरामपुर में एक शुगर मिल में काम करते हैं। कुसुम के में दो बेटे अमन और आशीष और एक बेटी महक है। मौके पर पहंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गैस न मिलने पर हुसड़िया चौराहे पर सड़क जाम, पुलिस ने हटवाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के हुसड़िया चौराहे पर लोगों ने सड़क जाम कर दी। करीब 100 लोग सिलेंडर लेकर पहुंच गए और रास्ता रोक दिया। अचानक एक साथ इतने लोग पहुंच जाने से यातायात रुक गया। सूचना पर पुलिस टीम पहुंची। लोगों के सिलेंडर उठा-उठाकर आने-जाने वाली गाड़ियों को रास्ता दिलाया। मामला विरामखंड स्थित देवा पैलेस में गोमती भारत गैस एजेंसी के बाहर का है। यहां सोमवार दोपहर 1 के करीब गहमागहमी का माहौल बन गया। लोगों को पुलिस समझा रही थी लेकिन वे हट नहीं रहे थे। सड़क जाम कर रहे लोगों ने आवाजाही कर रहे आम लोगों को रोकने की कोशिश की जिससे बहस भी हुई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर सड़क खाली कराई। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद जाम खत्म हो गया और यातायात सामान्य हो सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से शहर के कई इलाकों में गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर दिक्कत सामने आ रही है। गैस सिलेंडर को लेकर सामने आ रही शिकायतों के बाद लखनऊ के जिलाधिकारी ने सभी गैस एजेंसियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में कहा गया है कि जिन उपभोक्ताओं ने सिलेंडर की बुकिंग कराई है, उन्हें घर तक होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि उपभोक्ताओं को एजेंसी या गोदाम से सीधे सिलेंडर की डिलीवरी नहीं दी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि होम डिलीवरी व्यवस्था को सख्ती से लागू कर उपभोक्ताओं को परेशानी से बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### डेटिंग ऐप से मिलने बुलाकर लूट करने वाले पांच गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ की अलीगंज पुलिस ने डेटिंग ऐप से दोस्ती कर मिलने के बहाने बुलाकर लूट करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी गैंग बनाकर इस तरह की घटना को अंजाम देते थे। एडीसीपी नॉर्थ ऋषभ रुणवाल ने बताया मुखबिर की सूचना पर सेक्टर-ई कूड़ाघर अलीगंज के पास से सोमवार सुबह करीब 6 बजे पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान शक्तिनगर इंदिरा नगर निवासी खालिद अहमद (23), सर्वोदय नगर गाजीपुर निवासी देवकरण सिंह (23), अलीगंज निवासी आकाश पांडे (21), पूर्वांचल नगर सर्वोदय नगर निवासी सुभाष रावत (21) के रूप में हुई। गैंग में एक नाबालिग भी शामिल है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग ऑनलाइन डेटिंग ऐप ग्राइंडर के माध्यम से लोगों से संपर्क करते थे। गिरोह का एक सदस्य पहले पीड़ित के घर या कमरे में जाता था। उसके कुछ ही देर बाद गिरोह के अन्य सदस्य फोन के जरिए मैसेज रिसीव कर कमरे का दरवाजा खुलवाकर अंदर घुस जाते थे। इसके बाद गिरोह के सदस्य पीड़ित का वीडियो बनाते हुए उसे डरा-धमकाकर कहते थे कि वह नाबालिग के साथ आपत्तिजनक कृत्य करने का प्रयास कर रहा है। यदि उसने पैसे नहीं दिए तो वीडियो वायरल कर दिया जाएगा तथा पुलिस में शिकायत कर उसे जेल भिजवा दिया जाएगा। इस प्रकार गिरोह पीड़ित से नकदी, मोवाइल व अन्य कीमती सामान लूटने के साथ-साथ क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन धनराशि भी ट्रांसफर करा लेता था। अभियुक्तों ने बताया कि 8 फरवरी को अलीगंज थाना क्षेत्र निवासी एक युवक को इसी तरह से फंसाकर पैसे ऐंठे थे। लगभग दो सप्ताह पूर्व एक अन्य व्यक्ति के साथ भी इसी प्रकार की घटना को अंजाम दिया था। जहां से उन्होंने नकदी, हार्ड डिस्क व अन्य सामान लूटने के साथ खाते से ऑनलाइन धनराशि ट्रांसफर कराई थी।

# जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हमारी प्राथमिकता : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज अपने आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए नागरिकों की समस्याओं को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ सुना।

उपमुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार हर पात्र व्यक्ति को न्याय दिलाने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

जनता दर्शन के दौरान उपमुख्यमंत्री ने विशेष रूप से महिलाओं और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे पीड़ितों की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया। जनपद सम्भल निवासी शांति देवी (पत्नी लक्ष्मण कुमार) ने विधवा पेंशन दिलाने हेतु अनुरोध किया पर जिलाधिकारी से वार्ता कर निर्देश दिए। लखनऊ की कमला देवी ने आयुष्मान कार्ड बनवाने तथा वाराणसी की श्रीमती सरिता सेठ (पत्नी रामकुमार सेठ) ने कैंसर जैसे असाध्य रोग के उपचार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने की गुहार लगाई। उक्त पर कार्यवाही हेतु अधिकारी को आदेश दिए। फिरोजाबाद से आई संध्या (पत्नी अमित कुमार) ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर दिलाने का अनुरोध किया।उपमुख्यमंत्री ने जन-शिकायतों के निस्तारण में विलंब पर कड़ा रुख अपनाते हुए मौके से ही संबंधित जिलों के उच्चाधिकारियों से फोन पर वार्ता की। उन्होंने जिलाधिकारी बुलंदशहर, प्रतापगढ़, शामली, अंबेडकर नगर, मिर्जापुर, गाजियाबाद, अयोध्या, और फर्रुखाबाद को निर्देशित किया कि वे लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही, कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में उन्होंने पुलिस अधीक्षक संभल, रायबरेली, बदायूं, ललितपुर और चित्रकूट को निष्पक्ष जांच कर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। श्री मौर्य ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हमारी प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# इप्सेफ ने पीएम को भेजा पत्र, कहा- कर्मचारी गैस एजेंसी पर लाइन लगायें या नौकरी पर बायोमेट्रिक हाजिरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

इंडियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाईज फेडरेशन (इप्सेफ) ने गैस की किल्लत को देखते हुये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाई है, साथ ही प्रश्न भी पूछा है कि इस समस्या से शिक्षकों व कर्मचारियों को राहत कैसे मिले। क्योंकि भोजन तो सबके लिए जरूरी है। इप्सेफने इसके साथ ही मांग की है कि सरकार कर्मचारियों के घर पर गैस भेजने की व्यवस्था करे। इंडियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाईज फेडरेशन (इप्सेफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र, महासचिव प्रेमचन्द्र ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि कर्मचारियों के आवास पर गैस भेजने की व्यवस्था करे। वर्तमान में कर्मचारी दिन भर लाइन लगा रहे हैं। हालात यह है कि वे अपनी ड्यूटी पर भी नहीं जा पा रहे हैं। गैस के चक्कर में बायोमेट्रिक हाजिरी समय से नहीं लग पायेगी, जिसके कारण उनका वेतन भी कट जायेगा। गैस के कारण कर्मचारी परिवारों की स्थिति दयनीय हो गयी है। इप्सेफने चेतावनी दी है कि सरकार कर्मचारियों के आवास पर गैस पहुंचाने की व्यवस्था नहीं करती है, तो इप्सेफद्वारा कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने के लिए आन्दोलन करना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश सहित देश के समस्त राज्यों में गैस न मिलने के कारण कर्मचारी परिवार को दो जून भोजन नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है।

**लखनऊ में शुरू होगी मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026**

# हर ब्लॉक में कम से कम चलेंगी दो बसें



**▸ निजी वाहन संचालकों को मिलेगा मौका**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के गांवों में रहने वाले लोगों के लिए आवागमन आसान बनाने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 शुरू की है। इस योजना के तहत प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों को परिवहन सेवा से जोड़ने की तैयारी है, ताकि ग्रामीण जनता आसानी से ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय तक पहुंच सके। योजना के जरिये निजी क्षेत्र के बस संचालकों को भी ग्रामीण मार्गों पर वाहन चलाने का मौका मिलेगा, जिससे गांवों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

योजना के तहत जिस ब्लॉक के लिए आवेदन किया जाएगा, उस ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों को वाहन सेवा से जोड़ने का अधिकार वाहन स्वामी को होगा। नियम यह है कि हर ग्राम पंचायत में कम से कम दो बार वाहन का संचालन करना होगा, ताकि लोगों को नियमित परिवहन सुविधा मिल सके। ग्राम पंचायत से ब्लॉक तक का सबसे छोटा और सीधा मार्ग तय किया जाएगा। उसी रास्ते से वाहन चलेंगे और रास्ते में आने वाली सभी ग्राम पंचायतों को इस सेवा का लाभ मिलेगा। हर ब्लॉक में कम से कम दो वाहनों का संचालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस योजना के लिए आवेदन आने के बाद 15 दिनों के भीतर स्क्रूटनी (जांच) की जाएगी।

सफल आवेदकों को वाहन उपलब्ध कराने के लिए भी 15 दिन का समय दिया जाएगा। पूरी चयन प्रक्रिया लगभग 45 दिनों में पूरी कर ली जाएगी। आवेदनों की जांच और चयन का काम जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनी समिति करेगी। समिति में मुख्य विकास अधिकारी, संभागीय परिवहन अधिकारी और अन्य अधिकारी सदस्य होंगे। यही समिति हर ब्लॉक में सेवा प्रदाताओं का चयन करेगी। इस योजना की एक बड़ी खासियत यह है कि राज्य सरकार की ओर से परमिट शुल्क में पूरी छूट दी गई है। इससे छोटे वाहन मालिकों और युवाओं को इस योजना में भाग लेने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

# युवाओं की रचनात्मकता को नई उड़ान देगा वीबी-जीराम जी अधिनियम

**▸ अधिनियम के लोगो डिजाइन, क्विज और रील प्रतियोगिता का आगाज**
**▸ प्रतियोगिता में शामिल होने की अंतिम तिथि 20 मार्च**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियो को निर्देश दिये है कि रोचक, ज्ञानवर्धक व ग्रामीण किकास को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने की दिशा मे होने जा रही वीबी-जी राम जी अधिनियम के लोगो डिजाइन, क्विज और रील प्रतियोगिता मे अधिक से अधिक युवाओं और नागरिकों को प्रतिभाग कराने के हर सम्भव प्रयास किये जांय। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी-जी राम जी योजना के तहत ग्रामीण विकास और नवाचार को नई दिशा के लिए तीन बड़ी प्रतियोगिताओं की घोषणा की गयी है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं की कला, ज्ञान और डिजिटल कौशल के माध्यम से ग्रामीण भारत की एक नई पहचान संवारना और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

अभियान अंतर्गत लोगो 'डिजाइन, क्विज और रील मेकिंग प्रतियोगिताओं' का आयोजन किया जा रहा है। ये प्रतियोगिताएं न केवल युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करेंगी बल्कि ग्रामीण संस्कृति और आत्मनिर्भरता के विजन से भी परिचित कराएंगी। वीबी-जी राम जीअधिनियम के बारे मे आम लोगो को अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त होगी और कतिपय भ्रान्तियां दूर होंगी। ग्राफिक्स डिजाइनरों और चित्रकारों के लिए यह एक सुनहरा मौका है।

प्रतिभागियों को ऐसा प्रभावशाली लोगो तैयार करना है,जो योजना के विजन को प्रदर्शित करे। विजेता को 50,000 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 20 मार्च शाम 5:45 बजे तक है। सोशल मीडिया के प्रभाव को देखते 15 से 29 वर्ष के युवाओं के लिए रील मेकिंग प्रतियोगिता शुरू की गई। प्रतिभागी 30-60 सेकंड के वीडियो के माध्यम से गांव की खूबसूरती और विकास की कहानियों को साझा कर सकेंगे। ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यह राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। विजेताओं को डिजिटल प्रमाणपत्र और केंद्रीय मंत्रियों से मिलने का अवसर मिलेगा। इच्छुक प्रतिभागी माई गवर्नमेंट या माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, उद्यमिता और कौशल विकास को नई ऊर्जा देगी। मंत्रालय ने युवाओं से अपील है कि वे अपनी रचनात्मकता और नवाचार के जरिए आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदार बनें। देश के विकास को नई गति प्रदान करें। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जीएस प्रियदर्शी ने उपायुक्त श्रम रोजगार को निर्देश दिये हैकि वह बड़ी संख्या में अर्ह लोगो को प्रतिभाग कराएं।

# भाजपा को नहीं दिख रही लोगों की परेशानी : अखिलेश

**▸ गैस सिलेंडर संकट पर पूर्व सीएम ने बोला तीखा हमला**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गैस सिलेंडर संकट को लेकर प्रदेश सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सिलेंडर के लिए लंबी लाइनों में खड़े लोगों की परेशानी साफ दिखाई दे रही है, इसके बावजूद भाजपा यह दावा कर रही है कि गैस की कोई कमी नहीं है।

सोमवार को सोशल मीडिया के जरिये अखिलेश यादव ने कहा कि परेशान परिवारों और बिलखते बच्चों की हालत देखकर भी अगर सरकार संवेदनशील नहीं हो रही है, तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता की तकलीफों को नजरअंदाज कर भाजपा झूठ बोल रही है और जमीनी हकीकत से मुंह मोड़ रही है। उन्होंने कहा कि आम लोग सिलेंडर पाने के लिए घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं। कई परिवारों को खाना बनाने तक में दिक्कत हो रही है। इसके बावजूद सरकार यह कह रही है कि कहीं भी गैस की कमी नहीं है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि जनता अब समझ नहीं पा रही है कि उनकी समस्याओं को देखकर भी भाजपा के नेता इतनी बेशर्मी से इनकार कैसे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूख से परेशान परिवार अब यह कहने लगे हैं कि भाजपा नेताओं के दिल पत्थर के नहीं बल्कि उनके पास दिल ही नहीं है। अखिलेश यादव ने सरकार से गैस आपूर्ति की स्थिति स्पष्ट करने और आम लोगों को राहत देने की मांग की है।

### जवाहर भवन में होली मिलन समारोह आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जवाहर भवन इन्दिरा भवन कर्मचारी महासंघ द्वारा आयोजित होने वाला होली मिलन समारोह 17 मार्च को जवाहरभवन प्रागण में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक होगे। महासंघ के कार्यवाहक महामंत्री सुशील कुमार बच्चा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महासंघ द्वारा होली मिलन समारोह बड़े ही उल्लास के साथ मनाया जाएगा। उ.प्र. सरकार के उपमुख्यमन्त्री ब्रजेश पाठक समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। सुप्रसिद्ध भजन गायक किशोर चतुर्वेदी एवं सुश्री स्वाती रिजवी के अतिरिक्त बृज रत्न श्रीमती वन्दना श्री एवं साथी कलाकारों द्वारा फूलों की होली लट्ठमार होली इत्यादि कार्यक्रमों के अतिरिक्त सुप्रसिद्ध आल्हा गायिका काजल सिंह समेत तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे।

# अधिशासी अधिकारी पर गंभीर आरोप, पीड़ित ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

**▸ मलिहाबाद क्षेत्र अंतर्गत सदरपुर गाँव में नगर पंचायत विस्तार के सर्वेक्षण को लेकर गहराया विवाद**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राजधानी लखनऊ मलिहाबाद क्षेत्र अंतर्गत सदरपुर गाँव में नगर पंचायत विस्तार के सर्वेक्षण को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्राम सदरपुर निवासी हाशिम खाँ ने लखनऊ पुलिस को व जनसुनवाई के माध्यम से पत्र लिखकर नगर पंचायत मलिहाबाद के अधिशासी अधिकारी (श्रह) राजकुमार चौधरी पर पद के दुरुपयोग, मारपीट और अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए हैं।

**सर्वेक्षण में धांधली का आरोप**

शिकायतकर्ता हाशिम खाँ के अनुसार, अधिशासी अधिकारी राजकुमार चौधरी ने कथित तौर पर गलत सर्वे करके सदरपुर गाँव को नगर पंचायत मलिहाबाद में शामिल कर दिया, जबकि टाउन से सटे हुए बख्तियार नगर और गढ़ी संजर खाँ जैसे क्षेत्रों को छोड़ दिया गया। इस विसंगति को लेकर पीड़ित ने फरवरी माह में आई.जी.आर.एस. (मुख्यमंत्री पोर्टल) पर शिकायत दर्ज कराई थी।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी

पत्र में आरोप लगाया गया है कि 13 मार्च 2026 को शिकायत से नाराज होकर अधिशासी अधिकारी अपनी टीम के साथ गाँव पहुँचे और रंजिशवश हैंडपंप कटवाने लगे। जब पीड़ित के पुत्र ने इसका विरोध किया, तो अधिकारी और उनके साथ आए लोगों ने कथित तौर पर उसके साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की। आरोप है कि अधिकारी ने ऊपर तक पहुँच होने का हवाला देते हुए झूठे मुकदमों में फँसाने और जान से मारने की धमकी भी दी।

### अवैध वसूली व उत्पीड़न की शिकायत

शिकायतकर्ता ने यह भी दावा किया है कि अधिशासी अधिकारी मोहल्ले के घरों में घुसकर महिलाओं से कॉलोनी दिलाने के नाम पर जबरन धनउगाही कर रहे हैं। पीड़ित परिवार ने अपनी जान-माल की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है और मामले में कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी का कहना है कि उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप निराधार है। जैद के द्वारा ही जातिसूचक जैसे शब्दों गाली गलौज की गई थी। जिसके बाद मैंने मुकदमा दर्ज कराया।

# कांग्रेसियों ने नाले में पाइप लगाकर सिलेंडर से जोड़ा, बनाई चाय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राजधानी लखनऊ में कांग्रेसियों ने नाले में पाइप लगाकर सिलेंडर से जोड़ा। फिर इससे चाय बनाकर पी। बताया कि पीएम मोदी के फॉर्मूले पर ऐसा किया। यह फॉर्मूला फेल रहा। पूरा नाला सूख गया लेकिन गैस एक सिलेंडर भी नहीं भर पाई। यह प्रदर्शन कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के सदस्यों ने कांग्रेस मुख्यालय पर किया।

मुख्यालय के बाहर चाय की दुकान लगाई। दावा किया कि यह चाय एलपीजी की कमी के चलते नाले के गैस से बनाई गई है। एनएसयूआई के सदस्य अखिलेश यादव ने कहा मौजूदा समय में देशभर में गैस की भारी किल्लत है। इस समस्या को लेकर हम बेहद चिंतित थे। हम लोग इस गैस के संकट को खत्म करना चाहते थे, तभी हमने कभी साइंटिस्ट रहे अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक भाषण सुना।

वह बता रहे थे कि लोग किस प्रकार नाले से गैस बना सकते हैं। पीएम ने जो फार्मूला दिया था नाले से गैस बनाने का उसी को हमने अप्लाई करके नाले की गैस पर चाय बनाने की कोशिश की। हम जिस जगह खड़े हैं, यह नाला पूरा भरा हुआ था। इससे एक ही सिलेंडर गैस बन पाई। इससे बहुत कम चाय बनी और यह गैस भी टिकाऊ नहीं है। ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री का गैस वाला फार्मूला फेल हो गया। अखिलेश ने कहा हम साइंटिस्ट प्रधानमंत्री से कहना चाहते हैं कि हमें दूसरा फार्मूला दिया जाए ताकि हम अच्छी गैस बन सकें। एक सिलेंडर में ही यह नाला सूख हो गया। इसकी कैपेसिटी कम होने की वजह से बहुत परेशानी हो रही है।

हम चाहते हैं कि साइंटिस्ट प्रधानमंत्री दोबारा रिपोर्ट जारी करके बताएं कि कैसे इसकी कैपेसिटी को बढ़ाया जाए। गलत नीतियों की वजह से इतनी बड़ी समस्या है। सबसे ज्यादा हमारा छात्र परेशान हैं। हॉस्टल और मेस में ठीक से भोजन नहीं मिल रहा है। मजदूर दिनभर मजदूरी करने के बाद शाम को पेटभर खाना भी नहीं खा सकता। जो पूड़ी 20 में मिलती थी, आज 40 रुपए में हो गई है। गैस की वजह से छोटी दुकान और टपरी बंद हो रही हैं। कामगार गांव लौट रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### सुखी के भजन को तृप्ति शाक्या ने आवाज देकर बनाया शानदार



**पुवायां, शाहजहांपुर।** सुखप्रीत सिंह सुखी ने एक भजन खाटू श्याम पर लिखा उस भजन को टी सीरीज गायिका तृप्ति शाक्या ने अपनी आवाज देकर उस भजन को ओर प्यारा कर दिया ओर यह भजन मिलियन में पहुँच गया है। पुवायां के लाल सुखप्रीत सिंह सुखी ने कविताओं के माध्यम से पहचान तो बनाई ही इसके अलावा उन्होंने भजन से लेकर गाने तक लिखे जिन्हें टी सीरीज गायक कलाकारों ने अपनी आवाज देकर गया जो भजन काफी फेमस हुए ओर वह मिलियन में पहुँचे। सुखप्रीत सुखी ने एक भजन खाटू श्याम पर बनाया जिसको सुपर स्टार बॉलीवुड भजन गायिका तृप्ति शाक्या ने उतना ही प्यारा गया जीतना प्यार सुखी ने लिखा था। यह भजन लाखों लोगों ने पसन्द किया।

नाबालिग बेटी को चचेरे भाई और पिता ने एक लाख में बेचा !

### पैसा न मिलने पर पिता ने दी तहरीर

**बंडा, शाहजहांपुर।** थाना बंडा क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक पिता ने अपने सगे भतीजे पर अपनी 13 साल की नाबालिग बेटी को एक लाख रुपये में बेचने का गंभीर आरोप लगाया है। उसने बताया कि रविवार दोपहर कुछ लोग चार पहिया कार से आए और जबरन किशोरी को जब्त कर ले गए। पीड़ित पिता ने बंडा थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि आरोपी भतीजे ने खरीददारों से 28 हजार रुपये एडवांस भी ले लिए हैं और अब किशोरी का कुछ पता बताने को तैयार नहीं। पिता ने बताया, मेरा भतीजा मेरी बेटी को धोखे से बेच आया, पुलिस से तुरंत कार्रवाई की मांग करता हूं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीणों की माने तो लड़की के पिता और उसके चचेरे भाई ने मिलकर लकड़ी को बेच दिया और जब उसके पिता को पैसा नहीं मिला तो उसने यह बात पूरे गांव को बताई, तब मामला खुला। दोनों नशे के आदी हैं।

### रात को मसीहा बनी डायल 112, सड़क हादसे में फंसे 10 तीर्थयात्रियों की बचाई जान



**जलालबाद, शाहजहांपुर।** यूपी पुलिस की मुस्तैदी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे जनता के सच्चे मददगार हैं। सोमवार देर रात जलालाबाद के अतिवारा के पास स्टेट हाईवे पर एक बड़ा हादसा टल गया, जहाँ गश्त कर रही PRV 6019 की टीम ने देवदूत बनकर 4 मासूम बच्चों सहित 10 लोगों को सुरक्षित बचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनपद औरैया के थाना बेला अंतर्गत ग्राम नुनारी निवासी होरीलाल अपने परिवार और बच्चों सहित कुल 10 लोगों के साथ निजी वाहन से हरिद्वार जा रहे थे। देर रात करीब जलालाबाद क्षेत्र के अतिवारा के पास सड़क किनारे एक खराब पिकअप खड़ी थी। अंधेरे के कारण श्रद्धालुओं की गाड़ी अनियंत्रित होकर उस पिकअप से जा टकराई और सड़क से नीचे जा गिरी। गश्त पर तैनात टीम ने तत्काल शुरू किया रेस्क्यू हादसे के वक्त डायल 112 की गाड़ी संख्या 6019 क्षेत्र में गश्त पर थी। गाड़ी पर तैनात आरक्षी रामकुमार और उनके साथी पुलिसकर्मियों ने तत्काल मौके पर पहुँचकर मोर्चा संभाला। पुलिस टीम ने सूझबूझ का परिचय देते हुए गाड़ी में फंसे बच्चों और महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि सही समय पर मदद मिलने के कारण किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई। हादसे के बाद सहमे हुए यात्रियों को पुलिस टीम ने न केवल ढांढस बंधाया, बल्कि उन्हें सुरक्षित स्थान पर लाकर पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए दूसरे वाहन का प्रबंध किया और सभी यात्रियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। हादसे का शिकार हुए होरीलाल और उनके परिवार ने यूपी पुलिस और विशेषकर PRV 6019 की टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस समय पर न पहुँचती, तो रात के सन्नाटे में उनके साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी।

### डीएम के निर्देश पर चला विशेष अभियान, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल की निगरानी में 98 गोवंश संरक्षित



**शाहजहांपुर।** जनपद के विकासखंड जलालाबाद में निराश्रित गोवंश को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर की गई, जिसमें जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल ने मौके पर पहुंचकर पूरे अभियान की निगरानी की।15 मार्च को चलाए गए इस अभियान में विकासखंड जलालाबाद की टीमों ने अलग–अलग स्थानों पर घूम रहे बेसहारा गोवंश को पकड़कर उन्हें सुरक्षित कराया। जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल के निर्देशन में अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर अभियान को सफल बनाया। कार्रवाई के दौरान कुल 98 निराश्रित गोवंश को संरक्षित करते हुए उन्हें पुरैना सहित 13 गौशालाओं में पहुंचाया गया। गौशालाओं में गोवंश के लिए चारा, पानी और देखभाल की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की गई थी, ताकि उन्हें सुरक्षित रखा जा सके।अभियान में विकासखंड जलालाबाद के प्रभारी एडीओ पंचायत रमेश मिश्रा ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में ब्लॉक के कर्मचारियों ने क्षेत्र में लगातार अभियान चलाकर गोवंश को एकत्रित किया और उन्हें गौशालाओं तक पहुंचाया।इस दौरान सुप्रिया पटेल सहित ब्लॉक के अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। जिला प्रशासन का कहना है कि सड़कों और खेतों में घूम रहे निराश्रित गोवंश को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए आगे भी इसी तरह अभियान चलाए जाएंगे, जिससे किसानों को राहत मिल सके और गोवंश की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।

### प्लॉट दिलाने के नाम पर 20 लाख की ठगी, रजिस्ट्री न होने पर पीड़ित ने दर्ज कराई एफआईआर

**शाहजहांपुर।** प्लॉट दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुवायां क्षेत्र के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने प्लॉट दिलाने का झांसा देकर करीब 20 लाख रुपये ले लिए, लेकिन न तो प्लॉट की रजिस्ट्री कराई और न ही पैसे वापस किए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना पुवायां क्षेत्र के मोहल्ला कसभरा अस्तल निवासी बृजेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2021 में पुवायां के जेबा रोड पर प्लॉटिंग हो रही थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात मोहल्ला अंटा निवासी ममनून रसीद खा पुत्र हारून रसीद खां से हुई। आरोपी ने उसे 3200 वर्ग फीट का प्लॉट दिखाकर उसकी कीमत 31 लाख 20 हजार रुपये बताई। पीड़ित के मुताबिक, उसने किस्तों में करीब 20 लाख रुपये आरोपी को दे दिए। बाद में जब उसने प्लॉट की रजिस्ट्री कराने को कहा तो आरोपी टालमटोल करता रहा। कई बारकहने के बाद भी न तो रजिस्ट्री कराई गई और न ही रुपये लौटाए गए। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने 15 दिसंबर 2025 को 20 लाख रुपये की रसीद भी दी और फरवरी 2026 में रजिस्ट्री कराने का भरोसा दिलाया, लेकिन तय समय बीतने के बाद भी न तो प्लाट की रजिस्ट्री की और न ही रुपए दिए हैं। अब आरोपी पैसे वापस करने से भी इनकार कर रहा है। परेशान होकर पीड़ित ने थाना पुवायां में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी ममनून रसीद खा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता 17 से 19 मार्च तक

**शाहजहांपुर।** खेल निदेशालय लखनऊ के निर्देशन पर जिला खेल कार्यालय द्वारा जिला ओलम्पिक संघ एवं अन्य खेल संघो के सहयोग से 8 खेल विधाओं की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 17 मार्च सुबह 10 बजे से 19 मार्च तक सुदामा प्रसाद विद्यास्थली हथौड़ा में सम्पन्न होगा। जिला कीड़ा अधिकारी एसपी वमनिया द्वारा जारी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव नरेंद्र कुमार त्यागी ने बताया कि 17 मार्च को जुडो एवं एथलीट 18 मार्च को बॉलीबॉल, सापक टापरा, कब्बडी 19 मार्च को बास्केटबॉल, हैंडबॉल, एवम हॉकी का आयोजन होगा। यह प्रतियोगिता सुदामा प्रसाद वनस्थली में सुबह 10 बजे से आयोजित होंगी। जिसमे जूनियर वर्ग के बालक बालिका जिनकी आयु 18 वर्ष से कम हो एथलीट के लिए आयु 20 वर्ष से कम होना आवश्यक है विजेता खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा पुरुस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। महासचिव नरेंद्र त्यागी ने आगे कहा कि यह खिलाड़ियों की खेल प्रतिभाओं को निखारने के सुनहरा अवसर है।अधिक से अधिक खिलाड़ियों एवं विद्यालयों को इसमे प्रतिभाग करना चाहिए।विनय गुप्ता ने कहा जिला ओलम्पिक संघ पूर्ण सहयोग करेगा।

# तार की चपेट में आकर महिला की मौत

**सिधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

अचानक टूटकर गिरे एचटी लाइन के तार की चपेट में आने से महिला की मृत्यु हो गयी। गांव पीरु 36 वर्षीय फूलवती पत्नी रामजी सोमवार की दोपहर करीब बारह बजे अपने पति के साथ पशुओं के लिए खेत पर चारा लेने गई थीं। इसी दौरान खेत के पास से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइन का जर्जर तार तेज हवा के कारण टूटकर नीचे गिर गया। तार की चपेट में आने से फूलवती गंभीर रूप से झुलस गई। घटना देखकर खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों सहित महिला का पति सप्लाई बन्द कराने का प्रयास करने लगे। लेकिन इससे पहले ही उनकी मृत्यु हो चुकी थी। घटना के बाद





दर्जनों ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए तथा बिजली विभाग के अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर करने लगे। ग्रामीणों का कहना है कि मैं बिजली के तार काफी समय से जर्जर हैं। जिसकी शिकायत भी की गई थी लेकिन समय पर मरम्मत नहीं कराई गई। इसी लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।सूचना मिलने पर पहुँची पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेज दिया। मृतका के परिवार में पति सहित पुत्र अभिषेक साजन हैं। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि करंट की चपेट में आने से महिला की मृत्यु हुई है। शव को पीएम हेतु भेजा गया है।

### मालगाड़ी से कटकर अज्ञात बुजुर्ग की मौत

**शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन पंडित राम प्रसाद बिस्मिल रेलवे स्टेशन के बीच गेट नंबर 316 के पास ग्राम बिलालंदापुर के निकट दोपहर बाद 4:00 बजे मालगाड़ी की चपेट में आकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई। गेट मैन स्टेशन मास्टर कंट्रोल को सूचना दी कंट्रोल के आदेश पर जीआरपी पुलिस का मौके पर भेजा गया और जीआरपी ने डेड बॉडी को रेलवे लाइन से किनारे हटाकर रख दिया जिससे ट्रेनों का आमागमन चालू हो गया जिस कारण मालगाड़ी को काफी देर तक रोजा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर चार पर रोका गया था डेड बॉडी हटाने के बाद मालगाड़ी को चलाया गया इस संबंध में जीआरपी चौकी प्रभारी दुर्गेश से जब बात की तो उन्होंने बताया अभी पहचान नहीं हुई है पहचान कराई जा रही है।

### वृहद रोजगार मेला 18 को

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाएं जाने के उद्देश्य से 18 मार्च को राजकीय पॉलीटेक्निक ददरौल में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए विजय सुधाकर सिंह ने बताया कि जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 40 कम्पनियां 2000 से अधिक रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है। उक्त मेले में 18 वर्ष से 40 वर्ष के तक के हाईस्कूल, इन्टर, स्तानक, स्नातकोत्तर, आईटीआई, जीटीआई, बीटेक उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर rojgaarsangam.up.gov.in कर समस्त शैक्षिक, तकनीकि प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, अपने बायोडाटा एवं फोटोग्राफ के साथ उक्त तारीख में उपस्थित होकर रोजगार मेंले प्रतिभाग कर सकते है।

## ‘संस्था टीबी मुक्त भारत के लिए हर संभव प्रयास करती रहेगी’

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उड़ान एक उम्मीद संस्था ने अपने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अपना दूसरा कार्यक्रम सिंधौली स्थित स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र में कैम्प लगाकर किया। जहाँ सामुदायिक केंद्र में उपस्थित भारी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे। संस्था अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने जन समुदाय को जागरूक किया। उन्हें टीबी के इलाज और रोकथाम तथा पोषण संबंधी जानकारी दी। साथ ही दस मरीजो को पोषण पोटली भी वितरित की। ज्ञात हो कि संस्था पिछले डेढ़ वर्ष से पोषण पोटली हर माह टीबी के मरीजों को उपलब्ध कराती है मरीज जब स्वस्थ होते हैं, तो अलग ही खुशी देती है। अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने बताया कि




उनकी संस्था टीबी मुक्त भारत के लिए हर संभव प्रयास करेगी हर माह इस तरह के शिविर आयोजित करती रहेगी जिसमे पोषण पोटली के साथ जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करती रहेगी इस कार्यक्रम में संस्था की उपाध्यक्ष रेखा मोदी सचिव सोनिया गुप्ता सहसचिव रश्मि गुप्ता कोषाध्यक्ष नीति गुप्ता उपस्थित रहीं इसके अतिरिक्त डीटीओ ओमेंद्र राठौर डीपीसी सिद्धार्थ गुप्ता डीपीपीएमसी आरती सिंह डीपीसी अशोक दीक्षित एसटीएस अनुराग कठेरिया एलटी संजीव यादव डॉ सलोनी टंडन आदि उपस्थित रहे और सभी का अत्यंत सहयोग रहा।

## सांसद ने गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की, विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सांसद अरुण सागर ने गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान शाहजहांपुर में हो रहे विकास कार्य को लेकर चर्चा हुई। सांसद ने कहा कि गृहमंत्री से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया और तमाम विकास कार्य के मुद्दों पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नेतृत्व में देश में चारो ओर विकास तेज गति से चल रहा है। भाजपा सांसद अरुण सागर ने दिल्ली पहुंचकर देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके संसद भवन स्थित कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। करीब आधे घंटे की मुलाकात में सांसद और गृहमंत्री के बीच देश में हो



रहे विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई। गृहमंत्री ने इस दौरान शाहजहांपुर में होने वाले विकास कार्यों के बारे में पूछा और इस पर सांसद ने उनको बताया कि शाहजहांपुर में काफी तेज गति के साथ विकास कार्य चल रहा है। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना के नेतृत्व में शाहजहांपुर की सूरत बदल चुकी है। शहर से लेकर गांवो की सड़कें और यहां तक कि गली-कूंचों तक में पक्की रोड जनपदवासियों को मिल गई है। सांसद ने बताया कि गृहमंत्री से शिष्टाचार भेंट की, इस दौरान विकास कार्यों को लेकर गहन चर्चा हुई है।

## टीईटी अनिवार्यता खत्म कराने को संयुक्त शिक्षक महासंघ का आंदोलन तेज

- शिक्षक की पाती अभियान अब 23 मार्च तक चलेगा, जनपद से 5000 पोस्ट कार्ड भेजने का लक्ष्य निर्धारित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के जिला संयोजक और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय ने बताया कि पूरे प्रदेश से सभी शिक्षक लगातार राष्ट्रपति महोदया, प्रधानमंत्री महोदय और सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और नेता प्रतिपक्ष लोकसभा को पोस्ट कार्ड भेज कर शिक्षक की पाती अभियान में जुटे हुए है पहले यह




आंदोलन का प्रथम चरण 16 मार्च तक निर्धारित किया गया था परन्तु अब इसे 23 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। जूनियर शिक्षक संघ, अटेवा, बीटीसी शिक्षक संघ, टीएससीटी, एससीएसटी शिक्षक संघ जैसे सभी शिक्षक संगठन इस आंदोलन में सक्रिय है सभी संगठनों की सहमति से राष्ट्रीय संयोजक मंडल द्वारा शिक्षक की पाती अभियान को एक हफ्ते और बढ़ाने का निर्णय किया गया। इस हफ्ते सभी शिक्षक संगठन ब्लॉक स्तर पर सामूहिक रूप से BRC पर उपस्थित होकर पोस्टकार्ड लिखकर डाकघर के लेटर बॉक्स में डालेंगे इसके लिए जनपद से 5000 पोस्ट कार्ड भेजनें का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अटेवा के जिलाध्यक्ष राकेश वर्मा, बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजकमल आर्य और प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नाकर दीक्षित द्वारा शाहजहाँपुर के मुख्य डाकघर में पोस्ट कार्ड, डाक पेटी में डालकर अभियान शुरू किया, साथ ही सभी शिक्षक संगठनों के ब्लॉक अध्यक्ष और मंत्रियों को पोस्ट कार्ड लिखबाने हेतु ब्लॉकों पर शिक्षकों की बैठक बुलाकर अभियान सफल बनाने हेतु कार्य योजना बनायीं गयी।

## मौसेरे भाइयों में हुई कहासुनी ने पकड़ा तुल, जमकर हुई फायरिंग

- दो महिलाओं समेत चार चोटिल
- नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**

मौसेरे भाइयों में परस्पर पूर्व में हुई मारपीट मामले में पुलिस द्वारा रुचि न लिए जाने से मामले ने तूल पकड़ लिया। जिसके चलते सारे शाम जायज नाजायज असलहों से जमकर फायरिंग होने से गांव में अफरा तफरी मच गई। वहीं दो महिलाओं समेत चार लोग चोटिल हो गए। फायरिंग की सूचना पर पहुंची 112 टीम ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। कोतवाल जुगुल किशोर पाल दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। घायलो को सीएचसी भिजवाया गया। पुलिस ने एक पक्ष की ओर से नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव राजनपुर में वीरेंद्र कुमार गंगवार व राजपाल सिंह के बीच करीब दो माह पूर्व विवाद हो गया था। वीरेंद्र के मौसेरे भाई पूर्व प्रधान विद्यासागर उर्फ लालू व धर्मवीर द्वारा वीरेंद्र का साथ न देने पर मौसेरे भाइयों में मनमुटाव हो गया। बताते हैं कि होली पर कथित तौर पर नशे की हालत में गली गलौज किए जाने पर विद्यासागर ने वीरेंद्र कुमार के साथ मारपीट कर दी थी। बीच मारपीट हो गई थी। उस दिन लोगों के समझाने पर मामला शांत हो गया। करीब चार पांच दिन पूर्व पूर्व प्रधान विद्यासागर ने गांव से बाइक से तिलहर जाने के दौरान रास्ते में करीब आधा दर्जन लोगों द्वारा घात लगाये लोगों द्वारा घेरकर उनके साथ मारपीट किए जाने की पुलिस में शिकायत की थी। लेकिन इस पर पुलिस ने खास रुचि लेना उचित नहीं समझा।

रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे गांव में फायरिंग होने की सूचना पर डायल 112 तुम पहुंची। तदोपरांत कोतवाल जुगुल किशोर पाल पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। और स्थिति का जायजा लिया। दो महिलाओं समेत चार लोगों को चोटिल होने पर सीएचसी भिजवाया गया। पुलिस ने एक पक्ष के वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामकिशन की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें वीरेंद्र कुमार ने कहा है कि गांव के ही उसके मौसेरे भाई विधासागर व धर्मवीर पुत्र कुवर सेन उससे से वेवजह रंजिश मानते है। आरोप है कि 15 मार्च की शाम करीब साढ़े सात बजे उसके घर के बाहर विद्यासागर व धर्मवीर तमंचे लेकर आ गए। उनके साथ गांव के ही राजपाल पुत्र बादशाह, प्रभूदयाल पुत्र रामस्वरूप, रामऔतार पुत्र सियाराम , रामसरन पुत्र तौलेराम सभी बंदूके लिए , कृष्ण कुमार पुत्र अनोखे लाल राइफल व लिटिल पुत्र कर्मवीर , भारतेन्द्र कुमार पुत्र रवीन्द्र कुमार नाजायज रायफल लेकर उसके घर के बाहर हवाई फायरिंग करने लगे। विरोध करने पर सभी ने उसके परिवार के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उधर कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि उक्त दोनों पक्षों में होली पर मामूली विवाद हो गया था। दोनो पक्ष कोतवाली आए थे। और परस्पर समझौता कर लेने की बात कर चले गए। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### सिंचाई विभाग की भूमि पर गेस्ट हाउस का निर्माण कराये जाने की चेयरमैन ने की मांग

**पुवायां, शाहजहांपुर।** पुवायां चेयरमैन संजय गुप्ता ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर बताया कि नगर पालिका परिषद पुवायाँ क्षेत्र में खुटार रोड पर नगर पालिका परिषद के कार्यालय के निकट सिंचाई विभाग की भूमि गाटा संख्या-691 रकवा 0.60 एकड़ स्थित है, जिसमें से कुछ भूमि पर पूर्व से खण्डहर आवास बने हुए है, तथा शेष भूमि खाली पड़ी हुई है। उक्त स्थल पर नगर पालिका परिषद पुवायाँ द्वारा साफ सफाई करा दी जाती है, परन्तु लोगो द्वारा बार-बार वहाँ पर कूड़ा करकट डालकर गन्दगी कर दी जाती है। यदि उक्त भूमि पर जनहित में सिचाई विभाग द्वारा गेस्ट हाउस का निर्माण करा दिया जाता है, तो उक्त भूमि का सदुपयोग हो सकेगा।

## सिंधौली के भायपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र द्वारा मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत विकास खंड सिंधौली के ग्राम भायपुर में 15 से 16 मार्च तक दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लाभार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी जानकारी देकर स्वालंभन के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खाद्य प्रसंस्करण प्रभारी असीम कुमार वर्मा के निर्देशन में किया गया। उद्घाटन ग्राम प्रधान रघुवीर सिंह ने किया। इस दौरान राजकीय फल संरक्षण केंद्र की ओर से लाभार्थियों को साहित्य वितरित किया गया। प्रशिक्षण में शामिल लोगों के लिए जलपान और अल्पाहार की व्यवस्था की गई।कार्यक्रम



में अतिथि व्याख्यान दाताओं के रूप में वीरेंद्र कुमार पाली, पवन कुमार, अखिलेश कुमार, ने खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी योजनाओं खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी विभिन्न विषयों की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दूसरे दिन विभाग की तरफ से 30 लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार के आचार को बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।साथ ही प्रतिभागियों को कार्यक्रम से संबंधित प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर असीम कुमार वर्मा, रघुवीर सिंह ग्राम प्रधान ने लाभार्थियों को छोटे लघु उद्योग मिनी फ्लोर मिल, मिनी राईस मिल, दलिया पैकिंग मसाला उद्योग प्रधानमंत्री खाद्य सूक्ष्म उन्नयन योजना के अंतर्गत मिनी फ्लोर मिल, सोलर सिस्टम के बारे में जानकारी साझा की। इस दौरान राजेश कुमार,सौरभ कुमार, शमशुल हसन, बलवान सिंह, मेहरबान, कुलदीप रामकृष्ण सर्वेश कुमार मधु सागर, साधना पटेल सहित आदि मौजूद रहे।

### मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव हंसपुर में रविवार शाम एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद मृतक की पत्नी ने जहां वह काम करता था, उन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव हंसपुर निवासी 40 वर्षीय राजकुमार पुत्र दुर्योधन गांव के ही एक सिख फार्मर के यहां मजदूरी करता था। रविवार को वह उनके साथ गढ़वाखेड़ा (पीलीभीत) से गन्ना जोतने की मशीन लेने गया था। बताया जा रहा है कि शाम के समय



लौटते वक्त उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी फूलमती ने अपने पति राजकुमार जहां मजदूरी करता था, उन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस का कहना है कि परिजनों द्वारा थाने में दुर्घटना की तहरीर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## ब्राह्मण समाज के लोगों ने सीओ को दिया ज्ञापन

- नाहिल प्रकरण को लेकर ब्राह्मण समाज ने खोला मोर्चा, बोले वैश्य समाज का संगठन अपनी राजनीति चमकाने का कर रहा प्रयास
- वैश्य समाज के द्वारा दिए गए ज्ञापन में अनौतिक दवाब बनाने का किया गया प्रयास

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नाहिल प्रकरण में सयुंक्त ब्राह्मण परिषद ने सीओ को ज्ञापन दिया। साथ ही कहा कि जब दोनों पक्षों पर



कार्यवाही हुई है तो वैश्य समाज प्रशासन पर अनौतिक दवाब बना रहा है। ओर समाज को दूषित कर रहा है।

सोमवार को ब्राह्मण समाज के लोगों ने हरेराम पक्का तालाब पर एकत्रित होकर वहां से पैदल सीओ कार्यलय पहुँचे जहां उन्होंने सीओ से मिलकर ज्ञापन दिया दिए हुए ज्ञापन में बताया कि गांव नाहिल में एक मुर्गा बनाने का वीडियो वायरल हुआ था। जिसमे ब्राह्मण समाज के चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही की गई थी जिसको ब्राह्मण समाज पर की गई टिप्पणी को ब्राह्मण लोगों ने आपसी भाईचारे को निभाने के लिए बात को वहीं समाप्त कर दिया। इस मामले में दोनों पक्षो पर पुलिस ने कार्यवाही की लेकिन रविवार को एक जातिय संगठन का रंग देकर राजनीति करना व प्रशासन पर दबाव बनाना चाहते है जोकि बहुत ही शर्मनाक है। इसलिए ब्राह्मण समाज का कहना है कि इस घटना को जातिय रंग न दिया जाए। ज्ञापन देने बालो में राजेश शुक्ला, गोपाल अग्निहोत्री, विशाल शुक्ला, रवि पंडित, अनुज मिश्रा, प्रखर मिश्रा, विमलेश पाण्डेय, अतुल शर्मा एडवोकेट, गौरव पाण्डेय, रामजी अवस्थी, विनय, रोहित शर्मा, सोनू वाजपेयी, बालेन्द्र मिश्रा, अभिषेक मिश्रा एडवोकेट, विनय शर्मा, अवनीश मिश्रा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

# ओसीएफ मैदान में 251 जोड़ों का विवाह कार्यक्रम संपन्न

- वित्त मंत्री ने नवविवाहितों को उपहार भेंट कर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश के लिए दी बधाई
- 211 जोड़ों का हिन्दू रीति रिवाज से विवाह सम्पन्न, 40 मुस्लिम जोड़ों का निकाह




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ओसीएफ के रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर, भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति में कुल 251 जोड़ों 211 हिन्दू एवं 40 मुस्लिम का विवाह सम्पन्न कराया गया। उपस्थित समस्त माननीयों ने नवयुगलों को उनके नव दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएँ दीं।मंत्री ने कहा कि जिन नव जोड़ों का विवाह सम्पन्न हो रहा है, उन्हें सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को शासन द्वारा निर्धारित आर्थिक सहायता एवं उपहार प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह को सम्मानजनक तरीके से सम्पन्न कराना तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि बेटियों के जन्म से लेकर पढ़ाई-लिखाई तथा विवाह तक की जिम्मेदारी सरकार ने ली है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रत्येक कन्या के खाते में 60,000 की एफडी कराई जाती है। इसके अतिरिक्त 25,000 की राशि से विवाह उपयोगी सामग्री जैसे साड़ी, पायल, बिछिया, बर्तन, पंखा, गद्दा आदि प्रदान किए जाते हैं। साथ ही 15,000 की धनराशि का उपयोग विवाह कार्यक्रम की व्यवस्था में किया गया। मंत्री ने अवगत कराया कि प्रदेश सरकार द्वारा मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 5000 रुपये की सहायता भी प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत पात्र परिवारों की आय 2 लाख रुपये तक निर्धारित है। कन्या सुमंगला योजनाअंतर्गत बच्ची के जन्म से पढ़ाई लिखाई के लिए 6 चरणों में 25,000 रुपये तक की सहायता का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में हजारों जोड़ों का सामूहिक विवाह सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जा चुका है। प्रदेश में कन्या सुमंगला योजना अंतर्गत 23 लाख से अधिक बेटियों को लाभ प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। संचालन डा. इंदु अजनबी द्वारा किया गया तथा नगर आयुक्त डा. विपिन कुमार मिश्र द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर महापौर अर्चना वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष, ममता यादव, डीसीबी चेयरमैन डीपीएस राठौर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत भावलखेडा एवं निगोही,पूर्व अध्यक्ष सफाई आयोग सुरेन्द्र बाल्मीकि, छावनी परिषद सभासद अवधेश कुमार दीक्षित, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी डा.अपराजिता सिंह, नगर आयुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्रा, जिला परियोजना निदेशक अवधेश राम, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर, समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार शर्मा आदि मौजूद उपस्थित रहे।

## सैयद मीरसोज मजार की भूमि की पैमाईश हेतु एसडीएम को पत्र भेजा

**जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने शिकायत का लिया संज्ञान**

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाइवे चौड़ी कारण के दौरान हटाई गई मीरसोज मजार के बाद शेष बचे भूखंड पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने एसडीएम सदानंद सरोज से जमीन की पैमाइश कराकर अतिक्रमण हटाए जाने को कहा है। नगर के मोहल्ला दिलाजाक निवासी कारी अब्दुल नबी ने पांच मार्च को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में शिकायत कर कहा कि हिंदूपट्टी हाईवे तिराहे पर मजार सैय्यद मीरसोज वक्फ में दर्ज है। जिसकी जमीन हाईवे चौड़ीकरण में अधिग्रहण कर मजार को शिफ्ट कर दिया गया था। आरोप है की बची हुई जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने जमीन की पैमाइश कराने और अवैध अतिक्रमण हटाकर कार्रवाई करने के मद्देनजर एसडीएम सदानंद सरोज को पत्र प्रेषित किया है। इस बाबत एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि पैमाइश कराई जाएगी। यदि मजार की भूमि पर अतिक्रमण पाया जाएगा तो उसे हटबाया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### विधायक अरविंद कुमार सिंह ने दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद से की शिष्टाचार भेंट

**शाहजहांपुर।** जनपद के ददरौल विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरविंद कुमार सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों तथा जनहित के विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक अरविंद कुमार सिंह ने केंद्रीय राज्यमंत्री को ददरौल विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान स्थितियों से अवगत कराया और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर भी चर्चा की।केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने विधायक की बातों को गंभीरता से सुनते हुए क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है।इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच संगठन और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी सकारात्मक बातचीत हुई। विधायक अरविंद कुमार सिंह ने केंद्रीय राज्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

### मारपीट में घायल पीड़िता को आरोपियों ने तमंचा लेकर धमकाया, तमंचा लिए आरोपियों का वीडीओ सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के ग्राम तडेर में घायल युवती को आरोपी महात्मा और उसके पुत्रों ने तमंचा दिखाकर खुलेआम जान से मार डालने की धमकी दी। आरोपियों का तमंचे के साथ वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़िता प्रिंसी पाल के अनुसार वह रविवार की शाम कों पांच बजे तीन भैंसों कों लेकर खेत से वापस आ रही थी।गांव निवासी महात्मा रामनरेश पुत्र अज्ञात के खेत के निकट एक भैंस अचानक उनके खाली पड़े खेत में चली गई इसी बात पर विपक्षी ने अपने पुत्र नारेन्द्र और राजेश के साथ मिलकर लात घूसों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया।जिससे उसके मुँह में काफ़ी चोट आई थी। नारेन्द्र ने हाथ में बांका लेकर उसे जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उसका मेडिकल करवाया। मेडिकल करवाने के बाद वह अपने परिजनों के साथ गांव गई तो पहले से घात लगाए बैठे विपक्षी महात्मा रामनरेश और उसके पुत्रों नारेन्द्र और राजेश ने तमंचा दिखाते हुए उसे और परिजनों कों जान से मार डालने की धमकी दी। आरोपियों का तमंचा लहराता हुआ वीडीओ सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। एएसपी/ सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण ने बताया मामले की जाँच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### किशोरी से दुष्कर्म करने के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली छेत्र के एक गांव निबासी एक किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी कों पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 16 मार्च को किशोरी की द्वारा थाना शाहाबाद पर तहरीर दी गयी कि अभियुक्त छबूला उर्फ अवनीश पुत्र खुशीराम निवासी ग्राम तडेर थाना शाहाबाद जनपद हरदोई द्वारा वादिनी की पुत्री के साथ गलत कार्य करने का प्रयास किया गया। इस संबंध में पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी। उप निरीक्षक राजेश चौधरी और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

### श्रीखाटू श्याम की निकाली गई निशान यात्रा



**शाहाबाद हरदोई।** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में एकादशी पर्व पर श्री खाटू श्याम निशान यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ बस स्टैंड स्थित बाल्मिकी मंदिर से हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और कार्यकर्ता निशान लेकर जयकारों के साथ निकले। निशान यात्रा बस स्टैंड, सिनेमा चौराहा, ब्लॉक चौराहा, तहसील, नवीन गल्ला मंडी, अल्लाहपुर तिराहा, सरायं दरवाजा, दिलेरगंज, घंटाघर होते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर चौक पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों और जयकारों के साथ माहौल को भक्तिमय बना दिया। यात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। आयोजन में बड़ी संख्या में स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता, समाजसेवी और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में खाटू श्याम मंदिर चौक पर भगवान श्री खाटू श्याम के जयकारों के साथ आरती की गई और सभी की सुख-समृद्धि की कामना की गई। आयोजन शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। यात्रा के मार्ग पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वदेशी जागरण मंच के नगर अध्यक्ष अनिल लाहौरी, नवनीश गुप्ता,राजा बाल्मीकि ,सोमपाल वर्मा, आशीष कुमार,पवन सक्सेना, मनीष कुमार, रवि मिश्रा समेत सैकड़ो की संख्या में महिलाएं निशान यात्रा में शामिल हुए।

## मृतक हर्षित मिश्रा के परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा: जितिन प्रसाद

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से विशेष मुलाकात कर हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन में कार्यरत पीलीभीत निवासी हर्षित मिश्रा की बदायूं में हुई निर्मम हत्या का मामला प्रमुखता से उठाया।उन्होंने मंत्री को घटना की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि यह अत्यंत दुखद और संवेदनशील मामला है। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि वह पीड़ित परिवार के लगातार संपर्क में हैं और इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर्षित मिश्रा के परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। साथ ही पीलीभीत के निवासी हर्षित मिश्रा के परिजनों को विश्वास दिलाया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी और पीड़ित परिवार को न्याय अवश्य मिलेगा।

## छुट्टा गौवंश व बंदरों से फसल नुकसाक को लेकर ज्ञापन सौंपा

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



छुट्टा गोवंश व बंदरों से क्षेत्र में फसल नुकसान को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदानंद सरोज को सौंपा।

सोमवार को समाजसेवी गोपी सिंह चौहान के नेतृत्व में तमाम गांव के लोग तहसील में एकत्र हुए। गोपी सिंह चौहान ने कहा कि ढकिया रघा, धमनपुर, बरहा मोहब्बतपुर, बिरसिंहपुर एवं आसपास के क्षेत्र में छुट्टा गोवंश एवं बंदरों की तादाद बहुत बढ़ गई है। जिससे किसानों की सैकड़ो बीघा फसल नष्ट हो गई है। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गोवंश के लिए आश्रय स्थल एवं बंदरों को पकड़ने के लिए वन विभाग द्वारा अभियान चलाया जाए।

उन्होंने कहा कि किसानों की जो फसल नष्ट हुई है। उसका सत्यापन कराकर मुआवजा दिया जाए।ज्ञापन देने बालों में अवधेश कुमार सिंह, देवांश सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, राम प्रकाश, कुलदीप, योगेश पाल आदि शामिल रहे।

## दबंगों ने अधिवक्ता के तख्त पर युवक के साथ की मारपीट

**शाहाबाद हरदोई।** तहसील में सोमवार कों करीब 3 बजे अधिवक्ता के तख़्त पर मारपीट के मामले में पैरवी करने आये युवक कों पुलिस की शय पर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना की लिखित तहरीर पुलिस कों दी है। पीड़ित सुदेश कुमार पुत्र राम चरन के अनुसार वह ग्राम तडेर की पारिवारिक परिचित प्रिन्सी पाल के साथ रविवार कों हुई मारपीट के मामले में उसके साथ तहसील में सोमवार दोपहर करीब तीन बजे वकील के तख़्त पर बैठा था। तभी तडेर निवासी महात्मा रामनरेश अपने पुत्र पंचम पत्नी और बहू के साथ तख़्त पर आया और गाली गलौज करते हुए उसने हमला कर दिया जिसमे उसके चोटे आई है। पीड़ित की लिखित तहरीर लेकर पुलिस ने घटना की जाँच शुरू कर दी है।

## विभागीय लक्ष्य के अनुरूप प्रति माह सोलर प्लाट लगवायें: मुख्य विकास अधिकारी

- सोलर उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करायें: सान्या छाबड़ा
- सोलर के लिए प्राप्त ऋण आवेदन पत्रों का 15 दिन में निस्तारण करायें: सीडीओ

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



नेडा विभाग की पीएम सूर्य योजना संबंधी बैठक आज मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्टेऊट में आहूत की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने पीओ नेडा को निर्देश दिये कि सोलर प्लांट लगाने हेतु शिक्षा विभाग, चिकित्सा सहित अन्य सभी विभागों में पत्र भेजें और सोलर के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करायें और विभागीय लक्ष्य के अनुरूप प्रति माह सोलर प्लाट लगवायें। सोलर उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों पर सीडीओ ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि सोलर उपभोक्ताओं की विद्युत समस्याओं के निस्तारण के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें और उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करायें। सोलर प्लांट के लिए बैंकों में लम्बित ऋण संबंधी आवेदन पत्रों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडीओ ने एलडीएम को निर्देश दिये कि सभी बैंको में सोलर हेतु लम्बित आवेदन पत्रों का 15 दिन में निस्तारण कराकर सोलर उपभोक्ताओं को ऋण उपलब्ध करायें। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## विद्युत संविदा मजदूर संगठन ने दिया धरना

**शाहजहांपुर।** विद्युत संविदा मजदूर संगठन शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर बैठक की गई। आपको बता दें आज जनपद शाहजहांपुर के थाना रोजा क्षेत्र में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी आउटसोर्सिंग संविदा सेवा निगम में विद्युत विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को शामिल करने की मांग की गई। पॉवर कॉरपोरेशन अध्यक्ष लखनऊ द्वारा बर्ष 2017 में संविदा मानको को तोड़कर छटनी का हवाला देकर निकाले गए निर्दोष संविदा कर्मियों को काम पर वापस लिया जाय। 55 बर्ष की आयु पूर्ण कर चुके स्वस्थ कर्मचारियों को काम पर वापस लिया जाए और कार्य करने की आयु सीमा 60 वर्ष की जाए। शाहजहांपुर मण्डल में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को वर्तमान में कार्यरत कार्य दायी संस्था ग्लोबल कम्पनी द्वारा ई एस आईं कार्ड ओर पहचान पत्र उपलब्ध कराये जाए तथा ई एस आईं कार्ड को जिले के किसी भी प्राइवेट हॉस्पिटल से सम्बद्ध किया जाए। शाहजहांपुर मण्डल में पूर्व में कार्यरत कार्यदायी संस्था ओरियन कम्पनी एवं बेसिल कम्पनी द्वारा कर्मचारियों को रिजाइन न करने के कारण ई पी एफ एकाउंट मर्ज ओर फंड न निकाने की समस्या का समाधान अतिशीघ किया जाए। मध्यांचल द्वारा संविदा कर्मचारियों का पूर्व में कार्यरत ओरियन कम्पनी का 14 माह का ई पी एफ भुगतान सी पी सी मध्यांचल द्वारा संविदा कर्मचारियों को अतिशीघ्र दिया जाए।

## हिन्दू नववर्ष पर समिति ने बच्चों में बांटें भगवा ध्वज



**हरदोई।** हिन्दू नव वर्ष के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर में प्रहलाद नगरी जन कल्याण समिति की महिला विंग द्वारा बच्चों को भगवा झंडों का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों को हिन्दू नववर्ष के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए सनातन संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में महिला विंग की पदाधिकारियों ने कहा कि सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की मजबूती के लिए सभी लोगों को हिन्दू नववर्ष को उत्साहपूर्वक मनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने-अपने घरों पर भगवा ध्वज लगाने की अपील करते हुए कहा कि यह हमारी परंपरा, आस्था और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। इस अवसर पर महिला विंग की जिला अध्यक्ष सरोज सिंघल, जिला महामंत्री ज्योति बघेल, पूजा गुप्ता, अनीता अवस्थी, गीता गुप्ता, आरती द्विवेदी, शशि श्रीवास्तव, मुस्कान सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह, ललित बाजपेई, स्नेह लता पाण्डेय, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## गैस वितरण निर्धारित समय पर कराना सुनिश्चित करायें: अनुनय झा



**हरदोई।** सोमवार को जिलाधिकारी अनुनय झा ने जनपद हरदोई में नगर क्षेत्र की गैस एजेन्सियों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने जिन्दपीर चौराहा स्थित दो गैस एजेन्सियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय पाया गया कि एजेन्सी के बाहर इस आशय की सूचना नहीं चस्पा की गई थी कि अन्तिम बुकिंग के 25 दिन के उपरान्त ही नवीन बुकिंग हो सकेगी, के कारण मौके पर कतिपय लाभार्थी भी अनावश्यक रूप से एजेन्सी के बाहर खड़े हुये पाये गये। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित एजेन्सी के प्रबन्धक को निर्देशित किया गया है बुकिंग से सम्बन्धित सूचना अनिवार्य रूप से एजेन्सी के बाहर चस्पा करे, जिससे कि अनावश्यक रूप से उपभोक्ताओं को एजेन्सी के बाहर खड़ा न होना पड़े, साथ ही एजेन्सी के प्रबन्धकों को यह भी निर्देशित किया गया है कि अनिवार्य रूप से बुकिंग के 48 से 72 घण्टों के भीतर गैस रिफिल की शत-प्रतिशत होम डिलीवरी की जाये, किसी भी दशा में एजेन्सी पर अनावश्यक रूप से भीड़ न लगने पाये। निरीक्षण के दौरान पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेण्डरों का स्टॉक उपलब्ध पाया गया तथा कहीं भी गैस रिफिल की कमी नहीं पायी गयी। इस अवसर जिला पूर्ति अधिकारी दिलीप कुमार व पूर्ति निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

### सूचना

मैं गुलजार सिंह सरन पुत्र हरभजन सिंह निवासी सैदापुर डावचाट बंडा, जनपद शाहजहांपुर अपना नाम बदलकर गुलजार सिंह रख लिया है। आगे मुझे गुलजार सिंह नाम से जाना जाएगा।

## पूर्वांचल महासभा का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



पूर्वांचल महासभा सेवा समिति द्वारा आयोजित पूर्वांचल होली समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्वांचली समाज के लोगों में प्रतिभाग कर आपसी भाईचारा और सांस्कृतिक एकता का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, प्रदीप पाण्डेय, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, कारागार अधीक्षक जेपी तिवारी, डा. अजय तिवारी, राम निवास, सतीश चन्द्र मिश्र अध्यक्ष पूर्वांचल महासभा द्वारा दीप जलाकर हुआ। अध्यक्ष सतीश चन्द्र मिश्र ने अतिथि महानुभावों का परिचय कराया। पूर्वांचल महासभा की कार्यकारिणी एवं गणमान्य नागरिक तथा विशेष आमंत्रित बंधुओं को भी बैच लम्गाकर तथा पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। दूरदर्शन कलाकार अनुष्का यादव, अखिल यादव बलिया, सुबोध , शान यादव आदि ने देढ़ पूरबिया अंदाज में भोजपुरी के पारंपरिक गीतों, फगुआ, चाइता माकर उपस्थिक दर्शक समूह को मंत्र मुग्ध कर दिया। श्री कृष्ण यादव द्वारा भोजपुरी में प्रभावी संचालन ने कार्यक्रम को विशिष्ट बना दिया।मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने पूर्वांचल से अपने लगाव और आत्मीयता से जुड़े संस्मरणों की चर्चा करते हुए बताया की होली का पर्व केवल रंगो का उत्सव नहीं अपितु समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और समरसता का सन्देश देने वाला पर्व है। नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्र ने कहा की होली अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं को सहेजने का अवसर प्रदान करता है। जेल अधीक्षक जेपी तिवारी ने आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए। होली की शुभकामनाएं प्रदान दी। सभी ने एक दुसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। सभी ने सहभोज का आनंद लिया तथा देर रात्रि तक सांस्कृतिक आयोजन का आनंद लिया। अध्यक्ष सतीश चन्द्र मिश्र ने सभी अतिथि महानुभावों, आयोजन समिति, गन्ना प्रशिक्षण केंद्र के पराधिकारियों और कलाकारों को प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को चिरस्मणीय एवं सफल आयोजन बनाने में रूपेश रावत उपाध्यक्ष अनिल मौर्य, कमलेश यादव, ओम प्रकाश, राजेश सिंह, शम्भु शरण शुल्क, विपुल प्रसाद, वंश राज सिंह, सुनील तिवारी, परमात्मा सिंह, विश्वनाथ मिश्र, डॉ. गोरखनाथ गुप्ता, मुन्ना लाल, लालजीत यादव, श्री राम बाबू, पशुपतिनाथ उपाध्या मुकेश परिहार, डॉ. आलोक सिंह (प्रवक्ता), एसके पाण्डेय, अर्जुनपुरी, त्रिवेणी मिश्र आदि का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर कृभको फर्टीलाइजर्स, रिलायंस रोज़ा थर्मल पॉवर, ओसीएफ, रोडवेज और रेलवे में कार्यस्त लोग भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत कांँट, जनपद- शाहजहांपुर

पत्रांक-314/न0पं0 कांँट / 2025-2026 — दिनांक 16 मार्च, 2026

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कांँट, शाहजहाँपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु विभिन्न ठेकों की नीलामी दिनांक 28.03.2026 को पूर्वान्ह 12:00 बजे नगर पंचायत परिसर में खुली बोली के माध्यम से की जायेगी।

इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथि व समय से उपस्थित होकर अग्रिम जमानत धनराशि जमा करने के उपरान्त बोली में भाग ले सकते हैं। अंकन रु0 50,000/= से अधिक के ठेकों के लिए जिलाधिकारी महोदय, शाहजहाँपुर द्वारा प्रदत्त हैसियत व चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा। ठेका स्वीकृत उपरान्त ठेकेदार को तत्काल निर्धारित दर पर देय स्टाम्प पर उप निबन्धक कार्यालय सदर में अपने व्यय पर अनुबन्ध करना होगा। नीलामी की शर्ते / शरायतें नगर पंचायत कार्यालय के कार्य दिवस में निःशुल्क देखी व पढ़ी जा सकती हैं।

ठेकों का विवरण निम्नवत है-

| क्र.सं. | ठेके का विवरण | अग्रिम जमानत राशि |
|---|---|---|
| 1. | ठेका पार्किंग शुल्क | 2,00,000.00 |
| 2. | ठेका सार्वजनिक शौचालय 10 सीटेड (मदनापुर रोड पर) | 5,000.00 |
| 3. | ठेका सार्वजनिक शौचालय 10 सीटेड (रोडवेज बस स्टैण्ड में) | 5,000.00 |
| 4. | ठेका सार्वजनिक पिंक शौचालय 05 सीटेड (रोडवेज बस स्टैण्ड में) | 5,000.00 |
| 5. | रामताल गाटा सं0-1447 (मछली पालन हेतु) (मरघट ताल के पास) | 50,000.00 |
| 6. | मरघट ताल गाटा सं0-1436 मछली पालन हेतु (रामलीला मैदान के निकट) | 50,000.00 |
| 7. | हड्डी चरसा (मुर्दा मवेशी) | 2,000.00 |

अधिशासी अधिकारी — अध्यक्ष

## बयान और हकीकत के बीच

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने लोकसभा में वक्तव्य देकर देश को आश्वस्त करने की कोशिश की कि कच्चा तेल, पेट्रोल-डीजल, गैस, मिट्टी का तेल और विमानन टरबाइन ईंधन की कोई कमी नहीं है। तेल के पर्याप्त भंडार हैं। हम 40 देशों से कच्चा तेल मंगवा रहे हैं। घरेलू गैस एलपीजी पर दहशत और घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि गैस सिलेंडर की आपूर्ति औसतन अढ़ाई दिन में सुनिश्चित करने के आदेश हैं। सीएनजी की सप्लाई 100 फीसदी है और एलएनजी कार्गो हरमोज से आ रहे हैं। एलपीजी का उत्पादन 28 फीसदी बढ़ा दिया गया है। मंत्री ने जमाखोरी, कालाबाजारी का भी जिक्र किया। इससे कौन निपटेगा? गैस एजेंसियों के कर्मचारी ही सरेआम घरेलू गैस का सिलेंडर 2500-3000 रुपए में बेच रहे हैं। क्या उन पर अंकुश लगाया जा सकता है? मंत्री ने यह भी कहा कि यह 'फेक नेरेटिव' फैलाने का समय नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी लगभग यही बात कही है, लेकिन वह चुनावी सभाओं में बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री या तो देश को संबोधित करें अथवा संसद में आकर बोलें, चुनावी रैलियों की बात पर जनता भरोसा नहीं करती। चूंकि मंत्री ने संसद में बयान दिया है, लिहाजा देश को विश्वास करना चाहिए, लेकिन आंखें जो यथार्थ देख रही हैं, वह क्या है? सड़कों पर लोग बिछने लगे हैं। पेट्रोल पंपों पर भीड़ उमड़ी है और गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लगी हैं। रसोई गैस गायब है और अनिश्चित है कि सिलेंडर कब मिलेगा? घर की रसोई में खाना बनेगा अथवा नहीं! तेल कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर को 60 रुपए और कमर्शियल सिलेंडर को 114.5 रुपए महंगा क्यों किया? युद्धकाल में ही महंगा क्यों किया गया? इससे भी संवेदनशील सच यह है कि अयोध्या में 'राम रसोई' को बंद करना पड़ा है, जहां औसतन 20,000 से 30,000 लोग रोजाना मुफ्त खाना खाते थे। हालांकि विकल्प तलाशे जा रहे हैं। मुंबई के 'सिद्धिविनायक मंदिर' में इंडक्शन चूल्हे पर प्रसाद आदि बनाया जा रहा है। बेंगलुरु के 'बनशंकरी मंदिर' में प्रसाद बंद करना पड़ा है। दिल्ली उच्च न्यायालय की रसोई बंद कर दी गई है। कुछ पैकबंद और फूट चाट आदि परोसे जा रहे हैं। 'शताब्दी एक्सप्रेस' ट्रेन के कुछ रूट पर गरम, ताजा खाना नहीं मिला, बल्कि पैकबंद खाना परोसा गया। छोटे ढाबे या तो बंदी के कगार पर हैं अथवा उन्होंने एक-दो भोजन बनाने तक ही सीमित कर लिया है। वे डीजल की भट्ठी जला रहे हैं। घोर प्रदूषण! मुंबई के 50 फीसदी होटल, रेस्तरां भी तालाबंदी की सोच रहे हैं। तमिलनाडु में यह आंकड़ा करीब 10,000 है। अर्थव्यवस्था को झटके लग रहे हैं और रोजगार भी छिन रहा है। इनकी भरपाई कैसे होगी? दरअसल यह भारत का औसतन ऊर्जा-सच है। कई उदाहरण सामने आ रहे हैं, क्योंकि कमर्शियल गैस भी उपलब्ध नहीं है। भारत 60-66 फीसदी गैस आयात करता है। अब हम 22 लाख टन गैस अमरीका से आयात करेंगे, लेकिन वह गैस 45 दिन के बाद भारत पहुंचेगी। खाड़ी देशों ने युद्ध के कारण आपूर्ति रोक दी है, उत्पादन भी बहुत कम कर दिया है। ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बिल्कुल बंद कर दिया है। पानी के नीचे बारूदी सुरंगें बिछा दी हैं। ईरानी सैनिक तेल के जहाजों पर हमले कर उन्हें भस्म कर रहे हैं। दिलचस्प तथ्य सामने आया है कि हम मात्र पौने दो दिन की गैस का ही भंडारण कर सकते हैं। उसके लिए विशाखापट्टनम और मंगलुरु में ही मात्र दो भूमिगत भंडारण की गुफाएं हैं। देश की आबादी 147 करोड़ से अधिक और गैस भंडारण की मात्र दो गुफाएं! कितने पराश्रित और अधूरे हैं हम! पेट्रोलियम मंत्री ने यह भी आश्वस्त किया है कि रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं, लिहाजा 50 लाख एलपीजी सिलेंडर की रोजाना आपूर्ति की जा रही है। होटल, रेस्तरां वालों को वैकल्पिक ईंधन इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। उसके कार्बन उत्सर्जन बढ़ेगा और प्रदूषण भी अधिक होगा, भारत उसका क्या जवाब देगा? भारत 'पेरिस संधि' का एक सदस्य है और उसे तय समय-सीमा में उत्सर्जन कम करना है। बहरहाल मंत्री कुछ भी कहें, लेकिन भारत में ऊर्जा-संकट साक्षात दिखाई दे रहा है। जगह-जगह लोग खाली सिलेंडरों के साथ घरों को लौट रहे हैं और गैस एजेंसियों के आगे लोगों की लंबी-लंबी कतारें दिख रही हैं। शहरी क्षेत्रों में समस्याएं ज्यादा आ रही हैं।

# साझा चूल्हा : संकट से समाधान की राह

*डॉ. प्रियंका सौरभ*

रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों को लेकर समय-समय पर देश में राजनीतिक बहस तेज हो जाती है। विपक्ष इसे आम आदमी पर बढ़ते आर्थिक बोझ के रूप में उठाता है, तो सत्ता पक्ष अंतरराष्ट्रीय बाजार और वैश्विक परिस्थितियों का हवाला देता है। यह बहस लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, क्योंकि महंगाई और जीवनयापन की लागत सीधे जनता के जीवन को प्रभावित करती है। लेकिन इस पूरे विमर्श में अक्सर एक महत्वपूर्ण पक्ष छूट जाता है–समाज की अपनी सामूहिक शक्ति और संकट के समय मिल-जुलकर समाधान खोजने की क्षमता।

भारतीय समाज की मूल संरचना ही सामूहिकता पर आधारित रही है। यहां परिवार केवल पति-पत्नी और बच्चों तक सीमित नहीं होता, बल्कि विस्तृत रिश्तों और समुदाय के साथ जुड़ा रहता है। गांवों में तो यह भावना और भी गहरी दिखाई देती है, जहां कठिन परिस्थितियों में पूरा समाज एक-दूसरे के साथ खड़ा होता है। इसी सामाजिक संस्कृति का एक महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है -साझा चूल्हा। साझा चूल्हा केवल भोजन पकाने का साधन नहीं था, बल्कि वह सामूहिक जीवन की भावना का केंद्र था। सीमित संसाधनों के दौर में कई परिवार मिलकर एक ही चूल्हे पर भोजन बनाते थे। इससे ईंधन की बचत होती थी, श्रम का बंटवारा होता था और सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि समाज के लोगों के बीच संवाद और अपनापन बना रहता था। भोजन केवल पेट भरने का माध्यम नहीं रहता था, बल्कि वह सामाजिक संबंधों को मजबूत करने का अवसर बन जाता था।

समय के साथ जीवनशैली में बदलाव आया। तकनीकी विकास, शहरीकरण और आर्थिक प्रगति ने जीवन को सुविधाजनक तो बनाया, लेकिन सामूहिक परंपराओं को धीरे-धीरे कमजोर भी किया। आज लगभग हर घर में अलग रसोई और अलग चूल्हा है। यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता का प्रतीक भी माना जाता है। लेकिन इसके साथ ही समाज में एक प्रकार की दूरी भी बढ़ी है। पड़ोस में रहने वाले लोग भी कई बार एक-दूसरे से अपरिचित रह जाते हैं। इसी संदर्भ में जब गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों की चर्चा होती है, तो हमें केवल राजनीतिक बहस तक सीमित रहने के बजाय सामाजिक दृष्टि से भी सोचने की आवश्यकता है। क्या हम अपनी परंपराओं से कोई ऐसी सीख ले सकते हैं जो आज की परिस्थितियों में भी उपयोगी हो? साझा चूल्हा का विचार इसी दिशा में एक प्रेरक उदाहरण हो सकता है।

हमारे समाज में भंडारे और लंगर की परंपरा सदियों से चली आ रही है। धार्मिक आयोजनों, मंदिरों, गुरुद्वारों और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में हजारों लोग एक ही रसोई से भोजन प्राप्त करते हैं। वहां न जाति का भेद होता है, न आर्थिक स्थिति का। सभी लोग एक साथ बैठकर भोजन करते हैं। यह परंपरा केवल सेवा भावना ही नहीं, बल्कि सामाजिक समानता और एकता का भी प्रतीक है। यदि समाज ऐसे बड़े आयोजनों में सामूहिक रसोई को सहजता से स्वीकार कर सकता है, तो फिर रोजमर्रा के जीवन में इस विचार को अपनाने में संकोच क्यों? यह आवश्यक नहीं कि हर जगह बड़े स्तर पर सामुदायिक रसोई स्थापित की जाए, लेकिन छोटे-छोटे स्तर पर भी सहयोग की भावना विकसित की जा सकती है। उदाहरण के लिए, किसी मोहल्ले या समुदाय के कुछ परिवार मिलकर सामूहिक रूप से भोजन बनाने की व्यवस्था कर सकते हैं, विशेषकर उन परिस्थितियों में जब संसाधन सीमित हों या खर्च अधिक हो रहा हो।



संकट के समय समाज की असली परीक्षा होती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कठिन परिस्थितियां आईं, भारतीय समाज ने सामूहिकता और सहयोग के बल पर उनका सामना किया है। प्राकृतिक आपदाओं से लेकर आर्थिक चुनौतियों तक, लोगों ने एक-दूसरे की मदद करके परिस्थितियों को संभाला है। यही हमारी सामाजिक संस्कृति की सबसे बड़ी ताकत है। आज जब वैश्विक स्तर पर आर्थिक और ऊर्जा संबंधी चुनौतियां सामने हैं, तब यह और भी आवश्यक हो जाता है कि हम केवल राजनीतिक विमर्श तक सीमित न रहें, बल्कि सामाजिक समाधान की दिशा में भी सोचें। साझा चूल्हा इसी सोच का एक प्रतीक हो सकता है—एक ऐसा प्रतीक जो हमें बताता है कि संकट केवल समस्या नहीं, बल्कि अवसर भी हो सकता है। यदि समाज में सहयोग और साझेदारी की भावना मजबूत हो, तो कई कठिनाइयां आसान हो जाती हैं। जब लोग मिलकर काम करते हैं, तो संसाधनों का बेहतर उपयोग होता है और समस्याओं का बोझ भी साझा हो जाता है। यही कारण है कि सामुदायिक जीवन की परंपराएँ सदियों तक हमारे समाज को स्थिर और मजबूत बनाए रखती रही हैं। अंततः यह समझना आवश्यक है कि साझा चूल्हा केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की एक संभावित दिशा भी हो सकता है। यह हमें याद दिलाता है कि आधुनिकता और परंपरा विरोधी नहीं हैं; बल्कि यदि दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया जाए तो समाज और अधिक सशक्त बन सकता है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी परंपराओं से मिलने वाले संदेश को समझें और उसे आधुनिक संदर्भों में लागू करने का प्रयास करें। यदि समाज सहयोग और साझेदारी की भावना को फिर से जीवित कर सके, तो केवल गैस सिलेंडर ही नहीं, बल्कि जीवन की कई अन्य चुनौतियां भी सहज रूप से हल हो सकती हैं।

यह विचार केवल आर्थिक बचत तक सीमित नहीं है। साझा चूल्हा समाज में सहयोग और संवाद की संस्कृति को भी मजबूत कर सकता है। जब लोग एक साथ बैठते हैं, काम करते हैं और भोजन साझा करते हैं, तो उनके बीच विश्वास और समझ बढ़ती है। सामाजिक तनाव कम होते हैं और समुदाय की एकजुटता मजबूत होती है। खेती-किसानी, पशुपालन या अन्य श्रमसाध्य कार्यों से जुड़े लोग इस भावना को अधिक अच्छी तरह समझते हैं। ग्रामीण जीवन में श्रम और संसाधनों का साझा उपयोग एक सामान्य बात है। खेतों में काम के दौरान कई परिवार मिलकर भोजन की व्यवस्था करते हैं। त्योहारों और सामाजिक अवसरों पर भी सामूहिक भोजन की परंपरा देखने को मिलती है। यह केवल परंपरा नहीं, बल्कि जीवन को सरल और संतुलित बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी है।

इसके विपरीत, आधुनिक शहरी जीवन ने कई लोगों को सुविधाओं के बीच तो रखा है, लेकिन उन्हें सामाजिक ताने-बाने से कुछ हद तक दूर भी कर दिया है। व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजी जीवन की अवधारणा ने सामूहिकता की भावना को कमजोर किया है। लोग अपने घरों में सीमित हो गए हैं और पड़ोस या समुदाय के साथ उनका संपर्क कम होता जा रहा है। इसका परिणाम यह हुआ है कि समाज में एक प्रकार का अकेलापन और अलगाव भी बढ़ रहा है।

ऐसे में साझा चूल्हा केवल आर्थिक या व्यावहारिक समाधान नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्संरचना का भी एक प्रतीक बन सकता है। यह हमें याद दिलाता है कि समाज की असली ताकत केवल सरकारी नीतियों में नहीं, बल्कि लोगों के आपसी सहयोग और एकता में भी होती है। जब समाज संगठित होता है, तो वह कई समस्याओं का समाधान स्वयं खोज लेता है। बेशक, आज की परिस्थितियां पहले जैसी नहीं हैं। शहरों की जीवनशैली, काम के अलग-अलग समय और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के कारण हर जगह साझा चूल्हा लागू करना संभव नहीं हो सकता। लेकिन इस विचार का मूल संदेश–सहयोग और साझेदारी–आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना पहले था। यदि समाज इस भावना को अपनाए, तो कई समस्याओं का प्रभाव स्वतः कम हो सकता है। दरअसल, संकट के समय समाज की असली परीक्षा होती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कठिन परिस्थितियां आईं, भारतीय समाज ने सामूहिकता और सहयोग के बल पर उनका सामना किया है। प्राकृतिक आपदाओं से लेकर आर्थिक चुनौतियों तक, लोगों ने एक-दूसरे की मदद करके परिस्थितियों को संभाला है। यही हमारी सामाजिक संस्कृति की सबसे बड़ी ताकत है। आज जब वैश्विक स्तर पर आर्थिक और ऊर्जा संबंधी चुनौतियां सामने हैं, तब यह और भी आवश्यक हो जाता है कि हम केवल राजनीतिक विमर्श तक सीमित न रहें, बल्कि सामाजिक समाधान की दिशा में भी सोचें। साझा चूल्हा इसी सोच का एक प्रतीक हो सकता है–एक ऐसा प्रतीक जो हमें बताता है कि संकट केवल समस्या नहीं, बल्कि अवसर भी हो सकता है। यदि समाज में सहयोग और साझेदारी की भावना मजबूत हो, तो कई कठिनाइयां आसान हो जाती हैं। जब लोग मिलकर काम करते हैं, तो संसाधनों का बेहतर उपयोग होता है और समस्याओं का बोझ भी साझा हो जाता है। यही कारण है कि सामुदायिक जीवन की परंपराएँ सदियों तक हमारे समाज को स्थिर और मजबूत बनाए रखती रही हैं। अंततः यह समझना आवश्यक है कि साझा चूल्हा केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की एक संभावित दिशा भी हो सकता है। यह हमें याद दिलाता है कि आधुनिकता और परंपरा विरोधी नहीं हैं; बल्कि यदि दोनों के बीच संतुलन स्थापित किया जाए तो समाज और अधिक सशक्त बन सकता है।

इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी परंपराओं से मिलने वाले संदेश को समझें और उसे आधुनिक संदर्भों में लागू करने का प्रयास करें। यदि समाज सहयोग और साझेदारी की भावना को फिर से जीवित कर सके, तो केवल गैस सिलेंडर ही नहीं, बल्कि जीवन की कई अन्य चुनौतियां भी सहज रूप से हल हो सकती हैं। साझा चूल्हा अंततः एक विचार है–एक ऐसा विचार जो बताता है कि जब समाज एक साथ खड़ा होता है, तो संकट भी अवसर बन सकता है और कठिन समय भी एक प्रकार के उत्सव में बदल सकता है। यही भारतीय सामाजिक संस्कृति की असली पहचान और ताकत है।

*(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

विचार

# आशा और सामूहिक प्रयास से विघटित समाज का एकीकरण



*प्रोफेसर संजय भट्ट,*
*अध्यक्ष नापस्वी व सेवा-निवृत्त प्रोफेसर समाज कार्य विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय*



*डॉ. शैलेश*
*सहायक प्रोफेसर,*
*ऐमिटी विश्व-विद्यालय हरियाणा*

विश्व समाज कार्य दिवस हर साल मार्च के तीसरे मंगलवार को मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है, "विभाजित समाज को एकजुट करने के लिए आशा और सद्भाव का सह-निर्माण : हराम्बे का आह्वान।" यह विषय समाज कार्य की उस महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है जिसके माध्यम से विभिन्न समुदायों, संस्कृतियों और संस्थाओं के बीच एकता को बढ़ावा दिया जा सकता है, ताकि न्यायपूर्ण और टिकाऊ भविष्य का निर्माण हो सके। आशा और सद्भाव के सह-निर्माण का यह संदेश हमें याद दिलाता है कि जब हम सामूहिक रूप से आगे बढ़ते हैं तो कोई भी चुनौती असंभव नहीं रहती। यह एक ऐसा आह्वान है जो साझा मूल्यों, सामूहिक जिम्मेदारियों और संयुक्त अपेक्षाओं के माध्यम से लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने का प्रयास करता है।

**हराम्बे की भावना :-** "हराम्बे" एक स्वाहिली शब्द है जिसका अर्थ है, "सब मिलकर प्रयास करें" या "सभी साथ मिलकर आगे बढ़ें।" यह नारा केन्या के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बना था। केन्या के राष्ट्रपति जोमो केन्याता ने हराम्बे की इस भावना को लोकप्रिय बनाया। इसका मूल दर्शन यह था कि संसाधनों और प्रयासों का सामूहिक उपयोग ऐसी उपलब्धि प्राप्त कर सकता है, जो अकेले व्यक्ति के लिए संभव नहीं है। यह केवल एक नारा नहीं था,बल्कि सामाजिक सहयोग और एकजुटता का गहरा सिद्धांत था।

पश्चिमी समाज और भारत दोनों में सामाजिक विभाजन तेजी से बढ़ रहा है, जो लोकतांत्रिक एकता और सामाजिक विश्वास को चुनौती देता है। हालांकि, यही विभाजन एक अवसर भी प्रस्तुत करता है-जहाँ साझा लक्ष्यों के माध्यम से आशा और सद्भाव का सामूहिक निर्माण किया जा सकता है। हराम्बे का मॉडल सार्वजनिक स्थानों और सामाजिक मंचों को पुनर्जीवित करने की बात करता है जहाँ विभिन्न पृष्ठभूमि के नागरिक मिलकर शिक्षा सुधार, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास जैसे साझा लक्ष्यों पर काम कर सकें। आज के समय में जब विश्व राजनीतिक ध्रुवीकरण, आर्थिक असमानता, पहचान संबंधी संघर्षों और डिजिटल विभाजन से जूझ रहा है, तब हराम्बे की भावना फिर से प्रासंगिक होती जा रही है।

**आधुनिक विश्व का विभाजन :-** पश्चिमी लोकतांत्रिक राजनीतिक संरचनाएँ प्रायः पुनर्जागरण के विचारों से प्रभावित हैं, जिनमें व्यक्तिगत स्वतंत्रता, धर्मनिरपेक्ष शासन और कानून के शासन का महत्व शामिल है। अमेरिकी संविधान तथा ब्रिटिश संसदीय परंपराओं ने ऐसी संस्थाओं की स्थापना की जो व्यक्तिगत अधिकारों और प्रतिनिधि शासन को महत्व देती हैं। हालाँकि इन आदर्शों के बावजूद समाज में विभिन्न प्रकार के बहिष्कार मौजूद रहे। उदाहरण के लिए अमेरिका में दास प्रथा, यूरोपीय शक्तियों द्वारा उपनिवेशों का आर्थिक-राजनीतिक शोषण और पश्चिमी देशों में महिलाओं के अधिकारों का लंबे समय तक दमन। समय के साथ नागरिक अधिकार आंदोलनों ने अधिक समावेशिता को बढ़ावा दिया, फिर भी ऐतिहासिक असमानताओं की विरासत आज भी नस्ल, आप्रवासन और राष्ट्रीय पहचान से जुड़ी बहसों को प्रभावित करती है। इसके विपरीत, भारत में सामाजिक एकता का विकास एक अलग ऐतिहासिक मार्ग से हुआ। हजारों वर्षों से यह उपमहाद्वीप अनेक राजवंशों, भाषाओं और धर्मों का घर रहा है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, जिसका नेतृत्व गांधी जैसे नेताओं ने किया, अहिंसा, बहुलवाद और जनसहभागिता पर आधारित था। स्वतंत्रता के बाद भारत का संविधान अपनाया गया जिसने धर्मनिरपेक्षता को स्थापित करते हुए सभी धर्मों और जातियों के लिए समानता का वादा किया। ऐतिहासिक असमानताओं को दूर करने के लिए आरक्षण जैसी नीतियाँ भी लागू की गईं। पश्चिमी व्यक्तिवाद के विपरीत, भारतीय समाज पारंपरिक रूप से परिवार, जाति, ग्राम पंचायत और धार्मिक संस्थाओं जैसे सामुदायिक ढाँचों पर आधारित रहा है। ये संरचनाएँ देश को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करती हैं,लेकिन कई बार सामाजिक पदानुक्रम को भी मजबूत करती हैं। इसलिए जहाँ पश्चिमी समाज सामाजिक विखंडन से जूझ रहे हैं, वहीं भारत को सामुदायिक एकता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाने की चुनौती का सामना करना पड़ता है। जिससे निपटने के लिए सामुदायिक व सामूहिक प्रयास जरूरी हैं।

**सांस्कृतिक पहचान और नागरिक परंपराएँ :-** पश्चिमी समाज में बहुसांस्कृतिक परिवेश के कारण राष्ट्रीय पहचान पर बहस बढ़ रही है। प्रवासन ने समाज को आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध तो बनाया है, लेकिन इससे सांस्कृतिक एकता के बारे में चिंताएँ भी पैदा हुई हैं। अमेरिकी,ब्रिटिश, फ्रांसीसी या जर्मन पहचान क्या है-क्या यह साझा नागरिक मूल्यों पर आधारित है या वंश और परंपरा पर? इन प्रश्नों पर होने वाली बहसें, सामाजिक दृष्टिकोण और नीतियों को गहराई से प्रभावित करती हैं।

पश्चिमी देशों में नागरिक संस्कृति अक्सर स्वैच्छिक संगठनों और नागरिक समाज की सक्रियता पर आधारित है, हालांकि हाल के वर्षों में संस्थाओं पर विश्वास में कमी आई है। भारत में सामुदायिक त्योहार, धार्मिक आयोजन और पारिवार सामाजिक संबंधों को मजबूत करते हैं, लेकिन कभी-कभी ये विभिन्न समुदायों के बीच संवाद को सीमित भी कर सकते हैं। साथ ही भारत की राष्ट्रीय पहचान भी लगातार विकसित हो रही है। यहाँ धार्मिक विविधता, क्षेत्रीय स्वायत्तता और अनेक भाषाओं की उपस्थिति राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा हैं। भारतीय संविधान "विविधता में एकता" की अवधारणा को बढ़ावा देता है। ऐसे में सामुदायिक शांति के लिए अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करना और नागरिकता की एक समावेशी भावना विकसित करना आवश्यक है।

**सामूहिक भविष्य और समाज कार्य की जिम्मेदारी :-** जलवायु परिवर्तन, महामारी और आर्थिक संकट जैसी वैश्विक चुनौतियाँ राष्ट्रीय सीमाओं का सम्मान नहीं करतीं। इसलिए सहयोग अब विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता बन गया है। भले ही पश्चिमी लोकतंत्र और भारत की कार्यप्रणाली अलग हो, लेकिन दोनों प्रतिनिधि शासन प्रणाली पर आधारित हैं। ईसाई, हिंदू, मुस्लिम, सिख और बौद्ध परंपराओं में करुणा और सामूहिक जिम्मेदारी की शिक्षा मिलती है। इसी प्रकार कई धर्मनिरपेक्ष विचारधाराएँ भी समान मूल्यों को प्रोत्साहित करती हैं। ऐसे में समाज कार्य के दर्शन एवं हराम्बे की भावना हमें याद दिलाती है कि एकता बाहर से थोपी नहीं जाती; इसे समाज के भीतर ही विकसित करना पड़ता है। आज पश्चिमी समाजों में बढ़ते ध्रुवीकरण और भारत में बहुलता की जटिलताओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास अनिवार्य है।

आशा तब उत्पन्न होती है जब लोग कठोर वैचारिक सीमाओं से परे संवाद करते हैं। तथा सामाजिक एकता तब मजबूत होती है जब नीतियाँ न्यायपूर्ण और सहानुभूतिपूर्ण हों। इसलिए साझा विकास के लिए विनम्रता, संवाद और साहस आवश्यक प्रतीत होते हैं। समाज तभी समृद्ध हो सकता है जब लोग यह समझें कि उनका कल्याण उनके पड़ोसियों के कल्याण से जुड़ा हुआ है। निस्संदेह, केन्या से उत्पन्न हराम्बे का सिद्धांत आज वैश्विक महत्व रखता है। विभाजन के इस दौर में यह हमें याद दिलाता है कि सामूहिक प्रयास ही वह मार्ग है जो सम्मान, प्रगति तथा साझा आकांक्षाओं पर आधारित भविष्य का निर्माण कर सकता है। इसलिए आज समाज कार्य को उपर्युक्त मूल्यों को आत्मसात करने की ज्यादा जरूरत है।

sanjaibhatt@gmail.com
2982.shailesh@gmail.com

साहित्य



## झाड़ू बेचने वाला...!

**संजय एम तराणेकर**

सुबह की पहली किरण के संग,
कंधे पर उम्मीदों का बोझ लिए,
निकल पड़ता है वह चुपचाप
गली-गली में अपना रोज़ लिए।
झाड़ू ले लो झाड़ू! की ध्वनि
सन्नाटे को चीरकर जाती है,
हर दरवाज़े पर उसकी आशा
धीरे से दस्तक देकर आती है।
कभी कोई दाम कम कर देता,
कभी कोई यूँ ही टाल देता,
पर वह मुस्कुराकर आगे बढ़ता,
दिल का दर्द भी संभाल लेता।
उसकी झाड़ू सिर्फ कूड़ा नहीं,
घर-आँगन की धूल हटाती है,
कौन समझे उस कमज़ोर की
जिदगी कितनी झाड़ू लगाती।
शाम को जब थका-हारा लौटे,
थैली में थोड़े से होते हैं रूपये
अपने बच्चों की हँसी देखकर
उसके सारे दुख होते हैं छोटे।
वह जानता और समझता है
कल फिर सुबह सूरज निकलेगा,
और वह फिर गलियों में जाएगा,
झाड़ू ले लो झाड़ू पुकारेगा,
और उम्मीदों से अपना घर,
रोशन करने का ख्वाब सजाएगा।



## राशिफल

**मेषः-** कोई छोटी बात भी परिवार के तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छवि बनाएं। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक ढंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाएं याद आएंगी।

**तुलाः-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिकः-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# राष्ट्रीय राजनीति भी तय करेंगे विधानसभा चुनाव

*राज कुमार सिंह*

पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी चेरी में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनाव परिणाम इन 5 राज्यों में भावी सरकार का फैसला ही नहीं करेंगे, राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी बताएंगे। इन राज्यों का सत्ता संग्राम ज्यादा दिलचस्प इसलिए भी होगा, क्योंकि 2 राज्यों में केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन राजग की सरकारें हैं तो 3 में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की। सबसे ज्यादा निगाहें पश्चिम बंगाल के चुनाव पर रहेंगी।

ममता बनर्जी वहां 3 बार से मुख्यमंत्री हैं। दिलचस्प समीकरण यह कि पहले सत्ता में रही कांग्रेस और फिर 3 दशक से भी ज्यादा सत्तारूढ़ रहा वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिए पर हैं, जबकि भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन चुकी है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने बंगाल में बदलाव का माहौल तो बनाया था लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई, जबकि ममता की तृणमूल 215 सीटें जीत गई। दोनों दलों के मत प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत का भारी अंतर रहा। बेशक 3 सीटों से 77 सीटों की छलांग कम चमत्कारिक नहीं, पर बहुमत का आंकड़ा 147 है। तमाम तिकड़मों के बावजूद भाजपा उसका आधा सफर ही तय कर पाई। 2 सीटों से लड़ीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को नंदीग्राम सीट से शुभेंदु अधिकारी द्वारा हरा देना शायद भाजपा की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। लगातार 3 कार्यकाल के बाद ममता और तृणमूल के विरुद्ध सत्ता विरोधी भावना की संभावना से इंकार नहीं, पर उसका चुनावी लाभ उठाने के लिए स्वीकार्य विश्वसनीय चेहरा और मजबूत संगठन तो चाहिए। विशाल अल्पसंख्यक वोट बैंक तृणमूल कांग्रेस की बड़ी चुनावी ताकत है। इसीलिए भाजपा हिंदू मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने की कवायद करती रहती है। इस कवायद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सक्रियता से भाजपा अपने और तृणमूल के बीच के फासले को कितना तय कर पाएगी, पश्चिम बंगाल का चुनाव परिणाम इस पर काफी निर्भर करेगा। पिछली बार मिल कर लड़े कांग्रेस और वाम मोर्चा इस बार अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरेंगे। उनकी सीमित चुनावी भूमिका में यह देखना दिलचस्प रहेगा कि वे तृणमूल के अल्पसंख्यक वोट बैंक में सेंध लगाते हैं या फिर सत्ता विरोधी मतदाताओं में हिस्सा बंटा कर भाजपा को नुकसान पहुंचाते हैं। एक बात तय है कि यह चुनाव ममता और भाजपा, दोनों के लिए करो या मरो वाला रहेगा। ममता के लिए यह चुनाव सबसे चुनौतीपूर्ण होगा। इसलिए भाजपा के लिए बंगाल में सरकार बनाने का यह सबसे अनुकूल अवसर भी माना जा रहा है। अगर ममता चौथी बार भी जनादेश पाने में सफल रहीं तो विपक्षी गठबंधन इंडिया के जरिए राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को नजरअंदाज करना कांग्रेस के लिए मुश्किल हो जाएगा।

तमिलनाडु की राजनीति अर्से तक द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच 2 ध्रुवीय रही लेकिन जयललिता के निधन के बाद वह संतुलन गड़बड़ा गया है। अन्नाद्रमुक के एकीकरण और उससे गठबंधन के जरिए भाजपा वहां सत्ता परिवर्तन की संभावनाएं तलाश रही है लेकिन एम.के. स्टालिन सरकार के कार्यकाल में सनातन धर्म और हिंदी भाषा को लेकर रह-रह कर उठते रहे विवादों के बावजूद यह आसान नहीं लगता। हां, टी.वी.के. नामक दल बना कर फिल्म अभिनेता से राजनेता बने थलापति विजय अगर बड़ी ताकत बन कर उभरे तो तमाम समीकरण गड़बड़ा सकते हैं। अगर द्रमुक गठबंधन सत्ता बचाने में सफल रहा तो उससे राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का भी मनोबल बढ़ेगा ही। वैसे सनातन और हिंदी विरोधी छवि के मद्देनजर स्टालिन के लिए राष्ट्रीय राजनीति की डगर आसान नहीं होगी। इंडिया गठबंधन भी उनसे जुड़े विवादों से बचना ही चाहेगा। अगर टी.वी.के. की चुनावी मौजूदगी से गैर द्रमुक दलों की सत्ता संभावनाएं बनीं, तो वह एक धुर दक्षिण भारतीय राज्य में भाजपा के लिए बिना टिकट खरीदे ही लॉटरी खुल जाने से कम नहीं होगा।

5 चुनावी राज्यों में भाजपा की जीत की सबसे बेहतर संभावनाएं असम में हैं। अर्से से घुसपैठ और जनसांख्यिकी परिवर्तन जैसे मुद्दों से घिरे रहे असम में लगातार दूसरी बार भाजपा सरकार है। पूर्व कांग्रेसी हिमंत बिस्वा सरमा ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा का जैसा विस्तार करवाया, उसके पुरस्कार स्वरूप उन्हें पिछले चुनाव के बाद असम का मुख्यमंत्री बनाया गया। भाजपा के लाडले हिमंत इस समय कांग्रेस ही नहीं, राहुल गांधी के भी सबसे मुखर आलोचक हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा को भाजपा में शामिल करवा कर हिमंत ने कांग्रेस को एक और बड़ा झटका चुनाव से ठीक पहले दिया। बेशक असम की राजनीति में गठबंधन आज भी निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा और कांग्रेस में से कौन बेहतर ढंग से चुनावी गठबंधन को अंजाम दे पाता है।

राहुल के करीबी गौरव गोगोई के राजनीतिक भविष्य का फैसला भी काफी हद तक ये चुनाव कर देंगे। केरल की 2 ध्रुवीय राजनीति में भाजपा के लिए ज्यादा संभावनाएं हैं नहीं। बेशक वहां से लोकसभा चुनाव जीते अभिनेता गोपी केंद्र में मंत्री बनाए गए। हाल ही में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा अपना मेयर भी बनाने में सफल हो गई, लेकिन केरल की सत्ता की जंग अभी भी मुख्यतः वाम मोर्चा यानि एल.डी.एफ और कांग्रेसनीत मोर्चा यू.डी.एफ के बीच ही सिमटी है। कोई भी जीते, सत्ता इंडिया गठबंधन के पास ही रहेगी लेकिन ध्यान रहे कि देश में केरल एकमात्र राज्य है, जहां वाम सत्ता बची हुई है। उस किले का ढहना वाम राजनीति पर विराम जैसा होगा। केंद्रशासित पुड्डुचेरी की राजनीति बहुत कुछ तमिलनाडु की तर्ज पर चलती है। पिछली बार पासा पलट गया क्योंकि द्रमुक की दोस्त कांग्रेस का चुनावी प्रदर्शन बेहद लचर रहा। परिणामस्वरूप क्षेत्रीय दल एन.आर. कांग्रेस और भाजपा मिल कर सरकार बनाने में सफल हो गए। इस बार वहां गठबंधन की बिसात पर कौन कैसा प्रदर्शन करेगा, सत्ता का जनादेश उसी समीकरण पर निर्भर करेगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### बाइक की टक्कर से घायल युवक की मौत, हादसे की कहानी निकली झूठी

**पाली, हरदोई।** शनिवार की शाम पाली–रूपापुर मार्ग पर खनिकलापुर गांव के पास हादसा हुआ था। प्रारंभिक सूचना में बताया गया कि दो बाइकों की आमने–सामने भिड़ंत में सवायजपुर क्षेत्र के अमिरता पुरवा गांव निवासी संजय पुत्र विक्रम और सर्वेश रतीराम घायल हुए हैं, जबकि दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया और उसका साथी घायल अवस्था में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सवायजपुर ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में एक घायल को जिला अस्पताल हरदोई रेफर कर दिया गया था। जिला अस्पताल पहुंचने पर गंभीर घायल युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया था, बाद में फोटो के आधार पर उसकी शिनाख्त रामू कुशवाहा पुत्र संतराम कुशवाहा निवासी ग्राम निजामपुर के रूप में हुई। सोमवार सुबह परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू की। मिली जानकारी के अनुसार रामू हादसे के समय खनिकलापुर गांव के पास से पैदल गुजर रहा था, तभी संजय और सर्वेश की बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। आरोप है कि खुद को बचाने के लिए दोनों युवकों ने दो बाइकों की भिड़ंत और एक बाइक चालक के साथी को छोड़कर भाग जाने की कहानी गढ़ दी। जांच में मामला पैदल युवक को टक्कर मारने का निकला। मृतक के परिजनों ने बताया कि रामू की बहन सीमा की बीती 11 मार्च को शादी थी जिसमें शामिल होने के लिए वह गांव आया था। रामू दिल्ली की एक जीन्स फैक्ट्री में काम करता था और छह भाइयों में सबसे बड़ा था और परिवार का एकमात्र कमाऊ था। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### लिटिल फ्लावर किड्स गार्डेन स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा




**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के देवगांव रोड संचालित लिटिल फ्लावर किड्स गार्डेन स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख जय नारायण यादव एवं नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम,भाषण, गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुति पर उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने जोरदार तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ संस्कार और अनुशासन का महत्व भी बताया गया कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामनारायण एवं निदेशक आदर्श गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रिंसिपल शिवांगी गुप्ता, संगीत शिक्षक जीत अनुरागी सहित विद्यालय परिवार का सहयोग रहा। प्रबंधक लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता इकाई परिषद की बैठक संपन्न



**मौदहा, हमीरपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद इकाई मौदहा की एक आवश्यक बैठक परिषद के अध्यक्ष रामचंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में मराठीपुरा स्थित लीला भवन में संपन्न हुई जिसमें ब्रह्म समाज के सर्वांगीण विकास को लेकर गहन चर्चा हुई। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए रामचंद्र शुक्ल ने कहा कि अब समय आ गया है कि ब्रह्म समाज आपस में संगठित होकर समाज के हित में अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करें। बैठक के दौरान नगर के श्री कुंवर विद्यालय में 29 मार्च को तहसील स्तर पर मातृशक्ति सम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया जिसमें सभी पदाधिकारी को सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है उक्त मातृ शक्ति सम्मेलन की मुख्य अतिथि मातृशक्ति प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश की संयोजिका डॉक्टर स्मिता त्रिपाठी मुख्य अतिथि होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रीमती बीना पांडेय करेंगी तथा कार्यक्रम की संयोजिका पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चंचला पालीवाल, उमा दीक्षित एवं भगवती पांडेय करेंगी। इस सम्मेलन का उद्देश्य ब्राह्मण समाज में व्याप्त अशिक्षा, सामाजिक समरसता, दहेज उन्मूलन, जागरूकता, निर्धन कन्या सामूहिक विवाह व यूजीसी आदि जैसे ज्वलंत मुद्दों पर मंथन किया जाएगा। बैठक में जयप्रकाश त्रिपाठी जिला अध्यक्ष (शिक्षक प्रकोष्ठ), राकेश पालीवाल प्रबंधक (श्रीमती विद्या देवी पालीवाल इंटर कॉलेज), रमाकांत शुक्ला हमीरपुर, सुनील त्रिपाठी (डंडा गुरु), सोम नाथ बाजपेई, अरविंद शर्मा महामंत्री, राघवेंद्र गौतम ब्लॉक अध्यक्ष, अजय तिवारी उपाध्यक्ष, आयुष तिवारी प्रबंधक श्री कुंवर विद्यालय, आकाश त्रिपाठी (अज्जू) नगर अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

### सवारियां बैठने के चक्कर में ऑटो चालक भिड़े

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** ऑटो में सवारियां बैठाने को लेकर दो ऑटो चालक आपस में भिड़ गए। एक चालक ने दूसरे चालक को जमकर पीटा पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। कस्बे के गैस एजेंसी मार्ग निवासी आशीष गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि ऑटो में सवारियां बैठाने को लेकर उसका विवाद मौदहा कोतवाली के मकरांव गांव के निवासी ऑटो चालक मच्छर प्रजापति के साथ हो गया था। विवाद बढ़ने पर मच्छर ने उसे गाली गलौज करते हुए जमकर पीटा जिससे उसे गंभीर चोटें लगी है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। बता दें कि बस स्टॉप में सवारियों को बैठाने को लेकर आए दिन ऑटो चालकों में विवाद होता रहता है। पुलिस मौके पर मौजूद रहने के बाद इनकी लड़ाई को नजर अंदाज किये रहती है।

# सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण करें: डीएम

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को स्वामी विवेकानन्द सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के गोद लिए विद्यालयों की आहूत समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने सिडको, एईएमआई, आबकारी, सिचाई, जल निगम आदि विभागों का प्रजेन्टेशन के माध्यम से पूर्व एवं अबतक के किये गये कार्यो की स्थिति का अवलोकन करते हुये निर्देशित किया कि विद्यालयों मे खिड़की दरवाजे, फारसीलिगं, टाईल्स एवं वाल पेंटिग का कार्य को सुचारू रूप से कराया जाये, जिससे कि बच्चों की रूचि बढेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी कार्य मानक के अनुरूप निर्धारित समय सीमा मे किये जाये। उन्होंने कहा कि खण्ड विकास अधिकारीगण एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गोद लिये गांव का नियमित निरीक्षण करें व सभी कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए अशोक मौर्य सभी उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### डीएम ने जन सनुवाई में सुनीं 97 शिकायतें, संबंधित को दिए निस्तारण के निर्देश




**हरदोई।** सोमवार को कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 97 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्टेऊट पूनम भास्कर व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई कर करेत्तर की बैठक

**हरदोई।** सोमवार को विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में कर करेत्तर की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान आबकारी, परिवहन, स्टाम्प शुल्क, विद्युत देयों की वसूली, वन विभाग, सिंचाई एवं नलकूप, नगर निकायों में राजस्व संग्रह की स्थिति, खनन, मण्डी समिति, बांट माप, खाद्य एवं सुरक्षा सहित अन्य राजस्व संग्रह से सम्बन्धित विभागों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व देयों की वसूली की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने खनन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, नगर पालिका बिलग्राम तथा आबकारी विभाग की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी नें लक्षित राजस्व देयों की वसूली में सुधार लाते हुये समय सीमा के अन्दर शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिये। सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि सभी विभाग सीएम डैश बोर्ड मे रैकिगं मे सुधार लाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक के पेट्रोल पंप मैनेजर पर हमला, एक दर्जन दबंगों ने की मारपीट, 50 हजार रुपये लूटने का आरोप

- मैनेजर की तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



संडीला कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ रोड स्थित एक पेट्रोल पंप पर देर रात कुछ दबंगों ने मैनेजर और कर्मचारियों पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट करते हुए 50 हजार रुपये नकद लूट लिए। घटना में पेट्रोल पंप के कई कर्मचारी घायल हो गए। मामले में अजय सिंह ने संडीला कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। अजय सिंह वर्तमान में लखनऊ रोड स्थित संडीला फीलिंग सेंटर (रिलायंस पेट्रोल पंप) पर मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

अजय सिंह के अनुसार 14 मार्च 2026 की रात करीब 11:50 बजे बहादुर, कपिल, अमन और चैना निवासी बेगमगंज थाना संडीला तथा छह अन्य अज्ञात लोग अवैध हथियारों, लाठी-डंडों और असलहों के साथ पेट्रोल पंप पर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने पेट्रोल पंप पर मौजूद कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज करते हुए मैनेजर अजय सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया और 50 हजार रुपये नकद लूटकर फरार हो गए। घटना के दौरान पेट्रोल पंप पर मौजूद शकील, मोहम्मद शमीम निवासी सुम्बाबाग संडीला और सेल्समैन अमित ने हमलावरों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन दबंगों ने लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई और कुलदीप पुत्र परमेश्वर को जातिसूचक शब्द कहकर पीटा गया। हमले में पेट्रोल पंप के कई कर्मचारी घायल हो गए। पीड़ित ने कोतवाली संडीला पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## विकास खण्ड भरखनी की संगोष्ठी में उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्रधान व मेधावी छात्र सम्मानित



- ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यशाला में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर दिया गया जोर

**भरखनी, हरदोई।** विकास खण्ड भरखनी में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ग्राम प्रधान, प्रधानाध्यापक तथा स्थानीय प्राधिकारी–निकाय की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माधवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक सवायजपुर व विशिष्ट अतिथि के रूप में धीरेन्द्र प्रताप सिंह सेनानी प्रदेश अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख संघ उत्तर प्रदेश तथा अशोक कुमार द्विवेदी खण्ड विकास अधिकारी भरखनी उपस्थित रहे।
विधायक जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय समाज के निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं और इनके विकास में जनप्रतिनिधियों तथा शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सेनानी ने कहा कि ग्राम प्रधान, शिक्षक और प्रशासन यदि मिलकर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें तो निश्चित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य मिल सकता है। संगोष्ठी के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालयों के विकास तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर विकास खण्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों, सचिवों, प्रधानाध्यापकों, शिक्षको एवं शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी भरखनी ने अपने संबोधन में कहा, ऐसी संगोष्ठियों का उद्देश्य ग्राम प्रधानों, प्रधानाध्यापकों और स्थानीय निकायों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है, ताकि विद्यालयों में सकारात्मक शैक्षिक वातावरण तैयार हो सके। शिक्षक और शिक्षिकाएं बच्चों के भविष्य के निर्माता होते हैं, इसलिए सभी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। अशोक कुमार द्विवेदी खण्ड विकास अधिकारी भरखनी ने कायाकल्प योजना के माध्यम से विद्यालयों में शौचालय, पेयजल, विद्युत और अन्य आधारभूत सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों और प्रधानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि विद्यालयों में किसी प्रकार की भौतिक समस्याओं से सामना नहीं करना पड़ेगा और उन्हें विद्यालय को बेहतर बनाने के लिए और जितना भी सहयोग चाहिए है वह अपना पूरा सहयोग बच्चों के बेहतर भविष्य और निर्माण में प्रदान करेंगे। वहीं कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी, राकेश रंजन त्रिवेदी मण्डल अध्यक्ष पाली, रोहित सिंह अनंगपुर ने भी अपने–अपने विचार प्रकट किए। छात्र–छात्राओं की देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना दिया।कार्यक्रम में सभी विधालय के प्रधानाध्यक, बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, शिक्षक–शिक्षिकाएं तथा स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में शशि कुमार सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सामूहिक प्रयासों से ही सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

### सड़क दुघर्टना में घायल युवक को सरकारी अस्पताल के लिए रेफर

**मौदहा, हमीरपुर।** बीती रात तहसील मार्ग पर बाइक दुर्घटना में घायल युवक को लहु लुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे मुख्यालय रेफर कर दिया गया नगर के उपरौस निवासी संदीप 20 वर्ष पुत्र संतोष कुमार रविवार की रात बड़े चौराहे से बाइक द्वारा बाजार की ओर आ रहा था तभी तहसील मार्ग पर संतुलन बिगड़ने से वह बाइक समेत सड़क पर गिर घायल हो गया जिसे लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया।

## राधा-कृष्ण के मंदिर में कलश यात्रा के बाद श्रीमद्भगवत कथा प्रारंभ

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नायकपुरवा स्थित प्राचीन राधाकृष्ण में सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा प्राचीन मंदिर परिसर से शुरू हुई और स्टेट बैंक, स्टेशन रोड़ व मोहल्ला केवटरा से होते हुए वापस मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक मनीष शुक्ला ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है।उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। इस मौके पर परीक्षित बने कमला शिवहरे, नीरज कुमार, सहित संजय त्रिपाठी, प्रेम चन्द्र, गोवर्धन शरण, हर्षराज सिंह, संजय शिवहरे, अभिषेक कन्हैया, राजू शिवहरे, विकाश, पंकज, अनुभव शिवहरे आदि सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का आनन्द लिया।

## पूर्व सैनिक एसो. महोबा ने गाइड लाइन का पालन कराने हेतु रक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन



- एसो. ने पुलिस, प्रशासन व अन्य विभागों पर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व सैनिक कल्याण संगठन महोबा द्वारा रक्षा मंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेज कर सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवार जनों के न्याय हेतु गाइडलाइन का पालन कराए जाने की मांग की है। पूर्व सैनिक कल्याण एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष ज्ञानचंद कुशवाहा (प्रधान), संरक्षक रमेश राजपूत,कैप्टन मोहन, कैप्टन देवीदीन, संगठन मंत्री मनोज तिवारी, चंद्रपाल राजपूत, चंद्रपाल वर्मा, कुलदीप भटनागर, रमेश चंद्र, जगमोहन कुशवाहा, इंद्रपाल, जाहिर सिंह, बृज नारायण फौजी, राजन गुप्ता, अनादि मिश्रा, दशरथ वर्मा, देशराज वर्मा आदि ने जिला अधिकारी के माध्यम से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भेजे ज्ञापन में विभिन्न घटनाओं की चर्चा करते हुए कहा है कि समस्त पूर्व सैनिक जिन्होंने लेह, लद्दाख जैसे दुर्गम सीमाओं पर रहकर देश की सीमा की रक्षा के लिए अपना सब कुछ निछावर करने का जज्बा रखा है जो आज भी है लेकिन जिस तरह से कार्यरत सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों तथा उनके परिजनों पर पुलिस प्रशासन तथा अन्य विभागों द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है उसे हम सभी व्यथित थे।ज्ञापन में कहा है कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों के सम्मान तथा न्याय हेतु जारी गाइडलाइन का पालन किया जाए। उन्होंने मिहोना घटना की शिकायत करते हुए कहा कि मिहोना थाना इंचार्ज जिला भिंड मध्य प्रदेश पर संगीत धारों पर मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में की जनसुनवाई



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए जनसुनवाई में लगभग 94 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम , खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

### मधुमक्खियों के हमले में तीन घायल, एक गंभीर

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र में अलग–अलग घटनाओं में मधुमक्खियों के हमले से तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां एक की हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।
कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तिन्दूही निवासी विवेक यादव 25वर्ष पुत्र राम सिंह अपने साथी अरविंद 38 वर्ष पुत्र चंद्र भान के साथ खेत में फसल कतराई का काम कर रहे थे। इसी दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद अरविंद की हालत गंभीर देखते हुए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी घटना में उपरौस मोहल्ला निवासी उमेश पुत्र ब्रजेश पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते से शहद निकाल रहा था। इसी दौरान मधुमक्खियों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया।

### इंडेन गैस के संचालक बसपा नेता एवं मैनेजर सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भरुआ सुमेरपुर।** जिलाधिकारी के आदेश पर पूर्ति निरीक्षक ने गैस की कालाबाजारी में लिप्त बसपा नेता एवं उनके मैनेजर के अलावा तीन अन्य के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। बसपा नेता ने कार्रवाई को अवैध बताते हुए न्यायालय जाने की बात कही है। रविवार को जिलापूर्ति निरीक्षक की टीम ने सुरौली बुजुर्ग में संचालित विवेक इंडेन गैस में छापा मारा था टीम को जांच में 111 घरेलू सिलेंडर, 93 कमर्शियल सिलेंडर कम मिले थे। इसके बाद जिलाधिकारी के अनुमति पर गैस एजेंसी के संचालक बसपा नेता रामफूल निषाद, एजेंसी के मैनेजर रामनरेश निवासी जारा थाना चांदपुर फतेहपुर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। बसपा नेता गैस एजेंसी संचालक रामफूल निषाद ने कहा कि यह कार्यवाही दबाव में की गई है उनके यहां कोई गड़बड़ी नहीं है।

## बैंकिंग सुरक्षा को लेकर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

- पुलिस ने बैंकों के अंदर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों सीसीटीवी तथा सुरक्षा प्रबंधों की जांच की

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निर्देशन में रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया। अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया। बताया जाता है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। जनपद पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय MINISTRY OF MINORITY AFFAIRS (Government of India)
Skill India
Central Electronics Limited A Mini Ratna Enterprise A Govt. of India Enterprise Under DSIR, Ministry of Science & Technology.
EMPOWERING MINORITIES THROUGH SKILL DEVELOPMENT
ENROLL NOW under Pradhan Mantri Virasat Ka Samvardhan (PM VIKAS) Scheme
SHORT TERM COURSES OFFERED
SOLAR WATER PUMPING JUNIOR ENGINEER
Training Hours : 540 Hours
Eligibility: Graduate

- Stipend with Certification to trainees.
- Placement support in relevant field.
Documet Required
Passport Size Photo Aadhar Card
All Marksheet
Bank Passbook (DBT Account) Income Certificate Caste certificate
Experience Certificate (Optional)
Sponsored free Skill Development Training Program under PM-VIKAS Scheme for all Minority Communities (Muslim, Christians, Boudh, Sikh, Parsi and Jain, economically weak candidates, 15% non-minority candidates)
Male and Female
Age: 18 to 35
Central Electronics Limited A Mini Ratna Enterprise A Govt. of India Enterprise Under DSIR, Ministry of Science & Technology.
Centre Address
CEL Nigohi, 58, SARV BAL VIDHYA MANDIR, STATION ROAD, NIGOHI, SHAJAHANPUR,U.P
Contact details
+91-9120702142

# पूर्व विधायक के रोजा इफ्तार कार्यक्रम में उमड़ा सैलाब

- मुल्क की तरक्की और सलामती के लिए मांगी दुआएं
- वरिष्ठ सपा नेता जितेंद्र यादव, विजय द्विवेदी आदि ने की शिरकत

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के मोहल्ला गांधीनगर में स्थित मदरसा मजहरुल उलूम में पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी एवं पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी द्वारा आयोजित रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम में भारी भीड़ देखने को मिली। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूर्व विधायक द्वारा मदरसे में रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नगर व आसपास क्षेत्र के सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पहुंचकर रोज़ा इफ्तार किया। इस दौरान पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने बताया कि रोज़ा हक़ीक़त में सब्र और आत्म-नियंत्रण का एक अनूठा प्रशिक्षण है यह भूख-प्यास सहकर इच्छाओं पर काबू पाना सिखाता है, मुश्किल वक्त में मानसिक मजबूती प्रदान करता है और जरूरतमंदों के प्रति सहानुभूति पैदा करता है जिससे इंसान अधिक विनम्र और अल्लाह के करीब होता है।

रोजा इफ्तार करने के पश्चात मदरसे में ही नमाज़ पढ़ाई गई नमाज़ पढ़ने के बाद उपस्थित सभी लोगों ने मुल्क और मिल्लत की तरक्की तथा मुल्क में अमन चैन और आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। इस अवसर पर आयोजक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी रोजा इफ्तार कार्यक्रम में आए हुए मेहमानों का इस्तेमाल किया इस मौके पर सपा के वरिष्ठ सपा नेता जितेंद्र यादव भोजपुर विधानसभा प्रभारी अरशद जमाल सिद्दीकी पूर्व ब्लॉक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी जिला पंचायत सदस्य फर्रूखाबाद जुनेद सिद्दीकी समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी सपा जिला अध्यक्ष मो कलीम खान वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी बउअन पूर्व चेयरमैन इंद्र गुप्ता मनोज अग्रवाल प्रतिनिधि हाजी रईस अहमद पूर्व ब्लॉक प्रमुख इंद्रेश यादव पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे यश दोहरे हसीब हसन कल्लू पाल राज सिंह छोटे ठाकुर पूर्व ब्लॉक प्रमुख रजनीकांत यादव आकाश शाक्य पिंटू यादव कांग्रेस नेता ऊषा दुबे तालग्राम चेयरमैन मोहसिन खान जानू सभासद भरा मुजफ्फर खान शान मोहम्मद नसीम खान सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# जय श्री श्याम इन्टरप्राइजेज का हुआ उद्घाटन

- कॉपी-स्टेशनरी की खुली नई दुकान

**समधन, समृद्धि न्यूज।**



जीटी रोड़ सरायप्रयाग स्थित जय श्री श्याम इन्टरप्राइजेज की नई दुकान का उद्घाटन किया गया यह प्रतिष्ठान कापी और स्टेशनरी के थोक व फुटकर विक्रेताओं के लिए समर्पित हैं जहां उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

सरायप्रयाग स्थित जय श्री श्याम इन्टरप्राइजेज का सोमवार तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने पिता काटकर उद्घाटन किया इस अवसर पर विद्यालय के कई शिक्षक शिक्षिकाएं तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे और उन्होंने नए प्रतिष्ठान के लिए अपनी शुभकामनाएं।

इस दुकान की संचालिका वंदना यादव ने बताया कि यहां कॉपियां एवं रजिस्टर ठोक व फुटकर दरों पर उपलब्ध होंगे इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों और दुकानदारों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों ने जय श्री श्याम इंटरप्राइजेज की प्रगति और उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर विकास यादव,सरनाम राजपूत, संदीप राजपूत, ओमेंद्र, स्वाति,छाया, सुमैया, श्रुति, आरती, ज्योति सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# दूसरों के दुख-दर्द को समझने का संदेश देता है रोजा : कुमैल इदरीश

- खुद को बुराइयों से दूर रखने और नेक रास्ते पर चलने का संदेश देता है रमजान का महीना



**छिबरामऊ, कन्नौज।** मदरसा गुलशने रजा के प्रधानाचार्य कुमैल इदरीश ने कहा पवित्र रमजान माह में रखे जाने वाले रोजे केवल भूखे-प्यासे रहने तक सीमित नहीं होते, बल्कि यह इंसान को सब्र, परहेजगारी, दूसरों के दुख-दर्द को समझने और आपसी भाईचारे का संदेश भी देते हैं। उन्होंने कहा कि रोजा इंसान को सब्र और संयम की शिक्षा देता है। जब इंसान दिनभर भूखा-प्यासा रहकर अल्लाह की इबादत करता है, तो उसे एहसास होता है कि गरीब और जरूरतमंद लोग किस तरह जिंदगी गुजारते हैं। रमजान का महीना खुद को बुराइयों से दूर रखने और नेक रास्ते पर चलने का संदेश देता है।

रोजा रखने से इंसान के अंदर आत्मसंयम और अल्लाह के प्रति नजदीकी बढ़ती है। रोजा हमें समाज में बराबरी और भाईचारे का संदेश देता है। अमीर-गरीब सभी एक ही तरह से रोजा रखते हैं और एक ही समय पर इफ्तार करते हैं, जिससे आपसी मेल-मिलाप बढ़ता है। रमजान का रोजा इंसान को दूसरों की मदद करने की प्रेरणा देता है। रमजान का असली मकसद इंसान के अंदर अच्छाई, धैर्य और इंसानियत की भावना को मजबूत करना है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं को सिखाया संगठनात्मक सहभागिता और बूथ प्रबंधन

- दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी ने अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की जमीनी तैयारी अभी से प्रारंभ कर दी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत गोविंद गेस्ट हाउस में भाजपा नगर मंडल, छिबरामऊ देहात मंडल एवं प्रेमपुर मंडल के सभी कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 16 मार्च से प्रारंभ हो गया। इसमें कार्यकर्ताओं को संगठानात्मक सहभागिता, क्रियान्वन रूपरेखा और बूथ प्रबंधन सहित अन्य विषयों की विस्तार से जानकारी दी गई। सभी कार्यकर्ताओं का पंजीकरण किया गया। प्रथम दिन तीन सत्र हुए। वर्ग गीत के साथ प्रारंभ कार्यक्रम का समापन देर रात सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ। गेस्ट हाउस के ग्राउंड बेसमेंट पर बाबू कल्याण सिंह सभागार में छिबरामऊ देहात मंडल, प्रथम तल पर अंबेडकर सभागार में प्रेमपुर मंडल और द्वितीय तल पर अटल सभागार में छिबरामऊ नगर मंडल के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। सोशल मीडिया, नमो ऐप, सरल एवं एआई पर महिला मोर्चा की जिला संयोजक डॉ प्राची गुप्ता, अपनी सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन पर विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय, पार्टी की कार्य पद्धति पर जिला उपाध्यक्ष गौरव द्विवेदी, वैचारिक अधिष्ठान पर पूर्व प्रांतीय परिषद सदस्य श्याम स्वरूप चतुर्वेदी, पार्टी का इतिहास एवं विकास पर जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया, बूथ प्रबंधन पर जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी और कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता ने विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण वर्ग में व्यवस्था प्रमुख ओम जी दीक्षित, शिवम राठौर, प्रशिक्षण प्रभारी इंद्रपाल पटेल, गौरव द्विवेदी, प्रशिक्षण प्रमुख दिलीप गुप्ता, प्रशिक्षण नियंत्रक नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, कार्यक्रम प्रमुख रामानंद वर्मा, व्यवस्था प्रमुख आनंद गुप्ता व संजीव चौहान सहित तीनों मंडलों के वर्तमान व पूर्व पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



परीक्षा देते छात्र- छात्रा

# परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं शुरू

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।** शासन के निर्देशन में परिषदीय विद्यालयों में सोमवार से वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गयी। इसीक्रम में पीएमश्री उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय गुगरापुर में शैक्षिक सत्र 2025-26 की वार्षिक परीक्षाएं शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से प्रारंभ हो गईं। विद्यालय प्रशासन की कड़ी निगरानी में छात्र-छात्राओं ने अनुशासन के साथ परीक्षा में भाग लिया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेन्द्र सक्सेना तथा समस्त शिक्षकों की देखरेख में परीक्षा कार्य सुचारू रूप से संपन्न कराया जा रहा है। प्राथमिक स्तर की कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षा आयोजित की गई। वहीं उच्च प्राथमिक स्तर की कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों की प्रथम पाली में बालकों की कृषि विज्ञान तथा बालिकाओं की गृह शिल्प की परीक्षा कराई गई। द्वितीय पाली में शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न हुई। विद्यालय प्रशासन के अनुसार परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगे भी संपन्न कराई जाएंगी।

# रिश्तेदारी से घर लौट रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

- जिले के थाना ठठिया क्षेत्र के दानेहार गांव के निकट का मामला



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**

रिश्तेदारी से घर लौट रहे एक बाइक सवार युवक को रास्ते में तेज रफ्तार वाहन ने सड़क पार करते समय नित्य क्रिया को रुकने के दौरान टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक की मौत पर कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक, थाना ठठिया क्षेत्र के गांव हरेईपुर गांव निवासी उदयवीर का 19 वर्षीय पुत्र बिक्रम विगत रविवार को तिर्वा कोतवाली के अलीनगर गांव स्थित अपने मामा के यहां गया था। यहां से देर सायं वह अपनी बाइक से वापस अपने गांव लौटने के लिए रवाना हुआ था। जैसे ही बिक्रम ठठिया क्षेत्र के दानेहार गांव के निकट पहुंचा तो रास्ते में अपनी बाइक खड़ी करके सड़क पार कर नित्य क्रिया करने लगा। इसी दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने विक्रम को टक्कर मार दी। दुर्घटना के दौरान वाहन चालक मौके से भाग निकलने में सफल हो गया। इस दौरान आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना में घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा यहां उपचार के दौरान डाक्टरों ने विक्रम की मौत की पुष्टि कर दी। मामले कि जानकारी परिजनों को दी गई तो परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। यहां बिक्रम की मौत की खबर पर परिजनों में हड़कंप और करुण क्रंदन का सिलसिला जारी था।

मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के शिकायती पत्र के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी, इसके अलावा जल्द ही दुर्घटना को अंजाम देने वाले चालक को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# नियमित उपस्थिति पर विद्यार्थियों का सम्मान



**समधन कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

समधन स्थित एफईए (फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी) शाखा में Best Attendanc कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नियमित उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षक अंशु कुशवाहा ने कहा कि नियमित उपस्थिति और अभ्यास से ही विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 12वीं पास कर चुके लड़के-लड़कियों के लिए स्नश्च में अंग्रेजी व अन्य कौशल निःशुल्क सीखने का अच्छा अवसर है और इच्छुक विद्यार्थी अभी भी समधन शाखा में प्रवेश ले सकते हैं। वहीं कन्नौज जिले के मैनेजर विकास ओझा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बच्चे इसी तरह निरंतर सीखते रहें और आगे बढ़ते रहें। उन्होंने बताया कि कन्नौज जिले के समधन, जसौदा, तिर्वा, इन्दरगढ़, छिबरामऊ, भुगैतापुर, उदैतापुर, तालग्राम और मियागंज में भी स्नश्च की शाखाएं संचालित हो रही हैं, जहां विद्यार्थियों को अंग्रेजी एवं अन्य आवश्यक कौशलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# बेसिक स्कूलों का समग्र विकास जरूरी: अर्चना पांडेय

- ब्लॉक संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



रामलीला मैदान के पास, विशुनगढ़ रोड पर एसएल गेस्ट हाउस में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ब्लॉक संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला में मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय ने कहा बेसिक स्कूलों का समग्र विकास आवश्यक है।

उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर बेहतर समन्वय, ग्राम पंचायतों के साथ सहयोग तथा स्कूलों के समग्र विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्थानीय प्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों एवं शिक्षकों से शिक्षा के प्रति सक्रिय सहयोग एवं जिम्मेदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति, स्कूलों में बेहतर बुनियादी ढांचा तथा ग्राम स्तर पर शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए सभी पक्षों के बीच बेहतर तालमेल पर गहन चर्चा हुई। कार्यशाला में प्रधानाध्यापकों और ग्राम प्रधानों को शिक्षा से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं, स्कूल विकास योजनाओं, समुदाय भागीदारी, निपुण भारत अभियान, मिड-डे मील, छात्र उपस्थिति बढ़ाने, बुनियादी सुविधाओं के विकास तथा स्थानीय स्तर पर आने वाली चुनौतियों के समाधान पर विस्तृत उन्मुखीकरण प्रदान किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी के संयोजन में संपन्न हुई कार्यशाला में एआरपी योगेश यादव, अच्युत त्रिपाठी, राजेश गौतम, अर्चना चतुर्वेदी व सुशील कुमार सहित अरविन्द चौहान, सत्येंद्र यादव, अनूप मिश्रा, अन्य कई शिक्षक और संबंधित अधिकारी, प्रधानाध्यापक/इंचार्ज प्रधानाध्यापक तथा ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# पांच अप्रैल को होगी उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ की राज्य परिषद बैठक

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की राज्य परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 5 अप्रैल (रविवार) को आयोजित की जाएगी। यह बैठक जय नारायण इंटर कॉलेज (केकेसी), चारबाग, लखनऊ के सभागार में प्रातः 11 बजे से शुरू होगी।

संघ के महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा जारी सूचना के अनुसार बैठक में प्रदेश भर से संगठन के पदाधिकारी और प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में संगठन से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक के मुख्य एजेंडा में संगठनात्मक स्थिति की समीक्षा प्रमुख रूप से शामिल है। इसके अलावा 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों तथा एनपीएस से आच्छादित शिक्षकों को मिलने वाले सेवा निवृत्ति लाभों के भुगतान से संबंधित विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके साथ ही आगामी ग्रीष्मकालीन शैक्षिक विचार गोष्ठी शिविर और राज्य परिषद की अगली बैठक के आयोजन पर भी चर्चा प्रस्तावित है। अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से बैठक में रखे जा सकेंगे। संघ की ओर से जनपदीय अध्यक्षों और मंत्रियों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने जिलों में 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की सूची तथा उनके देयकों की स्थिति की जानकारी बैठक में अवश्य प्रस्तुत करें।

# फूड लाइसेंस आजीवन वैध करने पर जताया हर्ष

- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पुरानी गल्ला मंडी में हुई उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में फूड लाइसेंस आजीवन वैध करने पर व्यापारियों ने हर्ष जताया।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा हमारे व्यापार मंडल की पुरानी मांग सरकार द्वारा स्वीकार कर ली गई। एफएसएसआई (फूड) लाइसेंस अब आजीवन वैध होने से बार-बार रिन्यूअल कराने की जरूरत खत्म हो गई है। इससे छोटे व मध्यम खाद्य कारोबारियों को बड़ी राहत मिली है क्योंकि लाइसेंस रिन्यूअल के झंझट से मुक्ति के साथ कागजी कार्यवाही और अनुपालन लागत में कमी आएगी। इससे लगभग 10 लाख स्ट्रीट फूड वेंडर्स को लाभ मिलेगा। किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा रिस्क-बेस्ड निरीक्षण प्रणाली लागू होने और रजिस्ट्रेशन टर्नओवर सीमा 12 लाख से बढ़ाकर 1.5 करोड़ करने से खाद्य विक्रेताओं को काफी फायदा होगा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल और किराना एसोसिएशन सरकार के इस निर्णय का स्वागत करता है।

इस दौरान राहुल उर्फ मोंटी गुप्ता, सुशील किराना, चंद्रभान उर्फ मुन्ना दाल वाले, पिंटू गुप्ता, संजीव गुप्ता गांधी, प्रभाकर गुप्ता, प्रियांशु गुप्ता, रामू, सत्यनारायण वर्मा, उमाशंकर, विनीत गुप्ता, आशीष गुप्ता, धनेश गुप्ता, अमित भारतीय, अबली गुप्ता व अमोघ गुप्ता आदि प्रमुख व्यापारी मौजूद रहे।

# दीवार में सेंध लगाकर चोरों ने पार किया हजारों का सामान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिले में मौका पाकर शातिर चोर आय दिन किसी ना किसी वारदात को अंजाम देने से नहीं चूक रहे हैं। बीती रात भी मौका पाकर शातिर चोरों ने एक परचून विक्रेता की दुकान के पिछले हिस्से की दीवार में सेंध लगाकर दुकान से हजारों रुपए का सामान पार कर दिया।

बताते चलें कि, इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मझिला निवासी धीरज पुत्र श्रीकृष्ण की गांव में परचून की दुकान है। बीती सायं धीरज अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगली सुबह जब दुकानदार अपनी दुकान खोलने के उद्देश्य से पहुंचा तो दंग रह गया। दुकान टूटी हुई और पिछले हिस्से की ओर दीवार में सेंध लगी हुई मिली। मामले की जानकारी पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को दी। दुकानदार के मुताबिक, चोरों ने दुकान पर रखा परचून का सामान जिसकी कीमत करीब तीस हजार रुपए बताई गई है, नुकसान की बात कही गई है। मामला पुलिस ने संज्ञान में आने और पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी थी। थाना प्रभारी नीलम सिंह ने बताया कि, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## कार की टक्कर से बाइक हुई असंतुलित, मां की मौत, बेटा चोटिल

**कन्नौज।** अपनी मां को लेकर जा रहे बेटे की बाइक को एक कार सवार ने टक्कर मार दी दुर्घटना के दौरान बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिरने से मां गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि बेटा चोटिल हो गया। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, कन्नौज जिला के जसोदा क्षेत्र के गांव हसनपुर निवासी एक युवक अपनी मां लीलावती को लेकर बाइक से सोमवार की दोपहर वापस लौट रहा था। जैसे ही युवक कलेक्ट्रेट मुख्यालय के निकट पुलिस कप्तान के कार्यालय के निकट पहुंचा, इसी दौरान सामने से आ रही एक कार के चालक ने अनियंत्रण के कारण बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के दौरान जहां कार चालक मौके से निकल गया वहीं दुर्घटना के दौरान टक्कर से सड़क पर बाइक समेत गिरे मां गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि युवक चोटिल हो गया।

# फांसी से लटका मिला विवाहिता का शव, कोहराम



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

परिवार में जहां एक दिन पूर्व मासूम का मुंडन संस्कार का कार्यकम परिजनों द्वारा खुशियों के बीच एक दिन पूर्व ही कराया गया था वहीं बीती रात मासूम की मां का फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव मिला तो परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के गांव बरुआहार निवासी गोविंद एक स्कूल की गाड़ी चलाता है। गोविंद की शादी बीते वर्ष 27 वर्षीय रजनी से हुई थी। शादी के बाद दंपत्ति के एक पांच माह का पुत्र भी है। इसका मुंडन संस्कार का कार्यक्रम भी एक दिन पूर्व स्थानीय मंदिर में करवाया गया था। परिजनों में खुशियों का माहौल नजर आ रहा था।

बीते दिन भी गोविंद के घर पर स्थित सामान्य नजर आई। रात्रि में किसी समय रजनी ने फांसी का फंदा लगाकर मौत को गले लगा लिया। मामले की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया।

आनन फानन में परिजन रजनी को एंबुलेंस की सहायता से लेकर मेडिकल कॉलेज तिर्वा पहुंचे। यहां डाक्टरों ने रजनी की मौत की पुष्टि कर दी। विवाहिता की मौत की खबर पर परिजनों के करुण कंदन का सिलसिला जारी था। परिजनों ने घटना को लेकर बताया कि, रजनी ने ऐसा प्राणघातक कदम क्यों उठाया, इस बात का किसी भी पारिवारिक सदस्य को अहसास तक नहीं था। फिलहाल विवाहिता द्वारा फांसी लगाने की घटना अभी संदेहास्पद स्थित में है, मामले में अभी तक मृतिका के परिजनों द्वारा भी सामने नहीं आने के कारण कोई स्थित साफ नहीं हो सकी है।

# मौसम ने बदला मिजाज, सुबह हल्की बारिश से बढ़ी ठंड

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

अचानक मौसम ने करवट ले ली। सुबह के समय हल्की बारिश और ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया। पिछले कई दिनों से तेज धूप और बढ़ती गर्मी के कारण लोग काफी परेशान थे, लेकिन सुबह हुई हल्की बारिश से लोगों को राहत मिली और वातावरण में ठंडक महसूस की गई।

सुबह आसमान में घने बादल छाए रहे और बीच-बीच में हल्की बूंदाबांदी होती रही। बारिश के कारण सड़कों और गलियों में भीगी मिट्टी की खुशबू फैल गई, जिससे मौसम और भी खुशनुमा हो गया। कई लोग सुबह की सैर और टहलने के दौरान इस बदले हुए मौसम का आनंद लेते नजर आए। वहीं दुकानदारों और राहगीरों ने भी मौसम के इस बदलाव को सुखद बताया। मौसम में आए इस परिवर्तन का असर किसानों के चेहरों पर भी दिखाई दिया। किसानों का कहना है कि हल्की बारिश से खेतों में खड़ी फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यदि बारिश ज्यादा होती है तो कुछ फसलों को नुकसान भी हो सकता है। फिलहाल हल्की बारिश को खेती के लिए लाभकारी माना जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

# सो रहे साधू पर जानलेवा हमलाकर किया लहुलुहान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ट्यूबबेल पर सो रहे एक साधू पर कुछ लोगों ने पत्थरों से हमला कर दिया। गंभीर हालत में घायल साधू को उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक सदर कोतवाली कन्नौज क्षेत्र के गांव मौसमपुर अल्हड़ गांव में एक ट्यूबबेल के निकट बीते काफी समय से एक साधू रह रहे हैं। यहीं रहकर साधू शाम को लेट भी जाते हैं। बीती रात भी साधू जब ट्यूबबेल पर सो रहे थे,इसी दौरान कुछ शरारती तत्वों ने सो रहे साधू पर ईंट पत्थरों से हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले में साधू गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए। चीखपुकार और मदद की गुहार लगाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन इस दौरान हमलावर शरारती तत्व मौके से भाग निकलने में सफल हो गए। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल साधू को एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया। यहां से हालत में सुधार नहीं होने पर साधु को तिर्वा स्थित मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। यहां भी डाक्टरों द्वारा उपचार के दौरान हालत में सुधार नहीं होने पर डाक्टरों ने साधू को उपचार हेतु हायर हॉस्पिटल रेफर कर दिया। मामले में

घटनास्थल पर मौके पर मौजूद भीड़ का कहना था कि, संभावना जताई गई है कि हमला करने वाले शरारती तत्व साधू की जानलेवा हमला कर मारने की फिराक में रहे होंगे। मामले में पुलिस बल जांच पड़ताल में जुटा हुआ है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों के खातों में स्थानान्तति की गयी धनराशि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) फर्रुखाबाद द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 की शुरुआत 01 सितम्बर 2024 से की गई है। यह योजना आगामी पाँच वर्षों (2029 तक) के लिए शहरी गरीब एवं निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है।



आवास योजना की पात्र लाभार्थी

योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए 2,50,000 की अनुदान राशि प्रदान की जाती है। यह राशि तीन किश्तों में दी जाती है, जिसमें प्रथम किश्त 1,00,000, द्वितीय किश्त 1,00,000 तथा तृतीय किश्त 50,000 नियमानुसार उपलब्ध कराई जाती है। आज दिनांक 16 मार्च 2026 को मुख्यमंत्री द्वारा 90 हजार लाभार्थियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे प्रथम किस्त की धनराशि हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रथम चरण में जनपद फर्रुखाबाद के 11,514 लाभार्थियों को पक्का आवास उपलब्ध कराया जा चुका है। आज आयोजित कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में 100 लाभार्थियों को माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर जनपद फर्रुखाबाद के 368 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में कुल 3,68,00,000 की धनराशि निर्गत की गई, जिसकी सूचना लाभार्थियों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर संदेश के माध्यम से प्राप्त हो रही है। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया।

इस दौरान मोनिका यादव जिला पंचायत अध्यक्ष, सुशील शाक्य, विधायक अमृतपुर,आशुतोष कुमार द्विवेदी जिलाधिकारी, श्याम कुमार तिवारी जिला विकास अधिकारी, गजराज सिंह यादव उपजिलाधिकारी (न्यायिक)/ परियोजना अधिकारी, नितिन सक्सेना, सी.एल.टी.सी., डूडा सहित समस्त डूडा कर्मचारी मौजूद रहे।

# युवक की उपचार के दौरान मौत



मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक के परिजन

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

तहसील क्षेत्र के गाँव कादर दादपुर सराय निवासी उमेश चन्द उम्र 40 वर्षीय पुत्र नन्दराम राजपूत जो की लगभग 5 दिन पूर्व घर में बने शौचालय मे लघुशंका कर रहे थे। उसी दौरान वह अचानक गिर गये और उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए।

जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर फर्रूखाबाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। लोहिया अस्पताल से कानपुर रेफर कराकर परिजन उमेश को कानपुर पारस हॉस्पीटल लेकर पहुँचे। जहाँ तेज बुखार आने पर दिमाग की नस फट गई। जिससे उमेश की मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही मृतक की पत्नी सुनीता, बेटी खुशबू, शीतला, कान्ती, बेटा प्रयान्शू, मोनू सहित अन्य परिजनो मे कोहराम मच गया।

# बदमाशों ने सड़क पर लकड़ी डालकर कार सवारों को लूटने का किया प्रयास, की फायरिंग

कम्पिल, समृद्धि न्यूज।

रविवार देर रात बदमाशों ने सड़क पर लकड़ी डालकर कार सवारों को रोकने की कोशिश की और उन पर फायरिंग कर दी। घटना में कार के शीशे टूट गए, हालांकि कार सवार बाल-बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से एक तमंचा व टॉर्च बरामद की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव सवितापुर बिहारीपुर निवासी शिव शरन राजपूत अपने गांव के ही रामनरेश, बादाम सिंह व श्यामपाल के साथ एटा जिले के थाना बागवाला क्षेत्र के गांव खड़ौआ में अपने रिश्तेदार के यहां जन्मदिन की दावत खाने गए थे। देर रात करीब साढ़े बारह बजे सभी लोग कार से वापस लौट रहे थे। कम्पिल अलीगंज मार्ग पर बरखेड़ा नहर पटरी के पास सड़क पर मोटी लकड़ियां पड़ी थीं। कार शिवशरन चला रहे थे। उन्होंने गाड़ी को रोककर बादाम सिंह को लकड़ियां हटाने के लिए नीचे उतारा। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे तीन-चार अज्ञात बदमाशों ने अचानक कार पर फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में कार में तीन से चार गोलियां लगीं, जिससे कार के शीशे टूट गए। कार सवारों ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों का विरोध किया। इस उन्होंने एक बदमाश को पकड़ लिया। जिससे बदमाश के साथ उनकी हाथापाई भी हुई। जिससे शिवशरन के मुंह और होठ पर चोट लग गई। इसी दौरान युवकों ने बदमाशों का तमंचा और टॉर्च युवकों ने छीन ली। हालांकि अन्य बदमाश दूर से फायरिंग करते हुए अपने साथी को छुड़ाकर फरार हो गए। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। पुलिस ने मौके से एक तमंचा बरामद किया है। पीड़ित ने सोमवार सुबह थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया मामले की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया कार सवार युवकों ने फायरिंग करने का आरोप लगाया है। मामला संज्ञान में है। घटना के संबंध में अन्य पहलुओं पर गहनता से जांच की जा रही है।

# अन्ना मवेशी से टकराकर दो बाइक सवार गंभीर घायल

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र में अन्ना मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार को तौफीक मड़ैया के सामने फरुखाबाद-बदायूं मार्ग पर एक बाइक अन्ना मवेशी से टकरा गई, जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार अमृतपुर थाना क्षेत्र के खुशहाली नगला निवासी परमवीर उर्फ पत्थर (37) पुत्र जदुनाथ तथा महेंद्र (25) पुत्र मुनईलाल फरुखाबाद की ओर से आ रहे थे। इसी दौरान तौफीक मड़ैया के सामने अचानक सड़क पर आए अन्ना मवेशी से बाइक टकरा गई। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भिजवाया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में अन्ना मवेशियों की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं।



एंबुलेंस में जाते घायल

# आल इंडिया किसान यूनियन ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

आल इंडिया किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश लोधी के आदेशानुसार प्रदेश उपाध्यक्ष डा0 अजय शाक्य एवं जिला अध्यक्ष कमलेश राजपूत की अध्यक्षता में बंथल शाहपुर में 19/06/2024 को हुए दो भाइयों के हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने एवं अपराधियों को सजा दिलाने हेतु जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। जिला अध्यक्ष कमलेश राजपूत ने कहा। यदि 15 दिन में यह समस्या हल नहीं हुई तो कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन के समय मृतक के पिता सहित पूरा परिवार उपस्थित रहा। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अजय शाक्य ने भूख हड़ताल की धमकी दी। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अजय शाक्य, प्रदेश महा सचिव हरिलाल सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष कमलेश राजपूत, ग्रामीण जिला अध्यक्ष जोग राम राजपूत जिला प्रभारी राम प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू, जिला उपाध्यक्ष सनी कुमार वर्मा, जिला सचिव संतोष कुमार, जिला कोषाध्यक्ष प्रधान अवनीश यादव , विमलेश कुमारी, जिला उपाध्यक्ष अंजली राजपूत सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




कलेक्ट्रेट में मौजूद कार्यकर्ता

# व्यापारी ने स्वयं रची थी लूट करने की फर्जी साजिश, पुलिस ने किया खुलासा

- आरोपी व उसके साथी के पास से गवन के दो लाख रुपये किये बरामद

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।



पकड़ा गया आरोपी

कोतवाली क्षेत्र के कुबेरपुर गांव के पास कपड़े के व्यापारी से हुई 4 लाख रुपये की कथित लूट के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। जिस युवक ने बाइक सवार बदमाशों द्वारा मारपीट और लूट का शोर मचाया था, वह खुद ही इस पूरी साजिश का सूत्रधार निकला। पुलिस ने आरोपी और उसके साथी के पास से गबन किए गए 2 लाख रुपये बरामद कर लिए हैं। रविवार रात करीब 8:30 बजे कुबेरपुर निवासी उवैद पुत्र मखफूर ने सूचना दी थी कि जब वह लालबाग स्थित फैजुल कपड़े की दुकान से 4 लाख रुपये लेकर लौट रहा था, तब कस्तूरबा स्कूल के पास बाइक सवार दो लुटेरों ने उसे टक्कर मारकर गिरा दिया और रुपयों से भरा बैग लूट ले गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए सीओ राजेश कुमार द्विवेदी और थाना प्रभारी मदन मोहन चतुर्वेदी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे। घटना की जांच के दौरान जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की, तो उवैद के बयानों में विरोधाभास मिला।

अंततः उवैद ने स्वीकार किया कि लूट की कोई घटना नहीं हुई थी। उसने बताया कि वह फैजुल से लिए गए पैसों में से 2 लाख रुपये शानू को देने जा रहा था, लेकिन उसकी नियत में खोट आ गई। योजना के मुताबिक, उवैद ने अपने साथी इमाद पुत्र तनवीर खाँ को बुलाया और उसे 2 लाख रुपये सौंप दिए। उवैद ने इमाद से कहा कि वह पुलिस को लूट की झूठी सूचना दे देगा और बाद में दोनों इन रुपयों को आपस में बांट लेंगे। इमाद ने भी अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने पैसे अपने पास छिपा कर रख लिए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से दो लाख रुपये बरामद कर लिए हैं। पुलिस द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, आरोपियों के विरुद्ध अमानत में खयानत, चोरी की संपत्ति प्राप्त कर रखना और लोक सेवक को झूठी सूचना देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि अभियुक्तों ने पुलिस को गुमराह करने और रुपयों को हड़पने के उद्देश्य से लूट की झूठी कहानी रची थी। बरामद रकम को मालखाने में दाखिल कर दिया गया है और दोनों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# एक ही परिवार के दो चचेरे भाइयों के शव पहुंचते ही चीखों में बदला मोहल्ला, हर आंख नम

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।

कस्बा मोहम्मदाबाद के वार्ड आजाद नगर में उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब सड़क हादसे में मृत दो चचेरे भाइयों के शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में मातम का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार वार्ड आजाद नगर निवासी उस्मान मंसूरी के 24 वर्षीय पुत्र आदिल मंसूरी तथा इस्लाम मंसूरी के 19 वर्षीय पुत्र समीर मंसूरी की बीती रात्रि अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया था। अस्पताल से प्राप्त मेमो के आधार पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला चौकी प्रभारी लक्ष्मण सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। चौकी प्रभारी ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक आदिल मंसूरी तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और कस्बे में एक मुर्गे की दुकान पर काम करता था। उसके परिवार में छोटा भाई साजिद और बहन यास्मीन हैं। पिता उस्मान मंसूरी राजमिस्त्री का कार्य करते हैं। पुत्र की असमय मौत से मां अफसाना बेगम का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतक समीर मंसूरी चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था और कस्बे में एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान पर काम करता था। उसके परिवार में छोटा भाई समद मंसूरी तथा बहनें मुस्कान और इल्मा हैं। पिता इस्लाम मंसूरी भी राजमिस्त्री का कार्य करते हैं। बेटे की मौत से मां सोनी बेगम सहित पूरे परिवार में गहरा शोक व्याप्त है। पोस्टमार्टम के बाद जब दोनों शव घर पहुंचे तो परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया।

बाद में जब दोनों चचेरे भाइयों के जनाजे एक साथ उठे, तो यह दृश्य देखकर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं और हर किसी की आंखों से आंसू निकल पड़े। एक ही परिवार के दो युवकों की एक साथ मौत से पूरे मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है।



घटना के बाद एकत्र मोहल्ले वाले व परिजन

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार पल्लेदार की मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिला जेल से सेंट्रल जेल जाने वाले मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार पल्लेदार को टक्कर मार दी। इस हादसे में पल्लेदार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुरा निवासी 30 वर्षीय विजय जाटव के रूप में हुई है। विजय एक कोल्ड स्टोरेज में पल्लेदारी का काम करता था। रविवार देर रात वह कोल्ड स्टोर से अपनी बाइक पर घर लौट रहा था। विजय के पीछे उसके चाचा उमेश और भाई मोहन साइकिल से आ रहे थे। कोल्ड स्टोरेज से कुछ ही दूरी पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने विजय की बाइक को टक्कर मार दी। हेलमेट न पहने होने के कारण विजय के सिर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद चाचा और भाई घायल विजय को तुरंत लोहिया अस्पताल ले गए। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने जांच के बाद विजय को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाकर पुलिस को घटना की सूचना दी। मृतक के चाचा उमेश ने बताया कि विजय अपने तीन भाई और दो बहनों में सबसे बड़ा था। उसके छोटे भाई मोहन और विनय हैं, जबकि माता का नाम चंद्रमुखी और पिता का नाम राम कीर्तन जाटव है।



मृतक की जांच करते चिकित्सक

# वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोचा

- अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर कर दी थी हत्या

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

दिनांक 03.03.2026 को वादी द्वारा थाना कमालगंज पर दर्ज करायी गयी प्रथम सूचना रिपोर्ट में कहा गया था कि उसकी पुत्री को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजनों ने फांसी लगाकर हत्या कर दी है। वादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। पुलिस ने आज आरोपी रंजीत कुमार उर्फ मोनू पुत्र हरीबक्श निवासी ग्राम बलीपुर थाना कमालगंज को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस हिरासत में आरोपी

# अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

बीती रात शुकरुल्लापुर रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम शुकरुल्लापुर रेलवे स्टेशन से करीब 300 मीटर आगे फर्रुखाबाद की तरफ पोल संख्या 150 व 1415 के पास एक 45 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। जिसकी सुबह जानकारी होने पर ग्रामीणों ने सूचना पर रेलवे स्टेशन पर दी। सूचना पाकर शुकरुल्लापुर रेलवे स्टेशन मास्टर ने आरपीएफ फतेहगढ़ फर्रुखाबाद तथा जीआरपी पुलिस फतेहगढ़ को सूचना दी। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने सूचना जीआरपी चौकी इंचार्ज कायमगंज वसीम अहमद को दी। चौकी इंचार्ज जीआरपी वसीम अहमद ने बताया कि उन्होंने मामला आरपीएफ के क्षेत्र में होने पर आरपीएफ पुलिस को मौके पर पहुंचने की बात कही। वहीं मौके पर पहुंची आरपीएफ पुलिस ने तथा जीआरपी चौकी इंचार्ज वसीम अहमद ने सूचना नवाबगंज थाना पुलिस को दी और मामला सिविल पुलिस का बताकर आरपीएफ इंस्पेक्टर फतेहगढ़ ने भी सूचना नवाबगंज थाने पर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे हलका इंचार्ज जगराम सिंह ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। खबर लेकर जाने तक युवक के पहचान नहीं हो सकी थी।

# पीडीए सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने थानाध्यक्ष से की मुलाकात

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

पीडीए सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप ने आज थानाध्यक्ष से मुलाकात कर बीते दिन कश्यप समाज के होनहार लड़के के ऊपर कायमगंज 192 से विधायक डॉक्टर सुरभि के पति अजीत गंगवार द्वारा किये गये हमले के संबंध में चर्चा की। साथ ही दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की।

वहीं थानाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि अगर मुकदमा कल तक नहीं लिखा गया तो कश्यप समाज एक महापंचायत करेगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन, प्रशासन की होगी।



जानकारी देते धर्मेंद्र कश्यप

# मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026 लागू, 28 मार्च तक करें आवेदन

**परमिट से मुक्त हैं मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना की बसें**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026 लागू किये जाने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत, एआरएम रोडवेज राजेश कुमार तथा जनपद के बस ट्रासपोर्टर्स के द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में एआरटीओ-प्रवर्तन के द्वारा बताया गया कि इस योजना में चयनित बस से सम्बन्धित ब्लाक के ग्राम पंचायत से ब्लाक तक जाने में सभी ग्राम पंचायत आच्छादित होंगी तथा ब्लाक/तहसील/जिला मुख्यालय को परिवहन सुविधा से जोड़ेंगी। इस योजना के अन्तर्गत 15-28 सीट क्षमता की पंजीयन तिथि से 08 वर्ष आयु तक की बसों का प्रथम अनुबन्ध 10 वर्ष हेतु किया जा सकेगा, तदोपरान्त 15 की आयु सीमा तक विस्तारित किया जा सकेगा।

एआरएम रोडवेज आवेदन शुल्क रू0 2000.00 प्रति आवेदन देय होगा जो कि सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक परिवहन निगम, फर्रुखाबाद के पंजाब नेशनल बैंक, शाखा फतेहगढ़ के खाता संख्या 1934002100114387 में जमा कराया जा सकता है। आवेदन पत्र सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय, परिवहन निगम, फर्रुखाबाद के कार्यालय से प्राप्त कर एवं विधिवत भरे जाने के उपरान्त सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय, परिवहन निगम, फर्रुखाबाद के कार्यालय में जमा कराना होगा। इस योजना हेतु चयनित बस हेतु प्रतिभूति धनराशि रू0 5000.00 वाहन स्वामी को जमा करना अनिवार्य होगा। वाहन पर चालक/परिचालक वाहन स्वामी के होंगे, टिकट की धनराशि वसूलने का अधिकार वाहन स्वामी द्वारा नियुक्त चालक/परिचालक का होगा। परिवहन निगम के संरक्षण एवं नियंत्रण में संचालन हेतु प्रति वाहन मासिक संरक्षण शुल्क धनराशि रू0 1500.00 प्रति माह परिवहन निगम को देय होगा। वाहन की फिटनेस/टैक्स की अदायगी, चालक एवं परिचालक के लाइसेन्स बैधता की जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी। दुर्घटना की स्थिति में समस्त दायित्व वाहन स्वामी का होगा। टिकट की धनराशि स्थानीय मांग के अनुसार वाहन स्वामी द्वारा स्वयं निर्धारित किया जायेगा, किंतु टिकट की धनराशि राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित दर से अधिक नही होगी।


बैठक लेते जिलाधिकारी, सीडीओ व अन्य

वर्तमान में राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा किराये की दर रू0 1.30 प्रति कि.मी. तय की गई है। इस योजना हेतु बस संचालन को परमिट की अनिवार्यता से मुक्त रखा जायेगा। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026 के अन्तर्गत अन्तिम चयन जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, एआरटीओ व एआरएम-रोडवेज की समिति द्वारा किया जायेगा। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026 हेतु अभी 15 मार्ग प्रस्तावित किये गये हैं, जिनको आवश्यकता के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।

## शिक्षकों ने की टेट अनिवार्यता खत्म करने की मांग



**छिबरामऊ, कन्नौज।** रामलीला मैदान के पास एसएल गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले आरटीई एक्ट लागू होने के पूर्व से नियुक्त शिक्षकों ने टेंट अनिवार्यता के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री सत्येंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में शिक्षकों ने विधायक अर्चना पांडेय को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित स्वलिखित पत्र सौंपे और शिक्षकों की आवाज प्रधानमंत्री तक पहुंचाने की गुहार लगाई। विधायक अर्चना पांडेय ने सभी शिक्षकों को आश्वासन दिया कि आपकी चिट्ठी के साथ मै स्वयं अपना पत्र लगाकर आपकी मांग के समर्थन में प्रेषित करूंगी। इस दौरान अर्चना चतुर्वेदी, सुमन लता यादव, अविनाश मोहन, भुवनेश्वर सिंह, अमित शाक्य, विनोद मिश्रा, प्रदीप दीक्षित, संदीप दीक्षित, राघवेंद्र यादव, योगेश यादव, अरविंद चौहान, राजेश गौतम, आलोक सक्सेना, राजीव मिश्रा, अनिल शाक्य, निधि सेंगर, उदयवीर सिंह, मोहम्मद आकिल, मोहम्मद सोहेल व प्रीति सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# रिजवान अहमद ताज के रोजा इफ्तार में पहुंचे गणमान्य व्यक्ति


रोजा इफ्तार में मौजूद शहर के गणमान्य लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजसेवी रिजवान अहमद ताज के आवास पर रोजा इफ्तार प्रोग्राम में शहर के तमाम सामाजिक एवं गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह उर्फ मुन्नू बाबू, पूर्व विधायिका लुईस खुर्शीद, ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 शाकिर अली मंसूरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता इरशाद अली सैफी, भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास अग्निहोत्री, जिला अध्यक्ष जगपाल सिंह राठौड़, एडवोकेट लक्ष्मण सिंह, आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष इंजीनियर नीरज प्रताप शाक्य, बसपा के पूर्व प्रत्याशी विजय कटियार, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार, वर्तमान उपाध्यक्ष एडवोकेट सलीम राजा, सपा प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग मोहम्मद युनुस अंसारी, एडवोकेट अनिल मिश्रा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शकुंतला देवी, शहर अध्यक्ष अंकूर मिश्रा, हाजी वसीम जमा, बहार चिश्ती तारिक बशीर, फायक महमूद, इसरार अहमद, डीएन कॉलेज पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह रामू, खालिद सिद्दीकी, एडवोकेट अताहुल हक, एडवोकेट,आदिल कामरान, मनोज कुमार मंजुल, इं.राम शरण रमन, लोको दरगाह शरीफ़ फतेहगढ़ के सज्जादा नशीन वसीम अहमद, हाफिज आबिद रजा, राजीव वाजपेई, डॉ0 बाल गोविंद दुबे, साबिर हुसैन, शब्बे भाई, जावेद खान बंगश, इशरत शैफी सहित सैकड़ों लोगों ने शिरकत कर रोजा इफ़्तार किया और नमाज़ के बाद मुल्क की सलामती एवं अमन के साथ ही गंगा जमुनी तहज़ीब हमेशा क़ायम रहने के लिए दुआ की।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अग्रणी नारी सम्मान का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आकांक्षा समिति फर्रुखाबाद के तत्वावधान में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही महिलाओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर बोलते हुए समिति की अध्यक्ष डॉ0 वन्दना द्विवेदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पूरे विश्व की महिलाओं के आत्मसम्मान को परिलक्षित करता है।

भारतवर्ष में इसकी महत्ता सदैव रही है यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः प्रसिद्ध मनुस्मृति श्लोक जहाँ नारियों का सम्मान और पूजा की जाती है, वहाँ देवता निवास करते हैं। यह भारतीय संस्कृति में महिलाओं के उच्च स्थान और उन्हें शक्ति का प्रतीक मानने की परंपरा को दर्शाता है। वर्तमान समय शिक्षा और ज्ञान का है हम कोई भी कार्य करें अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं करना है। उन्होंने ने जनपद के विभिन्न दायित्वों एवम क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।


कार्यक्रम के दौरान सम्मानित महिलायें

सुमन त्रिपाठी, दीपिका राजपूत, बिंदु गुप्ता, डॉ0 शशि किरण सिंह, ऐश्वर्या उपाध्याय, दीप्ति वत्स, नम्रता सिंह, निहारिका पटेल, प्रियंका गाँधी, डॉ0 सुनीता यादव, पूनम पाल, शुभांगी अग्निहोत्री, गीतांजलि पटेल, स्मृति अग्निहोत्री राना हिजाब और ताइक्वांडो की बालिकाओं को सम्मानित किया गया। इन सभी को विभिन्न क्षेत्रों यथा शिक्षा, कविता, संगीत, चिकित्सा , गंगा स्वच्छता, पर्यटन, स्वयं सहायता समूह के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। आकांक्षा समिति की डॉ0 वंदना द्विवेदी, रश्मि सिंह, गुंजा जैन, मंजू सिंह, साक्षी गुप्ता, डॉ0 ज्योति गुप्ता, श्रद्धा, अनीता पाठक, भावना गुप्ता, दीपिका त्रिपाठी, डॉ0 मीनू गुप्ता आदि उपस्थित रहीं। संचालन राना हिजाब ने किया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न


बैठक के दौरान मौजूद कार्यकर्ता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। नवाबगंज नगर पंचायत कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत के नेतृत्व में भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश राठौर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किए जाने के लिए निर्देश दिए। जिसमें मुख्य अतिथि संदीप कुमार शाक्य तथा अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के लिए गुरु सिखाएं। इस मौके पर मुख्य अतिथि संदीप कुमार शाक्य, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश राठौर, शिवमंगल सिंह, कमल भारद्वाज, रजनीश अवस्थी, पवन कठेरिया, संजय पाल, अमन अवस्थी, रूपेश गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।

## इबादत और इस्तिग़फार में गुज़री शब-ए-क़द्र की रात : मौलाना जियाउल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मदरसा जामिया खदीजतुल कुबरा के मौलाना जियाउल हक ने बताया कि रमज़ान-उल-मुबारक का पाक महीना जारी है। रमज़ान का 26वां रोज़ा रखने के बाद उसकी 27वीं रात को मुसलमान दुनिया भर में लैलतुल क़द्र (शब-ए-क़द्र) के रूप में मनाते हैं। हालांकि इसे अक्सर शब-ए-बारात कहा जाता है, लेकिन असल में शब-ए-बारात शाबान महीने की 15वीं रात होती है। मौलाना ने कहा कि यह रात क़ुरआन-ए-पाक की सूरह अल-क़द्र में ज़िक्र की गई लैलतुल क़द्र की संभावित रातों में से एक है, जो हज़ार महीनों से बेहतर है। इस रात इबादत करने वाला अल्लाह की रहमत और मग़फ़िरत का हकदार बनता है। देश-दुनिया की मस्जिदों और घरों में पूरी रात नमाज़-ए-तहज्जुद, क़ुरआन की तिलावत, दुआएं और इस्तिग़फ़ार का सिलसिला चलता रहा। आखिरी अशरे की इन रातों में मुसलमान अल्लाह से माफी, बरकत और नेक तक़दीर मांगने में मशगूल रहते हैं।

# अमृतपुर में सुभाष सेना का शक्ति प्रदर्शन 2027 चुनाव की बनी रणनीति

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा अमृतपुर में भारतीय सुभाष सेना द्वारा किसान मजदूर नौजवान बचाओ महा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्री अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह तथा वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विदुषी संगीता शर्मा का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का आयोजन जिला कमेटी के तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि संगठन का मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में जागरूकता अभियान चलाना है। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर और नौजवानों की समस्याओं को लेकर यह अभियान शुरू किया गया है, जिससे प्रदेश और देश में उत्पन्न हालात से कैसे निजात पाई जा सके, इस पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व संगठन द्वारा एक मुहिम शुरू कर अपना घोषणा पत्र भी जारी किया गया था। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को एक बेहतर प्रदेश बनाना और प्रदेश में फैली बेरोजगारी को दूर करने के लिए ठोस योजनाएं तैयार करना है।


कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ता

विधानसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के विषय में उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 100 प्रत्याशियों को फाइनल किया जा चुका है तथा संगठन का प्रयास है कि प्रदेश की सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे जाएं। उन्होंने कहा कि जून माह तक सभी सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए जाएंगे। इस दौरान भारतीय सुभाष सेना द्वारा परिवर्तन संकल्प पत्र 2027 भी जारी किया गया। कार्यक्रम में संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संस्कार की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की बनी रुपरेखा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती फर्रुखाबाद की साधारण सभा की बैठक शहर के विनयाशा होटल में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ संस्कार भारती गीत ध्येय गाकर किया गया। उसके उपरांत एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा कार्यक्रम की समीक्षा हुई। जिसमें सभी ने कहा यात्रा भव्य और दिव्य निकाली जायेगी। कुछ ने नए भी सुझाव दिए।

रामजी बाजपेई ने बताया कि 18 मार्च सायं 4 बजे को बद्रीविशाल कालेज से श्री पाण्डेश्वर नाथ मंदिर तक बाइक रैली उसके उपरांत मंदिर में एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। प्रति वर्ष की भांति ग्रीष्मकालीन कार्यशाला के आयोजन के लिए संयोजक के लिए अनुराग अग्रवाल का नाम प्रस्ताव पारित किया गया। सभी ने ऊं ध्वनि के साथ सहमति प्रदान की। विविध विधाओं से पारंगत महिलाओं के प्रशिक्षण करने के लिए फार्म भरने के लिए चित्रा अग्निहोत्री को प्रभारी बनाया गया।


बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण

संजय गर्ग और सभी ने महेश पाल सिंह उपकारी क्षत्रिय महासभा का जिला अध्यक्ष घोषित होने पर शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। अंत में अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह ने सभी का धन्यवाद दिया। बैठक का संचालन सचिव गौरव मिश्रा ने किया। बैठक के प्रमुख रूप से प्रमोद अग्रवाल, संजय गर्ग, समेंद शुक्ल कवि, सुबोध शुक्ला, नवीन मिश्र नब्बू भाई, अमन अवस्थी, भावना गुप्ता, संदीप चतुर्वेदी, मनोज मिश्र, नरेंद्र नाथ, विशाल श्रीवास्तव, अनुभव सारस्वत, अर्पण शाक्य, चित्रा अग्निहोत्री, सुनीता सक्सेना, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, कूलभूषण श्रीवास्तव, अखिलेश पांडेय, आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### साप्ताहिक भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध


कथा का श्रवण करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गांव गदनापुर देवराजपुर में साप्ताहिक भागवत कथा में आज कथावाचक प्रज्ञा चैतन्य ने भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भजन संगीत पर सुनाया। जिसे सुनकर श्रोता मग्न हो गये। युवाओं में नृत्य करने की होड़ लगी रही। यजमान बने ईनाम सिंह पाल ने हवन पूजन करने के बाद कथा प्रारम्भ की गयी। कार्यक्रम संयोजक गल्ला मन्डी समित अध्यक्ष सुनील गुप्ता, प्रमोद पाल, डाक अधीक्षक चन्द्रपाल, मलिखान पाल, सुनील यादव, शुमेन्द पाल, निर्जेश कुमार शंखवार, पुलिस सेवानिवृत्त रोशन लाल, सेवानिवृत हरीराम पाल, छोटेलाल, सुरेन्द्र पाल, अनिल पाल, मुन्नू भाई ने व्यवस्था संभाली। जिलामन्ती गुरुचरन आजाद, गांव प्रधान दिलीप कुमार यादव, राजीव गुप्ता, निर्जेश कुमार शंखवार, अवधेश कुमार शंखवार आदि ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

### नि:शुल्क वृद्धावस्था स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



शिविर में दवायें लेते मरीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय होम्योपैथिक/ आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कड़हर फर्रुखाबाद (राजेपुर ब्लॉक)पर चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह द्वारा आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत एक नि:शुल्क वृद्धावस्था स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्साधिकारी ने कुल 105 ( 65 पुरुष + 40 महिलाएं) वृद्धजनों का चिकित्सक द्वारा वजन, बीपी, ऑक्सीजन स्तर, पल्स, तापमान इत्यादि की जांच कर संबंधित रोगानुसार नि:शुल्क होम्योपैथिक उपचार उपलब्ध करवाया गया और साथ ही उन संबंधित रोगों से बचाव की जानकारी दी गई। इस शिविर में वृद्धजन विभिन्न रोगों जैसे उच्च रक्तचाप, गठिया/वात रोग, पेट रोग,अपच, अनिद्रा, जोड़ रोग, चर्मरोग,प्रोस्टेट, मुख/दंत रोग,बुखार ,जुकाम खांसी,एवं दमा/ स्वांस इत्यादि रोगों से ग्रसित पाए गए।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर हुआ कार्यक्रम, दी गयीं शुभकामनाएं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा के जिला अध्यक्ष कार्यकाल को 1 वर्ष पूर्ण होने पर आवास विकास स्थित भाजपा मुख्यालय पर पार्टी के वरिष्ठ नेता पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण एकत्रित हुए सभी ने भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा को 1 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दी एवं कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया एवं मिष्ठान वितरण किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा भाजपा में ही सामान्य से सामान्य कार्यकर्ताओं का सम्मान है। सामान्य से सामान्य कार्यकर्ता भी बड़े-बड़े दायित्वों का निर्वहन कर सकता है ऐसा सिर्फ भाजपा संगठन में ही संभव है।

मुझ जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता को संगठन का नेतृत्व देकर जन सेवा करने का अवसर दिया है। कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए सदैव में तत्पर खड़ा रहूंगा। कार्यकर्ताओं को आगामी 2027 का विधानसभा चुनाव पूरी ताकत के साथ पार्टी को जिताना होगा संगठन का एक-एक कार्यकर्ता आगामी कार्यक्रमों में पूर्ण सहभागिता देकर संगठन को मजबूत करने का कार्य करें। आगामी मंडलों में होने वाले प्रशिक्षण वर्ग में शत-प्रतिशत कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए। जिससे नवीन दायित्व वाले कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा और नीतियों के बारे में जानकारी मिलेगी। जल्द ही जिला कमेटी की घोषणा के बाद जिला स्तर पर भी प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। भाजपा एकमात्र ऐसा दल है जहां पर प्रत्येक वर्ग को नेतृत्व करने का अवसर मिलता है। कार्यकर्ता आधारित संगठन पार्टी की रीढ़ होती है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर अनुशासन के साथ संगठन को मजबूत करते हुए 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का सपना साकार करें। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, जिला महामंत्री डीएस राठौर, जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक जितेंद्र सिंह, जिला मंत्री डॉ0 धर्मेंद्र राजपूत, पूर्व सभासद प्रबल त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, सोशल मीडिया जिला संयोजक अभिषेक बाजपेई, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास पांडे, पंकज पाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी राजपूत, संजू शर्मा, अमन कटियार, लव कनौजिया, डॉक्टर उदय प्रताप सिंह, फर्रुखाबाद पूर्वी मंडल अध्यक्ष नरेंद्र आर्य, अंकित गुप्ता, युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष अजीत महाजन, जिला मंत्री अभिषेक बाथम, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र कठेरिया, जिला कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष ममता सक्सेना, अविनाश वाल्मीकि संजय सिंह, दिनेश शर्मा, अशनील दिवाकर आदि समस्त कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।


जिलाध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता

# बंद सूत मिल परिसर में अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

बंद पड़ी उत्तर प्रदेश सहकारी सूत मिल परिसर में कथित अवैध खनन की शिकायत पर सोमवार को प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। कायमगंज के एसडीएम अतुल कुमार और खनन निरीक्षक संजय सिंह ने मिल परिसर में पहुंचकर वहां चल रहे ध्वस्तीकरण कार्य का निरीक्षण किया और ठेकेदार गणपत चौधरी से जानकारी ली।

अधिकारियों ने परिसर के विभिन्न हिस्सों का जायजा लेकर वहां हो रहे कार्य की स्थिति देखी। एसडीएम अतुल कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार का अवैध खनन नहीं पाया गया। मिल की जर्जर इमारतों को गिराने का काम चल रहा है और उसी से निकले मलबे को ट्रैक्टरों के जरिए बाहर ले जाया जा रहा है। सोमवार को निरीक्षण के दौरान ट्रैक्टर चालक अखिलेश और उसके पिता किशनलाल भी सूत मिल परिसर पहुंच गए। उन्होंने अधिकारियों के सामने शनिवार को हुई घटना का जिक्र करते हुए विधायक पति पर मारपीट का आरोप लगाया और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। दरअसल, शनिवार शाम खनन की सूचना पर विधायक पति अपने कुछ साथियों के साथ सूत मिल परिसर पहुंचे थे। उसी दौरान ट्रैक्टर चालक अखिलेश ने आरोप लगाया कि उसके साथ मारपीट की गई। इसके बाद अखिलेश के पिता किशनलाल ने कंपिल थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। फिलहाल प्रशासन की जांच में खनन की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मारपीट के आरोपों को लेकर मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


जांच पड़ताल करते अधिकारी

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मैंने अपने भाई शिवपाल सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह निवासी ग्राम-सितवनपुर पिसू, पोस्ट-बराकेशव, थाना- नवाबगंज, तहसील- सदर, जनपद-फर्रूखाबाद से उसके गलत कृत्यों से परेशान होकर अपने सारे संबंध खत्म कर लिए हैं, सूचनार्थी से उसका कोई वास्ता वो सरोकार नहीं है। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचनार्थी**
**रामवीर सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह**
**निवासी- ग्राम-सितवनपुर पिसू, पोस्ट-बराकेशव,थाना-नवाबगंज, तहसील-सदर, जनपद-फर्रूखाबाद**

## कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रूखाबाद

पत्रांक:-931/ न0पं0-टेण्डर नोटिस/2025-26/ शमसाबाद        दिनांक:- 16 मार्च, 2026

**अति अल्पकालीन ई-निविदा (निविदा सूचना)**

नगर पंचायत शमसाबाद के अधिकृत संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सेक्टर के पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय में निम्नांकित कार्य ई टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाना हैं जिसके डाक्यूमेंट वेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 18.03.2026 से 09.04.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उपलब्ध हैं जो कि वेबसाइड से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते हैं तथा दिनांक 09.04.2026 को अपरान्ह 4:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद के नाम बन्धक कर जमा करना अनिवार्य होगा।

| क्र.सं. | नगर पंचायत | प्रारम्भ दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | Tender Release | 18.03.2026 12:00 बजे |
| 2. | Tender Close Date | 09.04.2026 2:00 बजे |

**प्रशान्त कुमार**
**अवर अभियन्ता जलकल/विद्युत**
**नगर पंचायत, शमसाबाद फर्रूखाबाद**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, शमसाबाद**
**फर्रूखाबाद**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत, शमसाबाद**
**फर्रूखाबाद**

## धर्मकांटे की उधारी के विवाद में हुआ हमला

# 72 वर्षीय महिला का आरोप : 22 हजार लेने के बाद भी पुलिस मांग रही 50 हजार

- तहरीर बदलकर दर्ज की एफआईआर
- दो बेटे घायल, मेडिकल रिपोर्ट के बावजूद गंभीर धाराएं न लगाने का आरोप

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी (कुकरा)।** मैलानी थाना क्षेत्र के कुकरा कस्बे की रहने वाली 72 वर्षीय आयशा बेगम ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए राज्य महिला आयोग से शिकायत की है। उनका आरोप है कि उनके बेटों पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने उनकी तहरीर बदलकर हल्की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर दी और कार्रवाई के नाम पर 22 हजार रुपये लेने के बाद भी 50 हजार रुपये की और मांग की जा रही है। पीड़िता का कहना है कि पुलिस की इस कार्रवाई से आरोपी पक्ष को राहत मिल रही है और उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। पीड़िता आयशा बेगम पत्नी मुख्तार खां निवासी ग्राम व पोस्ट कुकरा के अनुसार उनके दामाद सिकंदर आजम का कुकरा में धर्मकांटा है, जिसकी देखरेख उनका बेटा शाबान करता था। पास में रहने वाला आदिल पुत्र जाकिर कई महीनों से अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली का वजन इसी धर्मकांटे पर कराता था और करीब 600 रुपये उधार हो गए थे। 5 मार्च 2026 को जब शाबान ने आदिल से उधारी के रुपये मांगे तो वह गाली-गलौज करते हुए, धमकी देकर चला गया। आरोप है कि अगले दिन 6 मार्च की शाम करीब 7 बजे जाकिर पुत्र माजिद, आदिल, आजम और साहिल एक राय होकर लोहे की रॉड और मोटरसाइकिल की चेन लेकर घर पहुंच गए। उन्होंने शाबान को आवाज दी, लेकिन पहले छोटा बेटा इमरान बाहर आया तो उसके सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इमरान के चीखने पर शाबान बाहर आया तो उस पर भी लोहे की रॉड से हमला किया गया। बचाव में वार उसके सिर पर न लगकर दाहिनी हसली पर लगा, जिससे हड्डी टूट गई। पीड़िता का कहना है कि मेडिकल और एक्स-रे रिपोर्ट में यह चोट स्पष्ट रूप से दर्ज है। आयशा बेगम ने आरोप लगाया कि इस हमले के पीछे गुड्डू और उसका भाई रईस पुत्र रसीद का हाथ है, जिनसे पुरानी रंजिश चली आ रही है। उनका कहना है कि इन्हीं के कहने पर आरोपियों ने हमला किया। घटना के बाद 7 मार्च को पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया, लेकिन पीड़िता का आरोप है कि कुकरा चौकी प्रभारी ने 22 हजार रुपये लेने के बावजूद 50 हजार रुपये और की मांग की। साथ ही उनकी मूल तहरीर बदलकर अंगूठा लगवा लिया और मुकदमा दर्ज कर दिया। पीड़िता का कहना है कि वह अनपढ़ और अंगूठा छाप हैं, इसलिए उन्हें बाद में पता चला कि उनकी तहरीर बदल दी गई है। उनका आरोप है कि विवेचना कर रहे चौकी प्रभारी अब भी 50 हजार रुपये की मांग कर रहे हैं और पैसे न देने पर अन्य धाराओं में कार्रवाई की धमकी दे रहे हैं। आयशा बेगम ने बताया कि घटना में उनके दोनों बेटे घायल हुए हैं और मेडिकल रिपोर्ट में गंभीर चोट आने के बावजूद एफआईआर में उचित धाराएं नहीं बढ़ाई गई। उन्होंने कहा कि वह 11 दिनों से न्याय के लिए दर-दर भटक रही हैं। 16 मार्च को उन्होंने जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक से भी मुलाकात कर शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने राज्य महिला आयोग से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर में उचित धाराएं बढ़ाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला और कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी मैलानी पुलिस और आरोपी पक्ष की होगी।

मैलानी थाना प्रभारी बृजेश मौर्य ने बताया कि मामले में मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है। जांच के दौरान जिन धाराओं को बढ़ाना आवश्यक था, उन्हें बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरा पक्ष आरोपियों को जेल भेजने की मांग कर रहा है, लेकिन जब तक जांच में ऐसी धाराएं सामने नहीं आतीं, तब तक जेल भेजना संभव नहीं है। फिर भी पूरे मामले की जांच की जा रही है और उसके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नवरात्रि निर्णय : 19 मार्च से शुरू होगा हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि, गुरु होंगे वर्ष के राजा

**लखीमपुर खीरी।** सनातन परंपरा के अनुसार इस वर्ष हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 की शुरुआत 19 मार्च, गुरुवार से होगी। इसी दिन से चैत्र मास की प्रतिपदा के साथ चैत्र नवरात्रि का भी शुभारंभ होगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार जिस दिन से हिंदू नववर्ष शुरू होता है, उस दिन का स्वामी ग्रह पूरे वर्ष का राजा माना जाता है। इस बार नववर्ष गुरुवार को पड़ रहा है, इसलिए देवगुरु बृहस्पति (गुरु) वर्ष के राजा और मंगल मंत्री रहेंगे। आचार्य उत्सव शुक्ल भरद्वाज के अनुसार इस वर्ष 19 मार्च से 27 मार्च तक नौ दिनों तक माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाएगी।

**सृष्टि के नवप्रभात का प्रतीक-** पौराणिक मान्यता के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का दिन वह दिव्य क्षण माना जाता है, जब सृष्टिकर्ता चतुरानन ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना का आरंभ किया था। इसी कारण इसे सृष्टि के नवप्रभात का प्रतीक माना जाता है। इस समय प्रकृति भी अपने नवीन रूप में जागृत होती दिखाई देती है और वातावरण में उल्लास का संचार होता है।

**कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त-** चैत्र नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना (घटस्थापना) का विशेष महत्व होता है। 19 मार्च को इसके दो शुभ मुहूर्त बताए गए हैं– सुबह 06:52 बजे से 07:43 बजे तक, दूसरा शुभ मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:36 से 12:24 बजे तक, इन मुहूर्तों में श्रद्धालु विधि-विधान से कलश स्थापित कर मां दुर्गा की पूजा आरंभ करेंगे। **पालकी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा-** ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस वर्ष नवरात्रि गुरुवार से प्रारंभ हो रही है, इसलिए माता दुर्गा का आगमन पालकी पर माना जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिला युवक



**हलिया (मिर्जापुर )।** थाना संतनगर अंतर्गत लालगंज कलवारी मार्ग के देवरी राजा मुख्य मार्ग के बगल 20 वर्षीय नव युवक का हाथ पैर बंधे मुंह में कपड़ा डाले बेहोशी हालत में देख ग्रामीण दहशत में हो गए । मार कर फेंके जाने की सूचना आग की तरह फैल गई।थाना क्षेत्र के देवरी राजा निवासी आनंद कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह मन्ना दादा शौच के लिए निकले थे ।देखे कि सड़क के नीचे 20 वर्षीय मुकेश के हाथ पैर बंधे मुंह में कपड़ा डाले फेंका गया था। जिसे तत्काल छोड़े और राजमणि को आवाज दिए दोनो लोग मिल कर खेत से ऊपर ले आए उस समय मुकेश की सांसे रुक रुक कर आ रही थी वह बोल नहीं पा रहा था। निजी साधन से दीपनगर अंश क्लिनिक ले गए। जहां डाक्टर देखते ही मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिए ।तब तक ग्रामीण घटना की खुलासा हेतु घटना स्थल पर ही सड़क जाम कर दिए । सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष संतनगर राजेश कुमार मय दल बल के पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए अवरुद्ध मार्ग को खुलवाते हुए रुके वाहन को रवाना किया।

### युवक ने किया विषाक्त पदार्थ का सेवन, हालत बिगड़ी

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मधोर गांव में रविवार की रात्रि में युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में विशाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे युवक की हालत बिगड़ने पर स्वजनों ने आनन फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है । जंहा पर चिकित्सक द्वारा उपचार किया जा रहा है थाना क्षेत्र के मधोर गांव निवासी 21 वर्षीय रिशु ने रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में विशाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे हालत बिगड़ने पर स्वजनों ने आनन फानन में एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक डॉक्टर विवेक खरे ने युवक को उपचार के लिए भर्ती कर उपचार कर रहे है । उपचार के बाद युवक की हालत में सुधार हुआ है युवक ने किन परिस्थितियों में विशाक्त पदार्थ का सेवन किया है । इसकी जानकारी युवक के स्वजनों को भी नही है इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया की विशाक्त पदार्थ का सेवन करने से हालत बिगड़ने पर उसके स्वजनों द्वारा उपचार के लिए लेकर आये थे।

### रसोई गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान

**सिलेंडर के लिए दर-दर भटकने को उपभोक्ता मजबूर**

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर )।** क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत से उपभोक्ताओं की परेशानी दिनो-दिन बढ़ती जा रही है। गैस एजेंसियों पर सिलेंडर के लिए लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। हालांकि संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी गैस की कमी से इनकार कर रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बुकिंग के बाद भी समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। कई लोग गैस एजेंसियों और बाजार में सिलेंडर की तलाश में भटकते नजर आ रहे हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो लोगों को मजबूर होकर फिर से चूल्हा और लकड़ी जलाकर खाना बनाने की नौबत आ सकती है। बताया जा रहा है कि पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से जो गैस आपूर्ति हो रही है । उसमें केवल घरेलू उपभोक्ताओं को ही सीमित संख्या में सिलेंडर मिल पा रहा है। वहीं कामर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बाजार में लगभग ठप सी हो गई है। कामर्शियल गैस की कमी के कारण होटल-ढाबा संचालकों की व्यवस्था पर भी असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से गैस आपूर्ति व्यवस्था को जल्द दुरुस्त करने की मांग की है। ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। इस संबंध में उपजिलाधिकारी लालगंज महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी से बुकिंग कराने के पश्चात सिलेंडर का वितरण किया जा रहा है। गैस की कालाबाजारी न होने पाए इसके लिए सप्लाई इंस्पेक्टर और राजस्व निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है।

### पानी भरी बाल्टी में डूबने से अबोध बालक की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मझिगवा मतवार गांव में बाल्टी के पानी में अबोध बालक के डूबने से सोमवार को मौत हो गई। परिजनों ने अबोध बालक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले आए चिकित्सक ने जंहा पर चिकित्सक ने अबोध बालक को मृत घोषित कर दिया।परिजनों ने बिना पुलिस के सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिए।



स्थानीय थाना क्षेत्र के मझिगवां मतवार गांव निवासी अरुण का डेढ़ वर्षीय बेटा अंकित घर में दादी सुगनी के पास था, दादी घर के अंदर सो रही थी।इसी बीच दोपहर बालक को प्यास लगी और गिलास लेकर बाल्टी के पास गया भरी बाल्टी से जैसे ही पानी निकलने लगा कि पैर फिसल गया सिर की तरफ बाल्टी के अंदर चला गया 1 घंटे बाद सरसों की कटाई कर पिता अरुण तथा माता राजकुमारी आए तो देखा ।आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां पर चिकित्सक ने अबोध बालक को मृत घोषित कर दिया। मृतक अबोध बालक दो बहनों में छोटा था।इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि डेड वर्षीय अबोध बालक की बाल्टी के पानी में डूबने से मौत हो गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है। ग्राम प्रधान लाल बहादुर पाल ने बताया कि डेढ़ वर्षीय अबोध बालक के बाल्टी भरी पानी में डूबने से मौत हो गई है।

### गेंहू खरीद के लिए बनाए गए क्रय केंद्रों पर की जा रही तैयारी

**हलिया (मिर्जापुर )।** ड्रमंडगंज क्षेत्र में किसानों से गेहूं खरीद करने के लिए पीसीयू द्वारा तीन केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें साधन सहकारी समिति महोगढ़ी,साधन सहकारी समिति बबुरा कलां व साधन सहकारी समिति गलरा खुटहा हैं। अभी तीनों क्रय केंद्रों पर बोरे की उपलब्धता नही हो सकी है।साधन सहकारी समिति बबुरा कलां के केंद्र प्रभारी सचिव नारायण दत्त दुबे ने बताया कि किसानों से गेहूं खरीद के लिए तैयारियां की जा रही है।

## किशोर गुटखा का झांसा देकर बच्चे से लूट

**जंग बहादुर गंज खीरी।** शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे पसगवां थाना क्षेत्र के कस्बा जंगबहादुरगंज में आईसीआईसीआई बैंक के पास खोखे में गुटखा बेच कर जीवन यापन कर रही अधेड़ महिला रामरती को एक बाइक सवार ने अपना शिकार बनाते हुए किशोर गुटखा खरीदने की बात की कहा किशोर गुटखा सस्ते में दे देगें । महिला को अपने झांसे में लेकर अज्ञात बाइक सवार ने बात की और सौदा किया युवक ने महिला से कहा मेरी किशोर गुटखे की गाड़ी पास ही किराने की दुकान में उतर रही है चलो वही देदेगें मुझे 2700 रुपये दे दो महिला ने युवक को रुपये नही दिए कहा हम अपने पोते अनूप को भेज रहे हैं उसे पहले पैकेट दो जाकर । युवक ने कुछ दूर चलकर अनूप उम्र 10 बर्ष को अपनी बाइक पर बिठा लिया।

# चैती मेले में सुरक्षा, ट्रैफिक, बिजली-पानी और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, गोला गोकर्णनाथ (खीरी)।** छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में लगने वाले ऐतिहासिक चैती मेले को सुव्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से आयोजित करने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने अधिकारियों के साथ बैठक कर मेले में सुरक्षा, ट्रैफिक, बिजली-पानी, सफाई, मेडिकल सुविधा और फायर सुरक्षा की व्यवस्थाओं को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए। साथ ही तय किया गया कि सभी विभाग समन्वय के साथ काम करते हुए निर्धारित समय सीमा में तैयारियां पूरी करें, ताकि श्रद्धालुओं और दुकानदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर पालिका परिषद में आयोजित बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि चैती मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। इसे व्यवस्थित और भव्य बनाने के लिए नगर पालिका, तहसील प्रशासन और अन्य विभागों को मिलकर




काम करना होगा। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। डीएम ने मेले के दौरान पुलिस और ट्रैफिक व्यवस्था को मजबूत रखने, पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने, खोया-पाया केंद्र स्थापित करने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने और नियमित फॉगिंग व छिड़काव कराने के निर्देश दिए। साथ ही मेला क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने और अस्थायी ढांचों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने कहा कि महाशिवरात्रि की तरह चैती मेले को भी पूरी सुरक्षा के साथ संपन्न कराया जाएगा। मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि मेले में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जाए। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने विद्युत विभाग को लूज तारों को ठीक कराने और खुले ट्रांसफार्मरों की बैरिकेडिंग कर स्पष्ट चेतावनी संकेत लगाने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग को मेले में लगने वाली दुकानों की जांच कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शित कराने को कहा गया। इसके साथ ही वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था और सफाई कर्मियों की रोस्टर ड्यूटी भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एएसपी अमित कुमार राय ने बताया कि मेले के दौरान पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाएगी और झूलों की समय-समय पर सुरक्षा मानकों के तहत जांच कराई जाएगी। फायर टेंडर की तैनाती भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल 'रिंकू' ने कहा कि प्रशासन के मार्गदर्शन में चैती मेले को भव्य रूप दिया जाएगा। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भी आयोजित होगी, जिसमें स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। **मेला स्थल का निरीक्षण कर परखी व्यवस्थाएं-** बैठक के बाद डीएम और एसपी ने मेला स्थल का पैदल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**डीएम-एसपी ने बैठक कर तय की रूपरेखा**

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, बलरामपुर फाउंडेशन ने बांटी सिलाई मशीनें

- छात्राओं को स्कूल बैग व बोतल, शिक्षिकाओं को दिए पिंक हेलमेट



**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ (खीरी)।** क्षेत्र में सामाजिक दायित्वों के तहत बलरामपुर फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को सिलाई मशीनें, छात्राओं को स्कूल बैग व पानी की बोतल तथा शिक्षिकाओं को पिंक हेलमेट वितरित किए गए। फाउंडेशन की ओर से मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत चीनी मिल क्षेत्र की महिलाओं को सिलाई का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं को निःशुल्क सिलाई मशीनें प्रदान की गई, जिससे वे सिलाई का कार्य कर अपनी आजीविका चला सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। इसी क्रम में बस्तौली स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बिजुआ में अध्ययनरत छात्राओं को स्कूल बैग और पानी की बोतलें वितरित की गई। साथ ही विद्यालय में कार्यरत शिक्षिकाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पिंक हेलमेट भी दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद लाभार्थियों को सामग्री वितरित की। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि बलरामपुर फाउंडेशन द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं और इससे समाज के विभिन्न वर्गों को प्रत्यक्ष लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिलती है। गुलरिया चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक योगेश कुमार सिंह ने कहा कि बलरामपुर समूह सामाजिक कार्यों के माध्यम से समाज के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास करता रहा है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे, ताकि लोगों के जीवन स्तर में सुधार और रोजगार के अवसर बढ़ सकें। लेडीज क्लब की अध्यक्षा बबिता सिंह ने कहा कि सिलाई प्रशिक्षण और मशीन वितरण कार्यक्रम महिलाओं की आत्मनिर्भरता, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में बबिता सिंह, तुषार अग्रवाल (महाप्रबंधक वाणिज्य), अखिल सिंह, बृजेश सिंह, अभिनेष मिश्रा, सतीश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बकरी के लिए चारा लेने गई नाबालिग के साथ रेप की घटना



**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में बकरी के लिए चारा लेने गई नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आने से क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई है। पीड़िता के भाई की शिकायत पर पुलिस ने गांव के ही एक युवक को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया और पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। दुष्कर्म की शिकार पीड़िता खेतों में बदहवास हालत में मिली थी। जिसके बाद से ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया है। जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर करीब 12:00 बजे थाना उचौलिया क्षेत्र के एक गांव की किशोरी गांव के बाहर खेतों से बकरी के लिए चारा लेने के लिए गई थी। तभी गांव के एक लड़के ने इस घटना को अंजाम दिया। परिजनों के मुताबिक लड़की की उम्र करीब 14 वर्ष है और वह कक्षा 9 की छात्रा है। थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि मामला प्रेम संबंध का है। करीब डेढ़ से 2 महीने से इनका प्रेम संबंध चल रहा है। लड़के के मोबाइल में कई आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं और दोनों ने घटना के समय का भी वीडियो बनाया। आरोपी लड़के को हिरासत में लेकर पॉक्सो समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच अधिकारीः मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी द्वारा की जा रही है। और लड़की को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

## 55790 मतदाताओं का नाम कटा, कई निशाने पर



**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2026 को लेकर जिले में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची को शुद्ध करने का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में डुप्लीकेट मतदाताओं की पहचान की गई है, जिनमें से अब तक 55,790 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। वहीं 31,950 अन्य संदिग्ध डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन के बाद नाम काटने की प्रक्रिया जारी है। जिले की 882 ग्राम पंचायतों में चलाए गए इस व्यापक अभियान में कुल 7,93,464 डुप्लीकेट मतदाताओं को चिह्नित किया गया था। इनमें ऐसे नाम शामिल थे जिनमें नाम, पिता या पति का नाम, माता का नाम और लिंग समान होने के कारण एक ही व्यक्ति का नाम कई बार दर्ज पाया गया। इन सभी मामलों की जांच बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) के माध्यम से कराई जा रही है। सत्यापन के दौरान अब तक 7,05,724 मतदाता सही पाए गए, जबकि 55,790 मतदाताओं के डुप्लीकेट होने की पुष्टि होने पर उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। शेष 31,950 नामों के सत्यापन और हटाने की प्रक्रिया अभी जारी है। निर्वाचन विभाग के अनुसार सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद 15 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

# आय-व्यय का ब्यौरा न मिलने पर सभासदों का हंगामा

**समृद्धि न्यूज़, पलिया कलां।** नगर पालिका परिषद में सोमवार को प्रस्तावित बजट बोर्ड बैठक शुरू होने से पहले ही विवादों में घिर गई। आय-व्यय का पूरा ब्यौरा और पिछली बैठक की कार्यवाही की प्रति न मिलने से नाराज़ एक दर्जन से अधिक सभासदों ने बैठक का बहिष्कार कर विरोध दर्ज कराया। नगर पालिका परिषद पलिया कलां में सोमवार को आयोजित प्रस्तावित बजट बोर्ड बैठक उस समय विवादों में आ गई, जब एक दर्जन से अधिक सभासदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। सभासदों का आरोप है कि उन्हें बैठक के एजेण्डा के साथ पिछले बोर्ड की कार्यवाही की प्रति और बजट से संबंधित आय-व्यय का पूरा विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया। जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद द्वारा 16 मार्च 2026 को बजट संबंधी बोर्ड बैठक आहूत की गई थी। सभासदों का कहना है कि नियम के अनुसार बैठक से पूर्व एजेण्डा के साथ पिछली बैठक की कार्यवाही की प्रति तथा प्रस्तावित बजट का विस्तृत आय-व्यय विवरण भेजा जाना अनिवार्य होता है, लेकिन



इस बार ऐसा नहीं किया गया। इसी को लेकर नाराज़ सभासदों ने नगर पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को संबोधित एक प्रार्थना पत्र देकर बैठक का बहिष्कार करने की घोषणा कर दी। उन्होंने मांग की कि अगली बोर्ड बैठक की नई तिथि तय की जाए और कम से कम एक सप्ताह पूर्व सभी सभासदों को एजेण्डा के साथ आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं। सभासदों ने यह भी कहा कि उपचुनाव के बाद हुई सभी बैठकों की कार्यवाही की प्रतियां तथा प्रस्तावित बजट का पूरा आय-व्यय विवरण उपलब्ध कराया जाए, ताकि बैठक में पारदर्शिता के साथ चर्चा हो सके। चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि जब तक आय-व्यय का पूरा ब्यौरा नहीं दिया जाएगा, तब तक उनका बोर्ड बैठक का बहिष्कार जारी रहेगा। विरोध दर्ज कराने वालों में सभासद गौरव गुप्ता, सुधा गुप्ता, आशुतोष शुक्ला, रशीदा बानो, अल्पना कनौजिया, हसमत अली, पूजा गुप्ता, सावित्री देवी, रवि शंकर यादव, नसरीन, रियाज अली और रजिया सहित एक दर्जन से अधिक सभासदों के हस्ताक्षर शामिल हैं।

# सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत कांशीराम की जयंती पर कांग्रेसियों का संकल्प, सामाजिक चिंतन दिवस के रूप में किया आयोजन

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जिला कांग्रेस कार्यालय पर मान्यवर कांशीराम की जयंती को सामाजिक चिंतन दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के विचारों को याद करते हुए सामाजिक समानता, भाईचारे और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना के लिए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अनुसूचित विभाग के पूर्व अध्यक्ष आलोक प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि पंजाब के रोपड़ जिले में वर्ष 1934 में जन्मे मान्यवर




कांशीराम ने पूरे देश में सामाजिक जागरूकता और परिवर्तन की अलख जगाई। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने वंचित और पिछड़े वर्गों को संगठित कर उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक करने का ऐतिहासिक कार्य किया। आज आवश्यकता है कि उनके आदर्शों और संघर्षों से प्रेरणा लेते हुए समाज में समानता और सम्मान की भावना को मजबूत किया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद महराजगंज के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं अनुसूचित प्रदेश सचिव चंद्रजीत भारती ने की। उन्होंने कहा कि कांशीराम का जीवन संघर्ष और सामाजिक समर्पण का प्रतीक है। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन अनुसूचित जिला अध्यक्ष राम नारायण प्रसाद ने किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने समाज में आपसी भाईचारा, एकता और बंधुत्व की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# राह आसान, कसमरिया नहर के क्षतिग्रस्त पुल के पुनर्निर्माण का हुआ शिलान्यास

**समृद्धि न्यूज़ महराजगंज।** सदर विधानसभा क्षेत्र के मिठौरा विकास खंड अंतर्गत कसमरिया नहर पर स्थित क्षतिग्रस्त पुल के नवनिर्माण की राह आसान हो गई है। सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने पूजन-अर्चन कर पुल निर्माण का शिलान्यास किया। पुल निर्माण की शुरुआत से क्षेत्रीय लोगों में खुशी है।कसमरिया नहर पर बना यह पुल लंबे समय से जर्जर हालत में था, जिससे लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी थीं। क्षेत्रीय लोग लंबे समय से इसके पुनर्निर्माण की मांग कर रहे थे। विधायक कन्नौजिया ने कहा कि शासन स्तर पर पहल कर पुल निर्माण की स्वीकृति दिलाई गई है। पुल बनने से आसपास के कई गांवों के लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य



कर रही है। डबल इंजन की सरकार गांव-गांव तक सड़क, पुल, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड प्रथम, सिंचाई विभाग के अवर अभियंता, मंडल अध्यक्ष अशोक पटेल, मंडल महामंत्री राधेश्याम कन्नौजिया, छोटे लाल पटेल, वरिष्ठ नेता राजेंद्र पटेल, राकेश अग्रहरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।